GUNADOOT KAVYAM OF NILAKANTHA KAVI

Ed.
Shipra Pareek

Gunduta Kavya

an unknown work of
Kavi Nilakantha Shukla

Edited and translated into Hindi
by
Shipra Pareek

Foreword by
Gopal Narayan Bahura

Published by
Shabda Mahima Prakashan
Jaipur

कवि नीलकण्ठ कल्पितं

गुणदूतकाव्यम्

लेखिका, सम्पादिका च

शिप्रा पारीक

प्राक्कथन लेखक

गोपाल नारायण बहुरा

शब्द महिमा प्रकाशन

प्रकाशितम्

जयपुरम्

१९९६

© : लेखक

संस्करण : १९९६

प्रकाशक : **शब्द महिमा प्रकाशन**
गलता रोड
जयपुर

प्रधान विक्रेता : **शरण बुक डिपो**
रामगंज की चौपड के पास
जयपुर

अक्षर संयोजन : **लेजर ब्रिज**
शाहपुरा हाउस
चांदपोल बाजार, जयपुर

मुद्रक : **गौरव आफसेट प्रिन्टर्स**

जयपुर

विषय सूची

Foreword i-xi

दो शब्द xii-xiii

परिचयात्मक भूमिका

प्रथम अध्याय-

काव्य का स्वरूप एवं उसके भेद 1-10

द्वितीय अध्याय-

गीतिकाव्य 11-19

तृतीय अध्याय-

संदेश अथवा दूतकाव्य 20-43

चतुर्थ अध्याय

कवि नीलकण्ठशुक्ल एवं उनकी कृतियां 44-48

गुणदूतकाव्य का सार संक्षेप 48-56

संदर्भ ग्रन्थ सूची 57-58

दूत काव्यों की अनुक्रमणिका 59-60

गुणदूतकाव्यम् 61-108

पद्यानामनुक्रमणिका 109-115

Foreword

It was most likely that a manuscript of *Gunaduta Kavyam* (GD) could be available in the Khas Muhar collection of the Pothi khana of Jaipur. The poem contains a poetic appeal by the author Nilakantha Kavi, a resident of Bradhnapur, to support him. It is addresed to Kumar Ram singh, son of Mirza Raja Jai singh of Amber.

Poet Nilakantha was a pupil the famous Sanskrit grammarian Bhattoji Dikshit. He had studied rhetorics with Mandan Bhatta and acquired proficiency by dint of his own talent. He became known as a composer of romantic and devotional poems. His father's name was Janardana Shukla and his maternal grand father was known as Vachchhacharya.[1] His mother's name was Hira. The following works composed by Nilakantha have come to the notice of scholars uptil now -

(1) श्रृंगारशतकम्,	a poem composed in 1631 A.D.
(2) शब्दशोभाव्याकरणम्,	a Sanskrit grammar work in 1637 A.D.
(3) चिमनीचरितम्,	a love poem in 1656 A.D.
(4) ओष्ठ (अधर) शतकम्,	a poem in praise of a young lady's lower lip 1661 A.D.
(5) जारजातशतकम्	a poem on plagiarism

The poet has mentioned about अधरशतकम् besides his another devotional poem जगन्मंगलास्तोत्रम् in the present work गुणदूतकाव्यम् which has remained hitherto unknown.

Nilakantha was a perfect devotee of शिव and Parvati and began his every poetical work by invoking the progenitors of the universe (जगत : पितरौ) with the benediction जयति जयन्तीपतिर्जगति, the spouse of जयन्ती Parvati hails above all. About 1715 V.S. he was reduced to such a miserable state of poverty that he could not afford even

---

1. According to N.A.Gore वत्साचार्य or बच्छाचार्य is an abbreviation of मालवीयवत्सगोत्रीय राघवाचार्य as it appears on the manuscript of अधरशतकम् (Calcutta ms). This proves his being a resident of Malwa (M.P.)

to have a proper dress to put on and appear in the princely court. A महापात्र (minister), who was his friend and wellwisher, advised him to approach prince Ram singh, who was the best and highest donor and supporter of the learned in that age. He, therefore, imagined to make his own poetic talent his messenger to convey his request to the prince at Amber. It was for this purpose that he composed the present *kavya.*

It is not unlikely that the poet himself might have come to Amber because besides the important & beautiful and historical places, villages and towns which fell on the way, he gives a picturesque description of Ambikeshvara Mahadeva, Shyambagh, the royal court and the names and virtues of the learned persons and poets who attended the prince's assembly . It would not have been possible to give such a detailed information about the pandits and poets without personal contact.

Kumar Ramsingh was an erudite prince who had attained celebrity for his learnedness, love for learning and benevolence extended to soholars and poets of high merit. He was born in 1692 V.S. and was only 23 years of age when the poet Nilakantha being attractted by his fame in 1715 V.S. directed his own poetic diction to carry his message to him at Amber

Nilakantha himself speaks of the prince's stricking handsomeness, clarity of speech, perfect knowlege of *Panini's* grammar and aptitude for understanding the beauties of poetry. He always enjoyed the company of distinguished scholars and poets. His literary circle was like the *sudharma sabha* of Indra, the king of the gods.

"तैस्तै: सभ्यजनै: श्रिया विलसितैर्या सुधर्मोचितां" (GD 115)

The poems recited there were all of *sudharmasabha* -standard. Another poet Vishvanath Chitpavan Ranade, a contemporary of Ramsingh also describes in his *'Sringar vapika natika'* and *Ramavilasa kavya*

अहो विविधमंगला लसदन्तकेतुप्रभा
प्रभूतकविसंकुला बहुविधैर्बुधैरुज्वला ।
दिवं हसति यत्सभा सकलशास्त्रसाहित्यवाग्-
विचारमुदितान्तरैर्द्विजपतिव्रजैरञ्चिता ॥ RVK. 23

'Oh ! look at the assembly of prince Ramsingh adorned with bright flags (buntings) inside. It is full of poets, wise men and scholars of various branches of learning. It is rich with a host of the twice- born who are pleased and satisfied with the discourses held on all the *shastras* and literature. The assembly mocks at the heavens.'

Even in the time of his great grandson Savai Jaisingh he is praised by Shri Krishna Bhatta kavi for his cultural and literary inclinations-

काव्यालापकलापकलनाकौतूहलोत्कर्षक:
प्रोद्यन्नाटकसाटकप्रहसनाख्यानप्रबन्धोत्सुक: ।
श्रीरामायणभारतादिविलसत्पौराणवाग्विस्तर-
क्षीराम्भोनिधिराजहंसरुचिर: श्रीरामसिंह : प्रभु: ।। IVK. 42

'He always excited curuosity through poetic discussions on various kinds of dramas, such as *nataka, sataka, prahasana, prabandhas* and stories etc. He was like a swan *(rajahamsa)* who picked up the preious gems from the milky ocean of literature contained in the *Ramayan* and *Mahabharat.'*

The statement of Nilakantha kavi about the prince's proficiency in Panini's grammar is proved by his two grammatical works *Dhatumanjari padadipika* and *Rupa manjari padadipika,* oroginal copies of which are preserved in the Pothikhana of Jaipur.

One more work in Sanskrit *Rajopayogini paddhati* setting daily rituals to be performed by a king is ascribed to his authorship. He had compiled it after consulting the

laws of Manu and other *smritis* and also conmentaries on them as he says :

दृष्ट्वा भाष्यं निबन्धांश्च मन्वादींश्च स्मृतीरपि ।

पद्धती रचिता सेयं नाम्ना राजोपयोगिनी ।

A copy of this work was prepared by Ramnath Pandit at Jamrud (in N.W. Frontier) where Ramsingh was posted in the year 1741 V.S.

An anthology of *bhasa* poems captioned as *Chhavitaranga* stands as testimony to his love for Hindi poetry.

Eminent poets and scholars in whose company he carried on his literary pursuits were Vireshvara Mishra, a doyen of all *shastras,* Shankar Bhatta, son of Anant Bhatta and author of *Vaidyavinoda,* Yajneshvara Dikshit, who composed *Ramasimhiya vrttamayukhamala,* Raghava Bhatta, the author of *Hastakaratnavali,* Vishvanatha Chit tapavan Ranade, the author of *Ramvilasa Kavya* and *Shringara vapika* etc, Nilakantha *alias* Shrikantha, who composed *Ramsingh Kirtichandrodaya* and Nilakantha Shukla, the author of the present work. Harijivan Mishra, son of Lila Mishra was responsible for the creation of many poems and *natakas*. He, perhaps taught prosody to Ramsingh as is evident from a note on the manuscript of *Pingala hamir* in P.K.

Along with these Sanskritists there were top Hindi poets who adored his father's court and afterwards his own. They were the great poet Behari kavi, his nephew Kulapati Mishra, Krishnajivan, Khadgasen, Dunarai, Nandana, Prananatha Shrotriya, Ramachandra Dube, Rupa kavi and others.

Some poets were employed to teach poetry and the art of poetry to the ladies of the king's harem. These ladies used to write poetical letters to Ramsingh when he was posted at far.

Ramsingh was a religious person and straightforward also. He is said to have embraced the cause of Shivaji and suffered a sort of punishment being posted at *Rangamati* a perilous district in Assam. But there too he continued giving away gifts, land and gold to the needy and poor persons. Vishwanath Ranade says :

येन श्रीब्रह्मपुत्राभिधनदपुलिने स्वर्णपृथ्वीप्रदानं

चक्रे यस्मिन् द्विजास्तेऽप्यतिधनिन इह क्ष्मान्तरेष्वभूवन् ॥(RVK.24)

'There on the banks of Brahmaputra river he gave away gifts of gold and land to the *dvijas* who became rich even in that far off land.'

It was, therefore, quite in the fitness of things that poet Nilakantha made a request for help in his paltry penury condition to the generous, learned and interested prince.

Ramsingh was very fond of collecting valuable manuscripts on various subjects especially poems. It seems that he kept his own collection apart from the state collection of Amber, looked after by one Uddhavdasa whose seals dated 1059 Hijri are visible on the manuscripts. Ramsingh's manuscripts bear his own seal dt. 1718 V.S. with the inscription राम, and an effigy of a lion and स्य making रामसिंहस्य, Afterwards when he became king both the collections were amalgamated which came to Jaipur when Savai Jaisingh established the Pothikhana at his new capital. All these manuscripts formed the Khasmuhar section of the Pothikhana. Poet Nilakantha's *Gunaduta Kavya* was located in this collection.

It is not noted whether the poet himself came and presented the work personally or he sent it through some messenger. But it is there. It is also not known whether some awards were made to him.

In appreciation of the poet it can be said that he was a man of devotional and romantic disposition. He instructs

his messenger to visit all the Shiva temples on his way and to offer prayers to the deity. Also he should do it daily at the time of early rising in the morning. His romantic disposition makes him describe the overtures of love and inviting tricks of the beautiful ladies whom he would come across in the towns and villages. At the same time he warns him at every step not to fall a victim to the god of love. The messenger is directed to visit the Bankey-behari temple, just after his start and to watch the dancing girls who gave performance there every evening. The description of the thieves being scolded in the public courtyard is terrifying. The use of the words सटाक्/ सटाक्/ is noticeable. The story told by the inhabitants of the Budhawar town about the desecration of Giridhar's temple on the river bank by the *yavanas* (muslims) and the sacrifice of the *kshatri*ya chief who laid down his life fighting with the assailants, should be discerned from local history. The poet warns his envoy not to give heed to the coquittish gestures of the prostitutes residing in a colony on the outskirts of the town. Here also he makes him aware that even if he is hurt by the arrows of their side glances and bowlike eyebrows (भ्रूचापयुगलदृगन्तविशिखैः) he should pray to the three eyed god (त्र्यक्षस्य कुर्याः स्तुतिम्) because He alone save the pious ones from such troubles. While proceeding for *Ambamata's* temple the messenger would come across a beautiful garden of Hasan, a muslim noble, where ladies used to come for entertainment in carriages from Bradhnapur. He might be delayed due to the passage being crowded with the carts. But the description of the moving carts and the ladies suffering jerks due to the uneven path gave out a सीत्कार is lively.

Ambika's snowwhite temple standing on a pedestal would be visible from a distance. It was constructed by one Premraj. The envoy having a *darshan* of the deity should offer his prayers. Here the poet refers

to his another composition of a hymn to Ambika जगन्मंगलास्तुति (not mentioned by prof. Gode and Aufrecht.) He says ऊकारास्या: स्तवनं मया विरचितं नाम्ना जगन्मंगलम्. The second syllable उ in प्रणव is the name of शिव । उकारा is पार्वती or जगदम्बा ।

The description of a stepwell of Khardipur is interesting in that it is a halting place for the travellers coming from Bradhnapur. The envoy would then proceed and reach the valley of Aser where he could taste the sweet fruits of seven pomegranate trees for refreshment and have a *darshan* of *Ashapura Devi.* (wish fulfilling goddess). The poet again cautions his *duta* not to be led away by the sewing ladies who attract the passers by. Here the poet uses the words पट and गुण in श्लेष (pun) which is noteworthy. His fancy that the lustrous fame of the crest-jewel of *kachchhapa* dynasty spreads all over and so it becomes difficult to ascertain the correct time and direction, is remarkable.

Akbarpur village is situated on the banks of peace-giving Narmada river. Here the messenger is advised to perform the *puja* of Shiva with बिल्वपत्र and to recite the prayer composed according to the five leters (नम: शिवाय) . Every pebble found in this river represents Gangadhar (शिव)

The poetic conciet about the vast reservoir at Depalpur which claims rivalry with the ocean and in which the *Mainaka* mountain contemplates to take shelter fearing god Indra who had chopped off the wings of mountains and vanquished the *asura* (demon) Jambha, is quite attracting. From Depalpur the envoy would proceed for Ujjaini where the holy spot *pishachamochana* contends to free all visitors and pilgrims from sins in *Kali* age (62)

Nilakantha's description of *Ujjaini, Shipra* and *Mahakala* is not so elegant as that by Kalidas in *Meghaduta*

slill he directs his envoy to have a dip in the holy waters of *Shipra*. By doing so the fear of rebirth disappears.

The envoy is further advised to worship *Mahakala,* the supreme lord of the universe whose grace was not lost in the least even when the *mlechhas* desecrated the shrine. He should carry a couple of pitchers filled with Shipra-water on his shoulders for the abbution the idol. If he was unable to do it himself he might engage some body to do it for him. Here again his romanticism urges him to warn his envoy not to be led away at the sight of the ladies carrying water from Shipra otherwise Cupid would load him with two pitchers (breasts of a lady).

He then gives him the address of his student Nathu's house for his night- halt in Ujjain.

Next morning he would resume his journey for Mandsor *via* villages Pippala and Hingor. At Mandsor he would see a *kamala* in every house. He would be confused to see them as Narada was when Krishna showed him *kamala* every where. Here the poet again displays his skill by using pun in the word *sneha* (oil and love) while describing a young lady busy in selling oil.

Passing throngh Lakhamadhi, Badali, Vikrampur and Shata-skhambhapur the envoy would reach Chitrakuta (Chittor) where he would be thrilled to hear the tales of the chivalrous deeds of the gem of Rana Khuman's dynasty. Having spent the might there he should proceed to Boodhagram and Vanahatta nagar (Baneda) where the fair ladies of every house are expert in the practice of magic and charm. Then visiting Pushpagram (Phoolpura), Tekadi, Phagoi (Phagi) and Malpura, the merchantile centre, the messenger would reach Sanganer where even *kamala* (Laxmi) feels allured to learn the charm of casting glances from the damsels. Also he would enjoy the view of the florist girls on either side of the road. Needless to say that they fetch higher

prices for their garlands on account of their cheerful looks. Also the deer- eyed dyer women are expert in painting many kinds of figures on the sketches drawn on the plain pieces of cloth.

Starting from Sanganer the 'poetic intellect' is directed by Nilakantha to take up a direct and easy route to Amber. There the descriptions of the garden on the outer skirts of the city, the presiding Deity (lord *Ambikeshwara*), the bazars, lofty royal palaces all follow poetic traditions to some extent but not without a touch of fancy and flight of imagination. It is Nilakantha who imagines the swarms of black bees as the hosts of *bhils* and the visitors are frightened to hear their noise. The royal flag of Amber bore the effigy of Sun-god in his chariot drawn by seven horses. When the god passed by the elevated palaces it appeared as if there were two similar flags hoisted on them. The big elephants painted on the high walls distressed the horses of sun's chariot as they were frightened at the sight of the elder brother of *Garuda* (*Aruna*, the driver of Sun's chariot.) The description of the *Shyamodyana* (Shyam- bagh) is enchanting. The beauty and performance of the *Ramjanis* (dancing girls) is superb. They are like the damsels of heaven with winking eyes. The garden excelled Indra's garden in heaven.

The poet (NK) then tells about the noted pandits, poets and dramatists of Amber- court. Shri Vireswara Mishra was proficient in all shastras. His house always resounded with discussions on *mimamsa, vedanta, the vedas, Patanjala's yoga system, Kapil's Sankhya* system and *Kanada's Vaisheshika* philosopy and various other Brahmana texts. Vireshwara Mishra was the senior most of all the *rsis* of the time. All branches of knowledge came to him by themselves as all the rivers flow down to the sea. Even Vishnu and the goodness of wealth resided in his house.

Nilakantha, then mentions Shankar Bhatta, a physician, Shivarama, Harijivan Mishra, and Prananatha Shrotiya etc. who adored the court of Mirza Raja Jai Singh and the assembly of *kunwar* Ram Singh.* The description of the court and the assembly is mostly based on poetical traditions but not without the poet's own diction and imaginaries. The envoy then presents himself before the prince , conveys the request of the poet and leaves the decision for himself. The poem ends here and it is not known what happened next.

Gunaduta Kavya is a narrative poem composed in the style of *Meghaduta* of Kalidas but it is not a love poem dealing with the separation of lovers. Separation is there but it is of the poet and the riches necessary for a care-free living.

As already said, there is not much artificiality in this *kavya* but the proper use of the figures of speech such as उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, भ्रान्तिमान, व्यतिरेक, अत्युक्ति, काव्यलिंग, समासोक्ति and अर्थानतरन्यास is noteworthy. He refutes the objection that there is no real truth in the compositions of the poets. He says, what is wrong if a poet expresses as he feels. One cannot pay in full for the immortalising poetry. Also there is much material in this poem to be acquainted with the religious, social and economic conditions of those times. The itinerary of the route from Bradhnapur to Amber bears geographical evidence. The royal courts were full of pomp and glory but the scholars and poets were duly honoured and rewarded. Daily worship of the detites was a routine. The thieves and culprits were punished with severity. The *kshatriya* chiefs did not hesitate in laying down their lives to face the atrocities of the muslim

---

* . Manuscript copies of the works by these poets, scholars and physicians are available in the **Khasmuhar** collection of Pothi- khana of Jaipur as mentioned in the 'Literary Heritage of the Rulers of Amber and Jaipur' published by Maharaja Sawai Mansingh II Musuem, Jaipur, 1977.

influencials who used to set the Hindu temples on fire now and then. Yet the trade and art were flourishing in the towns. Trade was carried on large scale by means of big vessels also. The women folk practised the art and occupation of sewing, stitching, dying, garland-selling and oil-selling etc. The dancing girls were called *ramajanis* (the maids of Ram). They gave their performances of dancing and singing in the temples as also in the royal courts. Witch-craft, magic and charm was also practised by women in some villages. Bullock carts were commonly used as conveyance for ladies observing *purdah* while going for outing. The gardens were rich with fruit-trees and flowers. Thus there is ample for the study of social and cultural conditions in the middle age in India.

I am happy that my grand- daughter Mrs. Shipra Pareek picked up this poem for preliminary study and to present her work on it for her M. Phil examination, 1994 under the able guidance of her mentor Prof. (Dr.) Hariramji Acharya. Later, when Shri S.S. Natani of 'Shabda Mahima Prakashan, Jaipur' expressed his dersire to publish it, she revised and re-wrote the whole matter. Her spouse Shri Omprakashji Pareek, Sahitytacharya also helped her in the task. I offer my blessings to the couple and thanks to the interested publisher for accomplishing this work with proper care.

15-7-95
Jaipur-302 015

Gopalnarayan Bahura

दो शब्द

कवि नीलकण्ठ कृत गुणदूत काव्य की सूचना मैने सवाई मानसिंह संग्रहालय के 'लिटरेरी हैरिटेज आफ दी रूलर्स ऑफ आम्बेर एण्ड जयपुर' सूचीपत्र से प्राप्त की। संग्रहालय के निदेशक श्री यदुवेन्द्र सहाय जी की कृपा से मुझे यह कृति देखने को मिली। तत्पश्चात् उन्होंने मुझे इसकी फोटो कापी भी उपलब्ध करवा दी। मैंने इस विषय को अपनी एम.फिल. परीक्षा के चतुर्थ पत्र के लिये चुन लिया।

कवि नीलकण्ठ रचित गुणदूत लघु काव्य एक अज्ञात अथवा स्वल्पज्ञात कृति है क्योंकि इसका उल्लेख पोथीखाना के सूचीपत्र के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं भी नहीं मिला।

गुणदूत काव्य संस्कृत दूतकाव्य परम्परा की ही एक कड़ी है। इस काव्य में ब्रध्नपुर से आम्बेर नगरी तक का सुन्दर पथवर्णन मिलता है। आमेर की राजसभा तथा पंडितों का वर्णन बड़ा ही रुचिकर और प्रभावोत्पादक है।

मैंने इस कृति को लेकर जब गुरुवर्य प्रोफेसर डॉ. हरिराम आचार्य जी को दिखायी और इस पर कार्य करने की रुचि प्रकट की तो उन्होंने कृपापूर्वक स्वीकृति प्रदान कर दी तथा यथेष्ट मार्गदर्शन भी किया।

मैंने इधर उधर कुछ निजी संग्रहों में नीलकण्ठ कवि और उनकी कृतियों पर शोध लेख भी पढ़े। इनमें गुणदूत काव्य विषयक तो कोई सूचना नहीं मिली परन्तु कवि की अन्य रचनाओं की सूचना और उनके निजी परिवार के वृत्तान्त आदि अवश्य प्राप्त हुये।

इसी सामग्री के आधार पर मैंने यह लघुशोध निबन्ध तैयार किया। पद्यों के अर्थ लिखने में मुझे गुरुवर्य श्री हरिराम जी ने यथेष्ट सहायता दी और मार्गदर्शन किया। तदर्थ मैं उनके प्रति श्रद्धा एवं आभार प्रकट करती हूँ। इसके अतिरिक्त मैं उन सभी गुरुजनों के प्रति भी आभारी हूँ जिन्होंने समय समय पर मेरी सहायता की। इस प्रकार मैंने यह शोध-निबन्ध एम.फिल के चतुर्थ पत्र के रूप में प्रस्तुत कर दिया और सफल भी हुई।

इसके अनन्तर 'शब्दमहिमा प्रकाशन' के अधिष्ठाता श्री सियाशरण नाटाणी जी ने इसको देखकर अपने संस्थान से प्रकाशित करने में रुचि प्रकट की। एतदर्थ मैंने इसकी आवृत्ति और पुनर्लेखन किया जिसमें आवश्यक परिवर्तन और परिवर्धन भी करना आवश्यक हुआ।

इस कार्य में मेरे पतिदेव श्री ओमप्रकाश जी पारीक साहित्याचार्य ने भी सहायता की और मेरे पितामह पं. श्री गोपालनारायण जी बहुरा ने अंग्रेजी में प्राक्कथन लिखकर इसकी उपयोगिता बढ़ायी है। एतदर्थ मैं इनको प्रणामाञ्जलि अर्पित करती हूँ। प्रकाशक श्री नाटाणी जी भी मेरे धन्यवाद के पात्र हैं।

श्रीनीलकण्ठकविना कृतं यत्, काव्यं सुललितं गुणदूतसंज्ञम्।
हिन्द्यां हि सुगमं कृतमर्थमेवं, शिप्राऽस्म्यहं श्रीहरिरामशिष्या।

जयपुर; **शिप्रा पारीक**

श्रावणी पूर्णिमा, 2052 वि.

नीलकण्ठविरचित "गुणदूत- काव्य"

(अनुवाद एवं व्याख्या)

परियचात्मक-भूमिका

प्रथम अध्याय

काव्य का स्वरूप एवं उसके भेद

संस्कृत साहित्य में दूतकाव्य अथवा सन्देश- काव्य के स्वरूप तथा परम्परा को जानने से पूर्व "काव्य की परिभाषा जानना अत्यावश्यक है। इसके लिये काव्य के लक्षण पर विचार करना अनिवार्य है।"

काव्य- लक्षण

"काव्य क्या है इस विषय में प्राचीन काल से चिन्तन होता आया है। "कवेरिदं कर्म काव्यं" यह सर्वसम्मत मत तो है परन्तु कवि का सभी कर्म तो काव्य नहीं हो सकता। अतएव काव्य कविकर्म, कवित्व के आधार, कवि की सृष्टि, कला में अभिव्यक्ति एवं कवि की कोटियां इत्यादि से सभी प्रकार सम्बद्ध है।"

सर्वप्रथम ध्वनिकार आनन्दवर्धन ने यह सिद्ध किया कि कवि-कर्म ही काव्य है। काव्य के अनेक लक्षण भिन्न-भिन्न विद्वानों ने "मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना" इस सूक्ति के अनुसार विभिन्न प्रकार से दिये हैं।

(१) सागर विश्वविद्यालय के डॉ. भगीरथ मिश्र ने अग्निपुराण की काव्य-परिभाषा को सबसे प्राचीन माना है। अग्निपुराण में काव्य को शास्त्र इतिहासादि से भिन्न बतलाते हुये उसको इस प्रकार स्पष्ट किया है-

संक्षेपपाद्वाक्यमिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली।

काव्यं स्फुरदलङ्कारं गुणवद्दोषवर्जितम्॥

अर्थात् जिसमें संक्षिप्त वाक्यों द्वारा अभीष्ट अर्थ की व्यञ्जना हो, अविच्छिन पदावली हो तथा जो अलंकार और काव्यगुणों से युक्त तथा दोषों से रहित हो, उसी रचना को काव्य कहेंगे।

काव्यशास्त्र को शास्त्र के रूप में संज्ञा सर्वप्रथम भरत मुनि ने दी है। भरत मुनि के अनुसार "रसमयी, सुखबोध्या, मृदुललित पदावली को काव्य कहते हैं। भरत मुनि की यह परिभाषा अपने आप में पूर्ण प्रतीत होती है। उन्होंने निःसंदेह ऐसी पदावली को महत्त्व दिया है, जो (भावपक्ष) में रसमयी हो तथा कलापक्ष में लालित्यपूर्ण हो। अतः स्पष्ट है कि भरत मुनि काव्य में भावपक्ष और कलापक्ष दोनों को समान स्थान देने के पक्षपाती हैं।

भरत मुनि के पश्चात् भामह और दण्डी ने काव्य की परिभाषा को एकांगी बना दिया और उनकी दृष्टि कलापक्ष तक ही केन्द्रित होकर रह गयी। भामह ने "काव्यालंकार" में शब्द और अर्थ को महत्त्व देते हुये कहा है-

"शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्।"[१]

अर्थात् शब्द और अर्थ का संयोग काव्य है। भामह के काव्य-लक्षण का अभिप्राय यह है कि जिस रचना में वर्णित अर्थ के अनुरूप शब्दों का प्रयोग हो अथवा शब्दों के अनुरूप अर्थ का वर्णन हो, ये शब्द तथा अर्थ ही "सहितौ" पद से लिये जाते हैं, उसे ही शब्द और अर्थ का साहित्य कहा जाता है।

रुद्रट ने एक प्रकार से भामह की परिभाषा को दोहराते हुये कहा है-

"ननु शब्दार्थौ काव्यम्"।[२]

दण्डी का काव्य-लक्षण इस प्रकार से है-

"शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली।"[३]

इष्ट अर्थात् मनोरम हृदयाह्लादकारी अर्थ से सम्पन्न पदावली (शब्द समूह अर्थात् शब्द और अर्थ दोनों मिलकर) ही काव्य का शरीर है।

काव्य की आत्मा को पुरस्कृत करने का सबसे प्रथम प्रयत्न वामन ने किया है। उन्होंने काव्य के शरीर की चिन्ता न करके उसके आत्मा का

1. भामह, काव्यालंकार १, १६
2. रुद्रट, काव्यालंकार २.१
3. दण्डी, काव्यादर्श १.१०

अनुसन्धान करने में ही रुचि प्रदर्शित की है। उनके "काव्यालंकार" ग्रन्थ का प्रसिद्ध सूत्र है "रीतिरात्मा काव्यस्य" अर्थात् वे रीति को काव्य का आत्मा स्वीकार करते हैं। वामन ने काव्य की परिभाषा इस प्रकार की है-

"काव्यशब्दोऽयं गुणालंकारसंस्कृतयोः शब्दार्थयोर्वर्तते।"[१]

अर्थात् गुणों और अलंकारों से भूषित शब्द और अर्थ के लिये काव्य शब्द का प्रयोग किया जाता है।

कुन्तक वक्रोक्तिवाद के प्रणेता माने जाते हैं। उन्होंने वक्रोक्ति को ही काव्य का मूल बताया और काव्य को इस प्रकार परिभाषित किया-

शब्दार्थौ सहितौ वक्रकविव्यापारशालिनि

बन्धे व्यवस्थितौ काव्यं तद्विदाह्लादकारिणि॥[२]

अर्थात् काव्य- मर्मज्ञों के लिए आह्लादकारक सुन्दर कवि के वक्र व्यापार से युक्त रचना में व्यवस्थित शब्द और अर्थ मिलकर काव्य कहलाते हैं। कुन्तक ने अपने पूर्ववर्ती सभी काव्य-शास्त्रियों के काव्य लक्षण का स्वारस्य अपने लक्षण में भरने की सफल चेष्टा की है।

इनके पश्चात् ध्वनिवादी आचार्यों का युग आता है। आचार्य आनन्दवर्धन ने ध्वनि को काव्य का आत्मा बताया। उनके मत में ध्वनि ही काव्य का जीवन-प्रतिष्ठापक तत्व है। उसके बिना सुन्दर शब्द तथा अर्थ भी निर्जीव शरीर के समान हेय हैं। ध्वनि- रूप आत्मा की प्रतिष्ठा होने पर ही शब्दार्थ में काव्यत्व के दर्शन हो सकते हैं, अन्यथा नहीं। आनन्दवर्धन ने ध्वन्यालोक में एक स्थल पर काव्य के लक्षण की ओर इस प्रकार संकेत किया है-

"सहृदयहृदयाह्लादि शब्दार्थमयतत्वमेव काव्यलक्षणम्"

अर्थात् जो शब्द- अर्थ सहृदयों के हृदयों को आह्लादित करते हैं, उनसे निर्मित होना ही काव्य का लक्षण है।

काव्यप्रकाश के रचयिता मम्मटाचार्य ने काव्य का लक्षण इस प्रकार दिया है।

---

1. वामन- काव्यालंकारसूत्रवृत्ति १.१.१-३
2. कुन्तक- वक्रोक्तिजीवितम् १.७

"तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि" ॥[१]

अर्थात् दोषरहित तथा गुणयुक्त शब्द और अर्थ का सामञ्जस्य ही काव्य है, उसमें अलंकारों का होना आवश्यक नहीं है। मम्मट ने अपने काव्य-लक्षण में शब्दार्थौ पद के तीन विशेषण दिये हैं-

(१) अदोषौ,

(२) सगुणौ और

(३) अनलंकृती पुनः क्वापि।

मम्मट के मत से उपर्युक्त तीन विशेषणों से विशिष्ट शब्द तथा अर्थ की समष्टि का नाम ही काव्य है।

मम्मट के काव्यलक्षण की आचार्य विश्वनाथ, पण्डितराज जगन्नाथ और जयदेव ने आलोचना की है परंतु मम्मट द्वारा प्रस्थापित लक्षण से उन सभी आक्षेपों का खण्डन अपने आप हो जाता है। वास्तविक स्थिति तो यह है कि मम्मट का काव्य-लक्षण बड़ा परिमार्जित तथा समन्वयवादी है। दोषरहित एवं गुणसहित काव्य ही वास्तव में सहृदयों का हृदयरंजन करने में समर्थ हो सकता है, आचार्य मम्मट ने काव्य को यह तत्व देकर बड़ा ही उपकार किया है। "अनलंकृती पुनः क्वापि" कहकर उन्होंने काव्य में अलंकार की अनिवार्यता को भी समाप्त कर दिया है। यही मम्मट के काव्यलक्षण की विशेषता है।

साहित्यशास्त्र के इतिहास में क्षेमेन्द्र अपने औचित्य-सिद्धान्त के लिये विश्रुत हैं। वे औचित्य को ही काव्य का जीवित (प्राण) स्वीकार करते हैं। क्षेमेन्द्र "कविकण्ठाभरण" में काव्य का लक्षण इस प्रकार करते हैं "काव्यं विशिष्टशब्दार्थसाहित्यसदलंकृति" अर्थात् शब्दार्थगत सलदंकृत (भली भाँति अलंकृत) काव्य ही श्रेष्ठ है।

साहित्य-दर्पणकार आचार्य विश्वनाथ ने रस को काव्य का आत्मा स्वीकार करते हुये काव्य की परिभाषा इस प्रकार की है-

"वाक्यं रसात्मकं काव्यम्" अर्थात् रसात्मक वाक्य को काव्य कहते हैं।[२] इस प्रकार विश्वनाथ कविराज की दृष्टि से रसात्मक अर्थात् लोकोत्तर आनन्द प्राप्त कराने वाले वाक्य को काव्य कहते हैं।

---

1. मम्मट- काव्यप्रकाश १.४
2. विश्वनाथ- साहित्यदर्पण १.३

रसगंगाधर के कर्ता पण्डितराज जगन्नाथ ने काव्य का लक्षण इस प्रकार किया है- "रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।"[१] अर्थात् रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला शब्द ही काव्य है।

जयदेव ने अपने "चन्द्रालोक" में काव्य का लक्षण इस प्रकार किया है-

निर्दोषा लक्षणवती सरीतिर्गणभूषणा।

सालंकाररसानेकवृत्तिर्वाक् काव्यनामभाक्॥[२]

अर्थात् पद, पदांश, वाक्य, वाक्यार्थ रसाऽभासादि काव्य के दोषों से शून्य, अक्षरसहंत्यादि लक्षणों से युक्त, पांचाली आदि काव्य की रीतियों से भूषित, प्रसाद आदि गुणों से सुशोभित, शब्दार्थगत अनुप्रास- उपमादि अलंकारों से चमत्कृत श्रंगारादि रसों से युक्त, तथा शब्द वृत्तियों से सम्बन्धित वाणी को काव्य कहते हैं।

काव्यमीमांसाकार राजशेखर के अनुसार काव्य की परिभाषा इस प्रकार है-

"गुणवदलंकृतं च काव्यम्"[३] अर्थात् गुणयुक्त, अलंकार युक्त और निर्दोष वाक्य ही काव्य होता है।

भोजराज ने "सरस्वतीकण्ठाभरण" में काव्य का लक्षण बताते हुए इस इस प्रकार कहा है।-

"निर्दोषं गुणवत्काव्यमलंकारैरलंकृतम्।

रसान्वितं कविः कुर्वन् कीर्तिं प्रीतिं च विन्दति॥[४]**"**

अर्थात् दोष से रहित गुणों से युक्त, अलंकारों से अलंकृत और रसयुक्त काव्य करने वाला कवि कीर्ति और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है।

काव्य के स्वरूप अथवा लक्षण के सम्बन्ध में भिन्न भिन्न काव्य-शास्त्रियों व आचार्यों द्वारा दिये गये सभी मतों का सार इस प्रकार किया

---

1 पण्डितराज-जगन्नाथ- रसगंगाधर

2. जयदेव- चन्द्रालोक १.७

3. राजशेखर- काव्यमीमांसा, अध्याय ६

4. भोजराज- सरस्वतीकण्ठाभरण

जा सकता है- "प्रकृति के विभिन्न अवयवों से प्रभावित हृदय द्वारा उदात्त भावों, समुन्नत एवं सुकोमल विचारों का सरल एवं सुन्दर शब्दों में प्रतिपादन ही काव्य है।" जिन काव्य-शास्त्रियों ने वास्तव में काव्य लक्षण को परिष्कृत एवं परिमार्जित करने में अपना अमूल्य योगदान दिया है वे सभी सहृदय रसिक जनों के अभिनन्दनीय हैं। संस्कृत के सभी काव्य-शास्त्रियों में मम्मट का काव्यलक्षण सबसे अधिक प्रतिष्ठित हुआ है।

काव्य के भेद

काव्य भेदों पर भी भारत में प्राचीन समय से ही विचार-विमर्श होता रहा है। प्राचीन काल से लेकर आज तक आचार्यों ने विभिन्न दृष्टिकोणों से काव्य-भेदों पर अपने विचार प्रकट किये हैं।

सर्वप्रथम काव्य रूपों पर वैज्ञानिक विवेचन साहित्यदर्पणकार विश्वनाथ के लेख में मिलता है और उनके वर्गीकरण को आधार मानकर ही आज तक काव्य-रूपों का विवेचन एवं विश्लेषण किया जाता रहा है। विश्वनाथ ने आरम्भ में इन्द्रियों के आधार पर काव्य के दो भेद किये-

(१) दृश्य और

(२) श्रव्य

दृश्य काव्य के पुनः दो भेद किये-

(१) रूपक और (२) उपरूपक

पुनः रूपक के नाटक, भाण, व्यायोग आदि दस भेद[१] और उपरूपक के अट्ठारह भेदों का उल्लेख अपने ग्रन्थ में किया है।

श्रव्यकाव्य के अन्तर्गत गद्य और पद्य आते हैं। छन्दोबद्ध रचना को पद्य तथा छन्दोहीन रचना को गद्य कहते हैं। गद्य और पद्य के सम्मिलित रूप को चंपू कहते हैं।

दृश्य काव्य का विवेचन

दृश्य काव्य के अन्तर्गत काव्य की उन समस्त विधाओं को परिगणित किया जाता है, जिनका रसास्वादन मुख्यतः नेत्रों के माध्यम से किया जाय।

---

1. नाटकमथ प्रकरणं भाणव्यायोगसमवकारादिडिण्डिमाः

ईहामृगांकवीथ्यः प्रहसनमिति रूपकाणि दश॥ साहित्यदर्पण

आचार्यों ने सर्वप्रथम दृश्य काव्य को दो वर्गों में विभाजित किया है- (१) रूपक (२) उपरूपक।

(१) रूपक-

दृश्य काव्य की इस विधा में आरोप का प्राधान्य होने के कारण इसे रूपक काव्य कहा जाता है। दशरूपककार धनञ्जय ने भी यही व्याख्या की है-

"रूपं दृश्यतयोच्यते, रूपकं तत्समारोपात्।" रूपक काव्य के दस भेद हैं जो क्रमशः इस प्रकार हैं- (१) नाटक (२) प्रकरण (३) भाण (४) व्यायोग (५) समवकार (६) डिम (७) ईहामृग (८) अंक (९) वीथी और (१०) प्रहसन।

(२) उप-रूपक-

रूपक और उपरूपक में यह अन्तर है कि रूपक नाट्य है और उप-रूपक नृत्य। नाट्य रसाश्रय हुआ करता है और नृत्य भावाश्रय। उपरूपक के अट्ठारह भेद हैं—

(१) नाटिका (२) त्रोटक (३) गोष्ठी (४) सट्टक (५) नाट्य रासक (६) प्रस्थानक (७) उल्लाप्य (८) काव्य (९) प्रेङ्खण (१०) रासक (११) संलापक (१२) श्रीगदित (१३) शिल्पक (१४) विलासिका (१५) दुमर्ल्लिका (१६) प्रकीर्णक (१७) हल्लीश और (१८) भाणिका।

श्रव्यकाव्य विवेचन

श्रव्य काव्य में पढ़कर अथवा सुनकर आनन्द लिया जाता है। आचार्यों ने श्रव्यकाव्य को तीन वर्गों में विभाजित किया है-

(१) पद्य (२) गद्य (३) चम्पू।

(१) पद्य-

पद्यकाव्य श्रव्य काव्य की उस छन्दोबद्ध रचना को कहते हैं जो व्यक्तिगत जीवन अथवा सामाजिक जीवन की रसात्मक व्याख्या प्रस्तुत करती है। विद्वानों ने विषय, सामग्री, उसके गठन एवं शैली को आधार मानते हुये पद्य काव्य को दो भागों में विभाजित किया है-

(अ) प्रबन्ध काव्य

(ब) अबन्ध काव्य अथवा मुक्तक काव्य।

(अ) **प्रबन्ध काव्य** -

"बन्ध" शब्द में "प्र" उपसर्ग लगाकर कर प्रबन्ध शब्द बनता है जिसका अर्थ है, वह क्रमबद्ध विवरण या चित्रण जो प्रकृष्ट हो, अर्थात् जीवन की प्रकृष्ट क्रमबद्ध व्याख्या प्रस्तुत करने वाली रचना को प्रबन्ध काव्य कहा जाता है।

प्रबन्ध काव्य को चार वर्गों में विभाजित किया गया है-

(१) महाकाव्य (२) खण्ड-काव्य (३) एकार्थ काव्य तथा (४) आख्यायिका-प्रधान काव्य[१]

(१) **महाकाव्य-**

आचार्य विश्वनाथ ने महाकाव्य का लक्षण इस प्रकार दिया है-

"सर्गबन्धो महाकाव्यं"[१] अर्थात् जिसमें सर्गों का निबन्धन हो वह महाकाव्य होता है।

(२) **खण्ड-काव्य-**

उन्हीं आचार्य के अनुसार खण्डकाव्य का लक्षण इस प्रकार है-

"खण्डकाव्यं भवेत्काव्यस्यैकदेशानुसारि च"[१] अर्थात् काव्य के एक देश या एक अंश का अनुसरण करने वाले प्रबन्ध-काव्य को खण्डकाव्य कहा जाता है।

खण्डकाव्य प्रबन्धकाव्य का वह भेद होता है, जिसमें किसी ख्यात महापुरुष के जीवन की किसी घटना विशेष को चित्रित किया जाता है। काव्यत्व के साथ-साथ इनमें संगीतात्मकता होने के कारण खण्डकाव्य गीतिकाव्यों की भी शास्त्रीय संज्ञा है। गेय होने के साथ ही यह महाकाव्य की तरह कथानक से युक्त होता है अत एव इसे प्रबन्धात्मक गीतिकाव्य भी कहा जा सकता है।

(३) **एकार्थ काव्य-**

आचार्य विश्वनाथ ने प्रबन्ध काव्य के एक भेद एकार्थ काव्य का उल्लेख किया है। एकार्थ काव्य में लगभग सम्पूर्ण जीवन को लेकर चलने

1. साहित्यदर्पण- षष्ट परिच्छेद- ३२९

पर उसके किसी एक उद्देश्य या कार्य पर ही लेखक की दृष्टि अधिक रहती है। वह उस स्थल का अत्यन्त मनोयोग से चित्रण प्रस्तुत करता है। यही कारण है कि वह सम्पूर्णार्थक न रहकर एकार्थक रह जाता है।

(४) आख्यायिका-प्रधान काव्य-

आख्यायिका- प्रधान काव्य प्रबन्ध- काव्य की वह विधा होती है जिसके मूल में कोई न कोई कथासूत्र विद्यमान रहता है किन्तु काव्य की अभिव्यक्ति कथा पर निर्भर न रहकर तदाश्रित किसी प्रकार के भाव, विचार, जीवनदर्शन अथवा अन्य किसी स्थिति के चित्रण पर निर्भर करती है।

(ब) अबन्ध-काव्य अथवा मुक्तक-काव्य-

मुक्तक-काव्य पद्य- काव्य की वह विधा है, जिसमें न तो कथासूत्र रहता है और न ही पूर्वापर सम्बन्ध अपितु एक या एकाधिक पदों में किसी एक रस या भाव की पूर्ण व्यञ्जना उसमें कर दी जाती है। विश्वनाथ ने पूर्वापर सम्बन्ध-निरपेक्ष पद को मुक्तक की संज्ञा से अभिहित किया है।

"छन्दोबद्धपदं पद्यं तेन मुक्तेन मुक्तकम्"।

अर्थात् छन्दोबद्ध पद पद्य और उससे मुक्त मुक्तक होता है।

गीतिकाव्य-

संगीतात्मक गेय मुक्तक गीतिकाव्य कहलाता है। इसमें रागात्मक अनुभूति और आत्मीयता की प्रधानता होती है अथवा भावावेश के साथ-साथ संगीत तथा स्वर का सामञ्जस्य जिस काव्य में होता है वह गीतिकाव्य कहलाता है। सन्देशपरक गीतकाव्यों को ही सन्देशकाव्य अथवा दूतकाव्य कहते हैं। इस प्रकार दूतकाव्य गीतिकाव्य का ही एक प्रकार-विशेष है।

(२) गद्य काव्य-

प्राचीन आचार्यों का अभिमत रहा है कि "गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति" अर्थात् किसी भी कवि की प्रतिभा का मापदण्ड उसके द्वारा लिखित गद्य काव्य की कसौटी से मापा जाता है। गद्य और पद्य का अन्तर प्रस्तुत करते हुये विश्वनाथ ने केवल इतना भर कहा है-

---

1. साहित्यदपर्ण- षष्ठ परिच्छेद, ३३०

"वृत्तबन्धोज्झितम् गद्यम्"[१] अर्थात् छन्दोबद्धता- रहित काव्य ही गद्य काव्य है।

दर्पणकार ने गद्य- काव्य के चार भेद किये हैं-

(१) मुक्तक (२) वृत्तगन्धि (३) उत्कलिकाप्राय (४) चूर्णक।

एक अन्य प्रकार से गद्य काव्य के दो ही भेद होते हैं--

(१) कथा और (२) आख्यायिका।

(३) चम्पू-काव्य

आचार्य विश्वनाथ ने चम्पू काव्य का लक्षण इस प्रकार किया है-

"गद्यपद्यमयं काव्यं चम्पूरित्यभिधीयते"।[१]

अर्थात् गद्य और पद्य दोनों से मिश्रित काव्य चम्पू-काव्य कहलाता है।

इस अध्याय के उपर्युक्त सम्पूर्ण विवरण से यही निष्कर्ष निकलता है कि संस्कृत काव्यशास्त्रियों ने अपने अपने मतानुसार काव्य का लक्षण व उसके विविध भेद प्रस्तुत किये हैं। जो सभी अध्ययनीय और विचारणीय हैं।

---

1. साहित्यदर्पण- षष्ठ परिच्छेद, ३३६

द्वितीय अध्याय

गीतिकाव्य-

गीतिकाव्य की परिभाषा एवं स्वरूप

क्योंकि सन्देश अथवा दूतकाव्य गीतिकाव्य का ही एक प्रकार विशेष है अतः सन्देशकाव्य को समझने से पूर्व गीतिकाव्य के बारे में कुछ जान लेना युक्तिसंगत होगा।

"गीति" शब्द का साधारण रूप में गीत या गान अर्थ में प्रयोग किया गया है। शब्द-कल्पद्रुम कोश के अनुसार गीति शब्द "गै" धातु से गान अर्थ में क्तिन् प्रत्यय से निष्पन्न हुआ[१] है। साम-संहिता भाष्य के अनुसार आभ्यन्तर प्रयत्न से स्वर-गान की अभिव्यक्ति ही गीत है।[२]

डॉ. परमानन्द शास्त्री ने संस्कृत में गीति की परिभाषा इस प्रकार दी है-

"गौणवस्तु भवेद् गीतिर्भावाभिव्यञ्जनं कवेः।

लघुकलेवरा, गेया सैव भावरसाश्रया॥"

गीत की गरिमा, गौरव और वैशिष्ट्य का स्फुट विवेचन करते हुए "संगीतदामोदर" में कहा गया है कि परमानन्द का विवर्धन करने वाला अभिमत फलप्रदाता, वशीकरण सकल जन-चित्त-हरण और विशिष्ट मुक्ति का मूल-मन्त्र गीत है-

परमानन्दविवर्धनमभिमतफलं वशीकरणम्

सकलजनचित्तहरणं विमुक्तिबीजं परं गीतम्॥

संस्कृत साहित्य समीक्षक आचार्य बलदेव उपाध्याय ने "गीत" को परिभाषित करते हुए लिखा है कि - 'गीत की आत्मा भावातिरेक है। कवि अपनी रागात्मक अनुभूति तथा कल्पना से वर्ण्य विषय तथा वस्तु को भावात्मक बना देता है।'

---

1. शब्दकल्पद्रुम - ३३२
2. हिन्दी साहित्य कोश - भाग-१, पृ. २८७

छन्द:शास्त्र में गीति एक विशेष वृत्त का नाम है। नाट्यशास्त्र में गीति एक विशेष प्रकार के गाने के अर्थ में प्रयुक्त है। गीतिकाव्य में मानव जीवन के किसी एक पटल का चित्रण होता है। इसके विपरीत महाकाव्य में मानव जीवन की समग्रता का चित्रण मिलता है। गीत या गीति का अर्थ हृदय की रागात्मक भावना को छंदोबद्ध रूप में प्रकट करना है। गीतिकाव्यों में जीवन की एकदेशीयता का ही बड़ी तन्मयता के साथ चित्रण किया जाता है। इनमें थोड़े से चुने हुए श्रांगारिक, धार्मिक या नैतिक, सर्वथा सरस एवं मधुर पद्यों का ही निबन्धन होता है। सुख या दु:ख की भावमयी अवस्थाओं का चित्रण ही गीतिकाव्यों का मुख्य विषय है।

वस्तुत: गीतिकाव्यों का वर्ण्य विषय अति लघु होता है क्योंकि इन काव्यों का लक्ष्य प्रेम, भक्ति, शोक, लोकनीति या उपदेशात्मक धर्मप्रधान भावों की अभिव्यक्ति अथवा स्तुति होता है। इन प्रेम-भक्ति-शोकादि भावों अथवा अनुभूतियों की मार्मिक हृदयस्पर्शी अभिव्यक्ति अत्यन्त सीमित होती है। गीतिकाव्यों में रागात्मक वृत्तियों के विकार का अधिक अवसर रहता है। इनमें प्रसाद और माधुर्य को ही प्रधानता दी जाती है, अत: करुण, श्रृंगार, और शान्त रसों का ही इनमें पूर्ण परिपाक देखा जाता है।

गीतिकाव्यों के छोटे-छोटे गेय पद्यों में एक ही अति तीव्र मनोभाव, अति स्पष्ट एवं प्रासादिक शैली में चित्रित किया जाता है। इनमें भावों की कोमलता, विचारों की सुसम्बद्धता एवं शिष्टता के साथ-साथ निरीक्षण की सूक्ष्म नवीनता एवं कल्पना की चारुता भी विद्यमान रहती है। गीतिकाव्यों के वर्ण्य-विषय मुख्यत: तीन हैं- श्रृंगार, धर्म और नीति।

अत: उपर्युक्त विवेचन से हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि गीतिकाव्य में मुख्यत: कवि की सान्द्र अनुभूति की अभिव्यक्ति होती है, वस्तु का स्थान अत्यन्त गौण रहता है। यह भी आवश्यक नहीं कि भाव को जागरित करने वाली घटना कवि के जीवन से ही सम्बद्ध हो। गीतिकाव्य में रस की अधिकता रहती है। रस से रहित- कोरे वैचित्र्य पर आधारित काव्य को गीति की संज्ञा नहीं दी जा सकती।

गीतिकाव्य का उद्भव एवं विकास-

संस्कृत- साहित्य में गीति- परम्परा का इतिहास उतना ही प्राचीन है जितना कि स्वयं संस्कृत साहित्य। गीति काव्य का उदय वेद से ही हुआ

माना जाता है। ऋग्वेद के मंत्रों में "गेयता" प्रमुखतया विद्यमान है। उषा-सूक्त में गीतिकाव्य की प्रथम झलक दिखायी पड़ती है। इसके अतिरिक्त पर्जन्य, विष्णु, वरुण, सविता, अदिति, नदी एवं मरुत् आदि देवों की अनेकानेक सूक्तों में की गई स्तुति तथा पुरुरवा- उर्वशी, यम-यमी -संवाद सूक्तों में जिस भावविह्वलता से वर्णन किया गया है, वही निश्चित रूप से गीतिकाव्य के बीज हैं।

सामवेद के मंत्रों में उदात्त, अनुदात्त और स्वरित नामक तीन स्वरों में ही गीति के समस्त तत्व समाहित हो गये हैं; उनमें ताल, छन्द और वाद्य का अद्भुत संगम है। ऋग्वेद में गीतिकाव्य के अनेक मूल तत्व संगीतात्मकता, अवसान्द्रता, आत्माभिव्यक्ति, वैयक्तिकता आदि विकासोन्मुख रूप में परिलक्षित हैं।

संस्कृत गीतिकाव्यों की उत्पत्ति का आदि स्रोत वेद हैं किन्तु सामान्यतः हृदय के उल्लास या विषाद की तीव्रतम अवस्था में ही गीत का प्रादुर्भाव होता है। आदिकवि वाल्मीकि की क्रौञ्चवध से कातर क्रौञ्ची की करुणा अनुष्टुप छन्द में फूट पड़ी थी-

"मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।

यत् क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥"

गीति-काव्यों के स्रोत का एक अन्य स्थल श्रमजीवियों के समूह गान में भी प्राप्य है। विविध उत्सवों, पर्वों और शुद्ध मनोरञ्जन के अतिरिक्त श्रम से उत्पन्न थकान एवं अवसाद को तथा दिन भर के अथक परिश्रम से उत्पन्न हुई नीरसता को कम करने के लिए जनसाधारण गीतों का ही आश्रय लेते हैं। राह चलते पथिक, हल चलाते हलवाहे, खेत जोतते किसान, पशु चराते चरवाहे, करघा चलाते बुनकर, चक्की चलाती महिलाएं ये सभी गीत गाते हुए सहज भाव से अपना कार्य करते रहते हैं तथा अनवरत श्रम से उत्पन्न अवसाद से मुक्त हो पुनः स्वस्थता प्राप्त करते रहते हैं। अत एव गीतिकाव्य का अजस्र स्रोत आत्माभिव्यक्ति से युक्त श्रमजीवियों के समूहगीत भी हैं।

प्रेम से सम्बद्ध समस्त गीतिकाव्यों में प्रकृति का परिवेश प्रभावशाली होता है। संस्कृत गीतिकाव्य का उदय एवं विकास प्रकृति की गोद में ही हुआ है। ऋग्वेद से लेकर लौकिक गीतिकाव्य की पृष्ठभूमि में प्रकृति की ही मुख्य भूमिका रही है।

वैदिक साहित्य में गीतिकाव्य के जो अंकुर प्रस्फुटित हुये थे वे उत्तरोत्तर विकसित होते ही गये, जिनसे गीतिकाव्य-धारा वेग से प्रवाहित होती रही।

वैदिक साहित्य के पश्चात् वाल्मीकीय रामायण में गीतितत्व का मधुर समावेश प्राप्त होता है। व्याध द्वारा क्रौञ्च-हनन से मानव के विदीर्ण हृदय से प्रस्फुटित शब्द, जो सन्ध्योपासन में निमग्न मुनि के माध्यम से श्लोक रूप में प्रकट हुए, लौकिक संस्कृत में गीति काव्य के उद्भव के प्रेरणा-स्रोत माने जाते हैं। वाल्मीकि के प्रकृति- चित्रण, अयोध्या - वर्णन, भरत मिलाप, शरद् - वर्णन एवं सीताहरण के अनन्तर वन के लता-विटप-पशु-पक्षि आदि से पूछताछ और माल्यवान् पर्वत पर बैठे श्रीराम द्वारा वर्षाकाल के नवीन मेघों का अवलोकन करते हुए नवनील जलदसमूह के मध्य चमकती विद्युत् के दृश्य को अपने नीलाम्बुजश्यामलकोमलांग से एकाकार मानते हुए अम्बर को बद्धव्रण कहना अनुभूति का चरम स्थल है। वास्तव में, राम का तो सम्पूर्ण जीवन ही करुण रस से भरा हुआ है जिसके सभी प्रसंग गीतिशैली से ओतप्रोत हैं। भावाभिव्यक्ति के सूत्रपात के कारण रामायण का गीतिकाव्य के विकास में अप्रत्यक्ष रूप से महान् योगदान है। उत्तरवर्ती गीतिकारों के लिए वाल्मीकि ने भावसामग्री ही नहीं, वस्तुसामग्री भी प्रदान की है।

रामायण की तरह महाभारत में भी गीतिकाव्य के विकास की सरणि प्रसरित होती है। गीतिकाव्य के सभी तत्व महाभारत में बिखरे रूप में उपलब्ध हो जाते हैं। कच- देवयानी संवाद, पुरुरवा- उर्वशी संवाद तथा अन्य अनेक स्थलों पर महाभारत में गीति तत्व के दर्शन होते हैं।

महाभारत और रामायण के अतिरिक्त श्रीमद्भागवतादि पुराणों के अनेकानेक स्थलों पर गीतिमय शैली में विषय- प्रतिपादन हुआ है। आज भक्तिगीतों में जो रसप्रवाह दृष्टिगत होता है वह पुराण-साहित्य की ही देन है।

संस्कृत महाकाव्यों में कतिपय स्थल ऐसे हैं जो भावसान्द्रता, सुकुमारता, गेयता आदि विशेषताओं के कारण गीतिकाव्य के अति निकट प्रतीत होते हैं। भावात्मकता की दृष्टि से कवि कालिदास का "कुमारसम्भव" प्रथम महाकाव्य है जिसमें, कवि की भावना समस्त प्रकृति को ही आच्छन्न किये रहती है।

रघुवंश के आठवें सर्ग में भी गीतिकाव्य के मूल तत्व आत्म- भावसान्द्रता का परिचय मिलता है। बौद्ध महाकवि अश्वघोष के "सौन्दरानन्द' महाकाव्य में भी तीव्रभावात्मक चित्रण के साथ-साथ गीति काव्य के सभी तत्व समाविष्ट हुए हैं। कुमारदासकृत "जानकीहरण" में भी अनेक गीतात्मक चित्रों की प्रस्तुति हुई है। श्रीहर्षकृत "नैषधीयचरितम्" में ऐसे पद्यों का बाहुल्य है जो रसमयता, भावसान्द्रता एवं गेयता के कारण गीतिकाव्य की परम्परा में परिगणित हो सकते हैं।

स्तोत्र साहित्य में गीतितत्व प्रचुरता से दिखाई देता है। पुष्पदन्त-रचित "शिवमहिम्नःस्तोत्र" अपनी भावाभिव्यञ्जना तथा नाद - सौन्दर्य एवं आलंकारिक छटा की दृष्टि से उत्कृष्ट गीतिकाव्य माना जाता है। मयूरभट्ट एवं बाण भट्ट के सूर्यशतक तथा चण्डीशतक भी अपनी साहित्यिक विशेषताओं के कारण गीति काव्यों की श्रेणी में परिगणित होते हैं। स्तोत्र- साहित्य के अनेक स्तोत्रों ने अभिव्यक्ति की सहज मार्मिकता एवं साहित्यिक विशेषताओं के कारण, गीति काव्य की परम्परा में महत्वपूर्ण स्थान स्थापित कर लिया है।

इस प्रकार वैदिक साहित्य से लेकर गीतिकाव्यों के स्वतन्त्र रूप से स्थापित होने तक साहित्य की विभिन्न विधाओं में गीति-काव्यीय तत्वों के सहज ही दर्शन किये जा सकते हैं।

गीतिकाव्य के तत्व एवं विशेषतायें-

भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वानों द्वारा गीति काव्य की अनेक परिभाषाएं दी गयी हैं उनमें गीतिकाव्य के कुछ ऐसे मूल तत्व एवं विशेषतायें प्राप्त होती हैं जो एक सफल गीतिकाव्य के निर्माण में सहायक होते हैं। गीति-काव्य के निम्न तत्व व विशेषतायें सामान्यतः सभी काव्यशास्त्रियों ने स्वीकार की हैं।

(१) आत्माभिव्यञ्जन

(२) भावसान्द्रता

(३) रसपेशलता

(४) भावान्विति

(५) संक्षिप्तता

(६) निरपेक्षता

(७) सहज अन्तःप्रेरणा

(८) गेयता और संगीतात्मकता

(९) सहज और स्वाभाविक अभिव्यक्ति

(१०) त्वरा

(१) आत्माभिव्यञ्जन-

"गीतिकाव्य का मुख्य तत्व आत्माभिव्यक्ति है। इसमें एक ही कवि की, विशिष्ट क्षणों में उत्तेजित मनोदशा, हृदय की अतिशय प्रफुल्ल स्थिति, अपरिमिति गतिशील मुक्त हास्य-परिहास, शोक, एकाकीपन और दुःखोद्गार आदि प्रत्येक भावना अपने क्षणिक आवेश में ही अभिव्यक्त होती है।" कवि के अन्तर में जागृत अनुभूतियों का सन्तुलित रूप ही गीतिकाव्य में मूल तत्त्व के रूप में प्रकट होता है।

(२) भावसान्द्रता अथवा भावमयता

भावसान्द्रता के अभाव में कोई भी उक्ति गीति की महनीय संज्ञा नहीं प्राप्त कर सकती। वस्तुतः गीति की आत्मा भावातिरेक ही है। कवि अपनी रागात्मक अनुभूति तथा कल्पना से विषय अथवा वस्तु को भावात्मक बना देता है।

(३) रसपेशलता-

रस और भाव से रहित रचना को उक्ति—वैचित्र्यमयी गीति नहीं कहा जा सकता। "गीति काव्य उन गीतों का नाम है जिनमें काव्य रस तथा काव्य-विम्बना असंदिग्ध हो और जिन्हें सर्वसाधारण वास्तव में गा सकें।"[१]

यों तो संस्कृत के आलंकारिकों की दृष्टि में काव्य मात्र के लिए रसात्मकता अपेक्षित गुण है परन्तु गीति काव्य के लिए तो यह अनिवार्य ही है।[२]

---

1. हिन्दी गीत गोविन्द की भूमिका - पृष्ठ - ६
2. बलदेव उपाध्याय — संस्कृत साहित्य का इतिहास,
   दशम संस्करण १९७८, पृष्ठ- ३२३

(४) भावान्विति-

भाव की अन्विति ही गीति काव्य की प्रमुख विशेषता है। इसी भावान्विति से युक्त गीति सर्वथा स्वतन्त्र, सम्पूर्ण एवं भाव-समन्वित होती है। इसमें भाव की प्रधानता रहती है। संक्षेप में एक ही मूल भाव से अनुप्राणित, भाव की रागात्मक अन्विति ही गीति काव्य का आत्मा है।

(५) संक्षिप्तता-

संक्षिप्तता गीति का एक ऐसा गुण है जो उसे अन्य कोटि की कविताओं से, कलेवर की दृष्टि से, अलग करके सहज-सरलता से पहचान कराने में सहायक है क्योंकि "कवि को गति में वर्ण्य विषय के परिबृंहण के लिए अवकाश नहीं मिलता, कभी-कभी भावना का आवेश इतना क्षणिक होता है कि वह एक ही पद या पद्य में उसकी पूर्ण अभिव्यक्ति कर देता है।"

गीति की संक्षिप्तता के विषय में किसी निश्चित मापदण्ड अथवा परिमाण का निर्धारण नहीं किया जा सकता। उसके आकार का स्वरूप भावना की पूर्णता अथवा अपूर्णता पर निर्भर रहता है। प्रत्येक स्वतन्त्र गीत स्वयं में लघु एवं संक्षिप्त होना चाहिए।

(६) निरपेक्षता-

गीतिकाव्य में पूर्वापर प्रसंग की अपेक्षा नहीं रहती इसलिए निरपेक्षता उसकी अन्यतम विशेषता है।

(७) सहज अन्तः प्रेरणा -

गीति कवि की अन्तः प्रेरणा का सहज समुच्छ्वसित रूप है। सहज अन्तः प्रेरणा तो काव्य मात्र के लिए आवश्यक होती ही है, गीति के लिए तो यह नितान्त आवश्यक है।

(८) गेयता अथवा संगीतात्मकता-

छन्दों की लयात्मक गेयता संस्कृत गीति का विशेष गुण है। गेय छन्दों के परिधान में गीतिकाव्य का सौन्दर्य और भी निखर उठता है। गीतिकाव्य में संगीतात्मकता का निर्णय नाद, छंद और लय के आधार पर करना ही उचित है।

(९) सहज और स्वाभाविक अभिव्यक्ति-

गीति काव्य में भाषा की सादगी, सौन्दर्य, भाव-सम्प्रेषण और मनोहारिता में लिपटी उदात्त बिम्ब-योजना आवश्यक है और विषय के अनुरूप शब्द संचयन परम अपेक्षित तत्व है।

(१०) त्वरा-

"त्वरा का तात्पर्य है गति।"

गीतिकाव्य का यह अन्तिम और अनिवार्य तत्व है। गति ही गीति में आकर्षकता उत्पन्न करती है।

उपर्युक्त सम्पूर्ण विवेचन से इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि गीति में उपर्युक्त सभी तत्वों का प्रमुखता से विद्यमान रहना आवश्यक हैं।

गीतिकाव्यों का वर्गीकरण-

संस्कृत काव्यधारा में गीतिकाव्य वह काव्य रूप है जिसमें मानव जीवन की किसी एक घटना का उद्घाटन अथवा मानव के अन्तरात्मा के किसी एक पटल का चित्रण होता है। इन गीतिकाव्यों का वर्ण्य विषय कहीं श्रृंगार, कहीं धर्म, कहीं भक्ति, आत्मनिवेदन और कहीं नीति होता है, इन्हीं में से किसी एक विषय को लेकर गीतिकाव्य की रचना होती है।

उक्त प्रकार के वर्ण्य विषयों को लेकर लिखे जाने वाले इन गीति काव्यों के मुख्यत: तीन भेद होते हैं-

(१) प्रबन्धात्मक गीतिकाव्य

(२) निबन्धात्मक गीतिकाव्य

(३) मुक्तक गीतिकाव्य

इन त्रिविध गीति काव्यों के अतिरिक्त विषय की दृष्टि से इन गीतिकाव्यों के और भी भेद हो सकते हैं जैसे मेघदूत की शैली में रचे जाने वाले गीतिकाव्य दूतकाव्य कहे जाते हैं, इसी प्रकार मुक्तक काव्यों के भी विषय की दृष्टि से कई भेद हो जाते हैं जैसे श्रृंगार मुक्तक, नीति मुक्तक आदि। इनके अतिरिक्त स्तुति-गीतिकाव्यों अथवा स्तोत्रों का एक अलग ही वर्ग है, इनमें देव-स्तुतियों, भक्ति और धार्मिकता की प्रधानता रहती है।

कुछ विद्वानों के अनुसार संस्कृत गीतिकाव्य के दो प्रधान भेद हैं:

(१) स्तोत्र-काव्य या भक्ति-काव्य

(२) श्रृंगार-काव्य या सन्देश-काव्य

इन दोनों को बलदेव उपाध्याय ने क्रमश: धार्मिक और लौकिक गीतिकाव्य की संज्ञा दी है। लौकिक गीतिकाव्य में लोक के नाना विषयों का समावेश होता है जैसे श्रृंगार-नीति आदि। धार्मिक गीतिकाव्य में देवता की स्तुति, आत्मनिवेदन आदि विषय रहते हैं।

उपर्युक्त सम्पूर्ण विवेचन से यही निष्कर्ष निकलता है कि सन्देश काव्य गीतिकाव्य का ही एक भेद विशेष है। गीतिकाव्य ही जब विरही प्रेमी, प्रेमिका अथवा अर्थीजन की दशा के संदेश से युक्त होता है तो वह संदेश- काव्य कहलाने लगता है। सन्देश अथवा दूतकाव्य गीतिकाव्य की सभी विशेषताओं व तत्वों से युक्त होता है।

तृतीय अध्याय

संदेश अथवा दूतकाव्य

सन्देशवाहन : एक परिचय-

"सन्देश" का अर्थ होता है समाचार अथवा सूचना और "वाहन" से आशय है भेजना, ले जाना। इस प्रकार सन्देश-वाहन का शाब्दिक अर्थ है सन्देश अथवा सूचना का भेजा जाना या ले जाना, पहुँचाना।

"सन्देश वाहन प्रत्यक्षत: अथवा परोक्षत: जाने तथा अनजाने में प्रेषित भावनाओं, प्रवृत्तियों और इच्छाओं का कुल योग होता है। सन्देशवाहन परिवर्तन प्रक्रिया का एक भिन्न अंग होता है।"[१]

चार्ल्स ई. रैडफोल्ड के अनुसार "सन्देश वाहन से आशय मानवीय तथ्यों और विचारों का पारस्परिक विचार विनिमय है न कि टेलीफोन तार, रेडियो आदि तकनीकी साधनों से।"

सन्देशवाहन निम्नलिखित तत्वों का सम्मिश्रण होता है-

(१) प्रदत्त और प्राप्त सूचना (२) अर्जित अनुभव जिसमें कुछ विशिष्ट प्रवृत्तियां, ज्ञान और दक्षताएं परिवर्तित होती हैं, जिनमें परिवर्तन के साथ-साथ व्यवहार में भी परिवर्तन आता है, (३) सभी संबंधित पक्षों द्वारा सुनने का प्रयत्न (४) स्वयं संदेश देने वाले व्यक्ति द्वारा विषय की व्यवस्थित नवीन जांच और (५) दृष्टिकोण की संवेदनशील प्रतिक्रिया, उच्च स्तरीय समझ और सामान्य धारणाओं की ओर ले जाती है।

— उनोडवे टॉड

"सन्देशवाहन से आशय एक व्यक्ति के विचारों और सम्मतियों से दूसरे व्यक्तियों को अवगत कराना होता है।"

- मेयर

1. इलियट जेक्यूज

"सन्देशवाहन वह प्रक्रिया है जिसमें सूचना और समझ एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को भेजी जाती है।"

-कीथ डेविस

पाश्चात्य विद्वानों द्वारा की गई उपर्युक्त परिभाषाओं का विश्लेषण करने पर सन्देशवाहन के निम्न लक्षणों का ज्ञान होता है-

(१) सन्देशवाहन एक ऐसी प्रक्रिया होती है जिसमें दो पक्ष होते हैं। प्रथम, सन्देश भेजने वाला एवं द्वितीय, सन्देश पाने वाला।

(२) सन्देशवाहन में सूचनायें और समझ दोनों सम्मिलित होती हैं।

(३) सन्देशवाहन में वे सभी साधन उपयुक्त होते हैं जिनके माध्यम से सूचनाएं एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचाई जाती हैं।

सभ्यता के प्रारम्भिक चरण में संदेश व्यक्तिगत रूप से एक के द्वारा दूसरे व्यक्ति को दिया जाता था। बाद में दूर स्थान पर सन्देश भेजने के लिये (आवृत पत्र) या खुला पत्र घुडसवार या पैदल के हाथ भिजवाया जाता था। अनेक स्थितियों में कबूतरों का भी प्रयोग होता था। सभ्यता के विकास के साथ विज्ञान ने सन्देशवाहन के क्षेत्र में भी पर्याप्त प्रगति की है। बीसवीं शताब्दी में अब पत्र-व्यवहार के अतिरिक्त दूरभाष- यन्त्र, बेतार के तार आदि सन्देशवाहन के सरल, सस्ते और शीघ्रगामी साधन उपलब्ध हैं जिनकी उपस्थिति व्यापारिक और औद्योगिक विकास के लिये आवश्यक होती है।

प्रत्येक सन्देश का जो किसी व्यक्ति के पास पहुंचाया जाता है, कुछ न कुछ उद्देश्य होता है। यदि वह सन्देश इस प्रकार भेजा जाता है कि अभीष्ट उद्देश्य प्राप्त हो जाय तो वह "प्रभावशाली सन्देशवाहन" कहलाता है। किसी भी सन्देश के प्रभावशाली होने के लिये उसमें निम्न तत्वों की विद्यमानता आवश्यक होती है—

(१) स्पष्ट, संक्षिप्त और परिपूर्ण कथन-

किसी भी सन्देश को प्रभावी बनाने के लिये आवश्यक है कि वह स्पष्ट, सीधे सरलता से समझ लेने योग्य, रुचिकर और संक्षिप्त कथन के रूप में भेजा जाना चाहिए। सन्देश में स्पष्टता तभी आ सकती है, जबकि

सूचना भेजने वाले व्यक्ति को स्वयं तत्सम्बन्धी बातों की पूरी जानकारी हो। सन्देश में ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाये जिनके अर्थ असंदिग्ध हों। कम से कम शब्दों का प्रयोग तो किया ही जाये किन्तु संक्षिप्तता के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि कथन तथ्य की दृष्टि से पूर्ण हो।

(२) शिष्टता और शालीनता-

सन्देश प्रभावशाली, शिष्ट, शालीन और मधुर हो तथा उसमें विनम्र भाषा का प्रयोग किया जाय किन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि उसमें प्रभावोत्पादकता ही समाप्त हो जाये। यदि प्रभावोत्पादकता बनाये रखने के लिये कुछ कठोर भाषा प्रयुक्त करनी पड़े तो यह उचित ही होगा, किन्तु फिर भी शिष्टता और शालीनता तो बनाये रखी ही जानी चाहिये। शिष्टता बनाये रखने के लिये आवश्यक है कि भाषा और शैली पर अधिकार होने के साथ परिस्थितियों का पूरा ज्ञान हो ताकि परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त शब्दों का चयन और उनका उपयोग किया जा सके।

(३) पारस्परिक सहयोग-

सन्देश का प्रेषण जितना महत्त्वपूर्ण होता है, उसकी प्राप्ति भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण होती है। यदि सन्देश ग्रहण ही नहीं किया जाता है तो वह व्यर्थ हो जायेगा। अतः सन्देशवाहन कार्य करने के लिये दोनों पक्षों के मध्य पारस्परिक सहयोग की भावना होनी चाहिये और वह भावना तभी उत्पन्न हो सकती है जब कि सन्देश की भाषा एवं उसमें सन्निहित भावना शिष्ट, शालीन एवं सम्मानपूर्ण हो।

(४) सन्देश भेजने से पूर्व अपने विचारों की स्पष्टता आवश्यक-

"बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताय" उक्ति भी इस कथन की पुष्टि करती है। अत एव, सन्देश भेजने से पहले उसके सभी पहलुओं पर पूरी तरह विचार किया जाय। टैरी की दृष्टि से, "सन्देश-प्रेषक को चाहिये कि वह सन्देश भेजे जाने से पहले उसे अच्छी तरह समझ ले।"

(५) पर्याप्तता का सिद्धान्त

प्रेष्य सन्देश पर्याप्त और सन्तुलित हो। सन्देश न तो बहुत बड़ा हो न ही बहुत छोटा।

(६) प्रेषिति की स्थिति के ज्ञान का सिद्धान्त-

सन्देश भेजते समय सन्देश-प्रेषक को चाहिये कि वह सन्देशगृहीता की योग्यता, संगठनात्मक स्थिति, शिक्षा, भाषा ज्ञान आदि को ध्यान में रखे ताकि संदेश में ऐसी भाषा का प्रयोग किया जा सके जिसे वह (संदेशगृहीता) आसानी से समझ सके।

सन्देश-वाहन की विधि-

व्यवहार में सन्देशों का प्रेषण निम्न चार विधियों द्वारा किया जाता है-

(१) वाचिक सन्देश-

इस विधि का उपयोग उस समय किया जाता है, जब कि सुनने वाले पक्ष को प्रभावित करने के लिये व्यक्तिगत प्रभाव की अधिक आवश्यकता हो अथवा उसका ध्यान शीघ्र आकर्षित किया जाना हो। इस विधि के प्रयोग से जहां सन्देश देने वाला व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और सम्मतियों को अच्छी तरह अभिव्यक्त कर सकता है वहीं सन्देश प्राप्तकर्ता सन्देश को अच्छी तरह समझने, अपने विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति करने तथा अस्पष्ट और जटिल बातों के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर प्राप्त करता है। इसे "मौखिक सन्देशवाहन" के नाम से पुकारा जाता है।

(२) लिखित

यह सन्देशों के प्रेषण की दूसरी विधि है। जटिल, महत्त्वपूर्ण अथवा दीर्घकालीन महत्त्व वाले सन्देश लिखित रूप में भेजे जाते हैं। पत्र, समाचार-पत्र, स्मरण-पत्र सूचना-पत्र आदि लिखित सन्देशों के रूप हैं। इसमें व्यक्तिगत सम्पर्क का अभाव रहता है तथा तत्काल स्पष्टीकरण प्राप्त करने की सम्भावना भी कम रह जाती है। इसलिये यह आवश्यक हो जाता है कि सन्देश पूर्ण, स्पष्ट, विस्तृत और प्रभावपूर्ण हो।

(३) आचरण

सन्देशों के प्रेषण की तीसरी महत्त्वपूर्ण विधि "आचरण" या "करना" है। यह विधि "कथनी" और "करनी" के अन्तर को समाप्त करने का प्रयत्न है। इसमें कथ्य के अनुरूप क्रिया सम्पन्न की जाती है।

(४) ध्यान से सुनना-

ध्यान से सुनना भी एक आवश्यक और महत्त्वपूर्ण विधि है। प्रेषिति सन्देश के ध्यान से सुने जाने पर ही वह आसानी से समझा जा सकता है। जब सन्देश प्राप्तकर्ता सन्देश को ध्यान से नहीं सुनता है तब सन्देश-भेजने वाले का उद्देश्य ही अधूरा रह जाता है।

सन्देशवाहन प्रक्रिया-

चार्ल्स ई. रैडफील्ड के शब्दों में सन्देशवाहन प्रक्रिया का निर्माण निम्नलिखित पांच तत्वों से होता है-

(१) सन्देश भेजने वाला-

सन्देश वाहन-प्रक्रिया का प्रारम्भिक तत्व सन्देश-प्रेषक होता है। यही तत्व इस प्रक्रिया का सूत्रपात करता है। इस तत्व की अनुपस्थिति में इस प्रक्रिया के अगले चरण की कोई उद्‌भावना ही नहीं होती। अतएव, सन्देशप्रेषक की उपस्थिति अनिवार्य है।

(२) सन्देश-

जब सन्देश भेजने वाले व्यक्ति का अस्तित्व होता है तो वह सन्देश भेजने के लिये सन्देश का प्रारूप तैयार करता है। यह सन्देश, आदेश, निर्देश सुझाव, शिकायत अथवा प्रतिवेदन आदि किसी भी रूप में हो सकता है।

(३) माध्यम-

जब भेजे जाने वाले सन्देश का प्रारूप तैयार होता है तो यह प्रश्न उठता है कि इसे सम्प्रेषित करने के लिये किस माध्यम का चुनाव किया जाये ? माध्यम का चुनाव सन्देश की प्रकृति पर निर्भर करता है। सन्देश मौखिक, लिखित अथवा सांकेतिक किसी भी माध्यम से किसी भी साधन द्वारा भेजे जा सकते हैं।

(४) सन्देश-प्राप्तकर्ता—

जब सन्देश तैयार कर लिया जाता है, और उसके प्रेषण के लिये उपयुक्त माध्यम का चुनाव कर लिया जाता है तब वह चयनित माध्यम से प्राप्तकर्ता तक पहुंचाया जाता है। "सन्देश प्राप्तकर्ता" से आशय उस

व्यक्ति से होता है जिसके पास सन्देशप्रेषक सन्देश पहुंचाना चाहता है। सन्देश-प्राप्तकर्ता एक व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह भी हो सकता है।

(५) प्रतिक्रिया-

जब सन्देश, सन्देश-प्राप्तकंर्ता के पास पहुंच जाता है तो सन्देश-प्रेषक को उसकी प्रतिक्रिया से परिचित हो जाने पर ही सन्देशवाहन की प्रक्रिया पूर्ण समझी जाती है।

सूचनाओं और विचारों के आदान-प्रदान की क्रिया "सन्देश वाहन प्रक्रिया" कहलाती है। इस प्रक्रिया में दो पक्ष होते हैं प्रथम सन्देश भेजने वाला और द्वितीय सन्देश प्राप्त करने वाला। ये दोनों पक्ष सन्देश वाहन प्रक्रिया के मुख्य अंग होते हैं। ये दोनों पक्ष परस्पर सम्पर्क स्थापित कर सकें इसके लिये यह जरूरी हो जाता है कि कोई न कोई स्त्रोत अथवा प्रक्रिया उपलब्ध हो। इस प्रक्रिया के माध्यम से ही सन्देश प्रेषित किये जाते हैं।

सन्देश लिखित रूप में दिया जाय अथवा मौखिक रूप में, दोनों दशाओं में ही समान सावधानी बरतना आवश्यक होता है। सन्देश भेजते समय यह भी ध्यान रखा जाये कि किस प्रकृति अथवा समुदाय के व्यक्तियों को सन्देश भेजा जा रहा है तथा उसके मार्ग में कौन कौनसी संगठनात्मक और वैधानिक बाधाएं आ सकती हैं। सन्देश की भाषा स्पष्ट और सरल हो।

सन्देशवाहन के साधन-

सन्देशों के प्रेषण के विभिन्न साधन काम में लाये जाते हैं। इन साधनों की निम्नलिखित तीन वर्गों में वर्गीकरण किया जाता है-

(१) मौखिक साधन

(२) लिखित साधन

(३) दृश्य साधन

परिस्थितियों के अनुरूप किसी भी उपयुक्त साधन का प्रयोग किया जा सकता है।

मौखिक सन्देशवाहन प्रणाली तथा लिखित सन्देशवाहन प्रणाली दोनों के ही अपने अपने गुण-दोष हैं। एक परिस्थिति में मौखिक सन्देशवाहन प्रणाली उचित है तो दूसरी परिस्थिति में लिखित सन्देशवाहन प्रणाली उचित कही जा सकती है। इन प्रणालियों पर एक विद्वान ने अपने विचार इन शब्दों में व्यक्त किये हैं-

'जिह्वा और लेखनी दोनों ही मस्तिष्क की व्याख्या करती हैं लेकिन इन दोनों में से लेखनी अधिक विश्वस्त साधन कही जा सकती है। इसका कारण यह है कि जिह्वा की स्थिति ऐसी होती है कि विचार व्यक्त करते समय वक्ता, हो सकता है, अपने भावों को उस रूप में प्रस्तुत न कर सके जिस रूप में वह करना चाहता है अथवा उन मनोभावों को अनायास व्यक्त कर दे, जो अनावश्यक और अप्रासंगिक होते हैं, किन्तु लेखनी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि उसके द्वारा भावों को लिखित रूप देने से पहले सभी पक्षों पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर लिया जाता है, जिसके फलस्वरूप न केवल गलतियों की सम्भावना लगभग समाप्त हो जाती है अपितु उन्हें आवश्यकतानुसार निश्चित और प्रामाणिक तथ्यों के रूप में भी प्रयुक्त किया जा सकता है। इस कथन का यह आशय कदापि नहीं कि लिखित सन्देश वाहन सबसे अधिक उपयुक्त है और सदैव इसी स्वरूप का प्रयोग किया जाना चाहिये।'

इससे स्पष्ट हो जाता है कि सन्देशवाहन विधि का स्वरूप लिखित हो अथवा मौखिक दोनों का अपना अपना स्थान है। ये दोनों एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी न होकर पूरक हैं। परिस्थिति एवं आवश्यकता के अनुरूप ही उचित विधि का चुनाव किया जाना चाहिए।

सन्देशकाव्य की परिभाषा एवं स्वरूप

यदि हम काव्यशास्त्र को उठाकर देखें तो वहां सन्देश-काव्य या दूतकाव्य जैसी किसी विधा का उल्लेख नहीं मिलेगा। परन्तु प्रबन्धात्मक गीतिकाव्य में "जब विरहपीड़ित नायक अथवा नायिका के द्वारा अपने प्रियजन को किसी माध्यम से अपना विरह प्रेषित किया जाय, तो हम उसे दूतकाव्य या सन्देश काव्य कहने लगते हैं।"

संदेशपरक गीतिकाव्य को ही दूतकाव्य कहते हैं क्योंकि सन्देश प्रेषण का माध्यम तो दूत ही होता है। "दूत" शब्द का अर्थ है संदिष्टकथक,

चर या संवादवाहक। "दु" गतौ धातु से दूत शब्द निष्पन्न हुआ है। "द्रुतनिभ्यां दीर्घश्च" इस उणादि सूत्र से दीर्घ हुआ है। "स्यात् सन्देशहरो दूतः"। सन्देश पहुँचाने वाले के दो नाम हैं- दूत तथा संदेशहर।

दूत

कार्यों में प्रेष्य (भेजने योग्य) दूत (नायक का सहायक) तीन प्रकार का होता है।

निसृष्टार्थो मितार्थश्च तथा संदेशहारकः।
कार्यप्रेष्यस्त्रिधा दूतो दूत्यश्चापि तथाविधाः॥[१]

(१) निसृष्टार्थः, जिस पर अर्थ (प्रयोजन अथवा कार्यभार) रख दिया जाता है ,वह "निसृष्टार्थ" कहलाता है।

(२) मितार्थ :, परिमित और प्रमा का विषयीभूत है अर्थ जिसका, वह "मितार्थ" कहलाता है।

(३) सन्देशहारकः, जो व्यक्ति जिस किसी व्यक्ति को लक्ष्य करके अपना अभिप्राय प्रकट करने के लिये कहे हुए वाक्य विशेष को (सन्देश को) निर्दिष्ट स्थल तक पहुंचाने के लिये स्वीकार करता है वह "सन्देशहारक" कहलाता है।

इन दूतों के सामान्य गुणों का साहित्यदर्पणकार ने इस प्रकार उल्लेख किया है-

"पटुता धार्ष्ट्यमिङ्गिताकारज्ञता प्रसारणकालज्ञता
विषयबुद्धित्वं लघ्वी प्रतिपत्तिः सोपाया चेति दूतगुणाः।"

दूसरे स्थान पर भी कहा है-

"आत्मवान् मित्रवान् युक्तौ भावज्ञो देशकालवित्।
असाध्यमप्ययत्नेन कार्यं संसाधयेन्नरः"॥ इति॥

---

1. साहित्यदर्पण- तृतीय परिच्छेद ४७

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर दूत का लक्षण इस प्रकार दिया जा सकता है- "कार्ये प्रेष्यो दूतः" अर्थात् कार्य के लिये, बात पहुंचाने के लिये अथवा किसी को लाने के लिये जो नियुक्त किया जाय वह दूत कहलाता है।[१]

इस प्रकार दूतकाव्य या सन्देशकाव्य की परिभाषा एक वाक्य में इस प्रकार हो सकती है कि 'दूतकाव्य से तात्पर्य ऐसे काव्य से है, जिसमें सन्देशपूर्ण तथ्यों का चित्रण काव्यात्मक ढंग से सहृदयतापूर्वक उपलब्ध हो।'

संस्कृत साहित्य में मेघ, पवन, हंस, कोकिल आदि का संदेशवाहकों के रूप में प्रयोग होता रहा है। सभी दूतकाव्य प्रायः विरहवर्णन से युक्त होते हैं। अन्य गीतिकाव्यों की ही भांति इन सन्देश-काव्यों में कोमल एवं मधुर भावों का चित्रण सरस- सरल भाषा तथा गेय शैली में किया जाता है। विप्रलम्भ श्रृंगार तथा विरहजनित पृष्ठभूमि में ही संदेश-काव्य का उदय होता है। इसके अतिरिक्त इन काव्यों का सौन्दर्य इस बात पर भी निर्भर करता है कि दूत कितना उपयुक्त है तथा संदेश में कितना भाव-गाम्भीर्य है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि "संदेशकाव्य या दूतकाव्य विरही अथवा अर्थी जन द्वारा दूत की सहायता से अपने अभीष्ट प्रियजन तक भेजे गये संदेश के कथानक से युक्त गीति-काव्य है।" सन्देशकाव्य अथवा दूतकाव्य दोनों ही नाम वस्तुतः समानार्थक हैं, फिर भी "संदेश" शब्द के अधिक प्रचलन तथा अधिक सार्थक होने के कारण इन काव्यों को भी संदेशकाव्य नाम से ही अधिक व्यवहृत किया गया है।

महाकाव्य में नायक और उसके कार्यों का विशेष महत्त्व होता है। अतः महाकाव्य को चरितप्रधान कह सकते हैं। इसके विपरीत लघुकाव्य भावप्रधान होते हैं। लघुकाव्य में यदि कथानक हुआ भी तो वह प्रायः नगण्य होता है। लघुकाव्य में नायक और उसका चरित यदि हुए भी तो नाममात्र के ही होते हैं। लघुकाव्य का सर्वोच्च विकास सन्देशकाव्यों में दर्शनीय है। इनमें दूत प्रायः प्रेमी और प्रेमिका का सन्देश वहन करता है। ऐसे सन्देश का भावुकतापूर्ण और श्रृंगारित होना स्वाभाविक है। इनमें गीति तत्व का

1. साहित्यदर्पण- तृतीय परिच्छेद, पृष्ठ १२३

प्राधान्य रहता है। प्रत्यक्ष है कि प्राय: सन्देशकाव्य श्रृंगार की निष्पत्ति का सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने के कारण विशेष लोकप्रिय रहे हैं।

मेघदूत के अनुकरण में लिखे गये दूतकाव्यों की एक लम्बी परम्परा है। इन काव्यों को "सन्देशकाव्य" भी कहा गया है। श्रृंगार- प्रधान गीतिकाव्यों को भी सन्देशकाव्य कहा गया है। इन दूतकाव्यों में प्रेमी अथवा प्रेमिका का किसी दूत के माध्यम से अपने वियुक्त प्रणयी के प्रति प्रणय-सन्देश निवेदित होता है, अर्थात् प्रबन्धात्मक गीतिकाव्य में जब विरह-पीडित नायक अथवा नायिका के द्वारा अपने प्रियजन को किसी माध्यम से अपना विरह प्रेषित किया जाय तो वह 'सन्देशकाव्य' अथवा 'दूतकाव्य' कहलाता है।

सन्देशकाव्यों के सर्वेक्षणात्मक अन्वेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि उत्तर भारत से बंगाल तक के क्षेत्र में इस प्रकार के काव्य "दूतकाव्य" कहलाते हैं तथा दक्षिणी भारत में इन्हें "सन्देशकाव्य" कहा जाता है। दूत का कार्य भी सन्देश ले जाना ही होता है। इनमें तात्विक अन्तर भी है। सन्देशकाव्यों में विशेषत: विरह के अन्तर्गत पूर्वराग तथा मान की अवस्थाओं में दूत या दूती के माध्यम से सन्देश भेजा जाता है, किन्तु दूतकाव्यों में प्रवासजन्य विरह अथवा अन्य अवस्था में ही सन्देश- प्रेषण का विधान है।

कुछ समीक्षक संदेशकाव्य अथवा दूतकाव्य को "विरह काव्य" भी कहते हैं, क्योंकि इसमें विरह की मार्मिक अवस्थाओं का सुन्दर चित्रण होता है। इसीलिये ये काव्य अधिकांशत: "विप्रलम्भ श्रृंगार" के प्रस्तुत करने वाले होते हैं। सन्देश भी प्रोषितपतिका के लिये प्रेषणीय होता है- "सन्देशस्य तु प्रोषितस्य स्ववार्ताप्रेषणं भवेत्।" अमरकोषकार भी दूत उसे ही कहते हैं जो सन्देश का हरण करके (ले जाने) वाला हो- "स्यात् सन्देशहरो दूत:।"

सन्देश- काव्य संस्कृत साहित्य का परम रमणीय अंग होने के साथ-साथ अनेक विशेषताओं से युक्त है। सन्देशकाव्यों में मानव के सुख-दु:ख की भावावेशमयी अवस्था तथा हृदय की मनोरम कोमल वृत्तियों की सुन्दर अभिव्यक्ति हुई है। संस्कृत सन्देशकाव्यों में भाव या विषय की सीमा नहीं है तथा न ही उसके व्यक्तीकरण में किसी बंधन की आवश्यकता है। छोटे-छोटे गेय छन्दात्मक पद्यों में भावविशेष की तीव्रता का सरस समन्वय करने की पूर्ण चेष्टा इन सन्देशकाव्यों में दृष्टिगत होती है। संस्कृत सन्देश-साहित्य

जीवन के विविध पक्षों से युक्त होकर जनसाधारण के मन को मंत्रमुग्ध करते हैं। प्रणय की मार्मिक अभिव्यञ्जना सन्देशकाव्यों की प्रमुखता है इसलिये इनमें माधुर्य एवं कोमलता का समावेश पाया जाता है। जिस प्रकार इत्र के विलीन हो जाने पर भी उसकी मादक, मोहक और मधुर सुगन्ध देर तक हृदय को उल्लसित करती रहती है उसी प्रकार सन्देशकाव्यों में शब्दों की झंकृति भावना को उद्दीप्त कर पूर्णता प्रदान करती है।

संस्कृत के सन्देश- काव्यों का महत्व प्राय: भारत की भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक एकता का निदर्शन करने में भी रहा है। इनके द्वारा हमारे कवियों ने काव्य- प्रांगण में भारत के उत्तर-दक्षिण, पूर्व और पश्चिम को एकत्र प्रतिष्ठित किया है। मेघदूत और उसके अनुवर्ती सन्देशकाव्यों की यह प्रवृत्ति प्रत्यक्ष है।

संस्कृत सन्देशकाव्यों का वर्ण्यविषय मुख्यत: श्रृंगार ही रहा है और उनमें मन्दाक्रान्ता छन्द प्रयुक्त हुआ है। शिखरिणी[१], वसन्ततिलका[२], मालिनी[३], और शार्दूलविक्रीडित[४] छन्दों में भी कुछ काव्य लिखे गये। मेघ, पवन, चन्द्र आदि प्रकृति के विभिन्न अचेतन तत्वों के अतिरिक्त पिक, शुक, भृङ्ग, मयूर, चकोर, चातक, चक्रवाक आदि पक्षियों और उद्धव, हनुमान आदि विविध पौराणिक पात्रों को संस्कृत सन्देशकाव्यों में सन्देशवाहक बनाया गया है। यही नहीं मन, हृदय, चित्त तथा भक्ति सदृश अमूर्त पदार्थों से भी यह काम लिया गया है।

दूतकाव्यों की भाषा वस्तु और भाव का संकेत प्रत्यक्ष शैली में करती है। शाब्दिक चमत्कार और अर्थ- गाम्भीर्य के लिये उसमें प्रमुख स्थान नहीं होता। सादगी, सौन्दर्य और उत्साह उनकी विशेषता है। कम से कम शब्दों में भाव की पूरी अभिव्यक्ति कर हृदय को रसाप्लावित कर देना सन्देश-काव्यों का एक विशेष गुण है। इसलिये इनमें ध्वन्यात्मक भाषा का प्रयोग आवश्यक हो उठता है। सन्देश-काव्यकार सब कुछ कह ड़ालने का प्रयत्न नहीं करता। उसकी दशा बहुत कुछ रत्नाकर की गोपियों की सी होती है,

---

1. हंसदूत (रूपगोस्वामी), मनोदूत (प्रजानाथ)
2. मनोदूत (विष्णुदत्त), हृदयदूत (हरिहर)
3. चन्द्रदूत (जम्बू),
4. पिकदूत और पान्थदूत (भोलानाथ)

जिन्होंने अपने मन की बात- शब्दों के अतिरिक्त आंखों तथा हिचकियों से भी कही है।

नैकु कही बैननि, अनेकु कहि नैननि सों

बची खुची सोऊ कहि दीनी हिचकीनि सों।

इसी प्रकार सन्देश का व्यवहार भी कुछ पाठक के समझने के लिये भी छोड़ देता है।

सन्देश-काव्यों की अनुभूति क्षणिक होती है। उसमें विचारों का ठोस और स्थिर रूप नहीं होता। अनुभूति की द्रवणशीलता कल्पना की उन्मुक्त उड़ान को सहन नहीं कर सकती। इसलिये सन्देशकाव्य में कल्पना का रूप संयत रहता है जो वास्तविकता से दूर नहीं रह सकता। सन्देशकाव्य के सुकुमार, सुविभक्त और सुगठित कलेवर पर एक प्रकार का नाद- सौन्दर्य अपेक्षित है, जो उसको अन्तरात्मा के अनुसार और ही "अन्यदेव" प्रतीयमान होता है। भाषा की शिथिलता इसमें अक्षम्य है। दूतकाव्यों में न तो इतिवृत्तात्मकता होती है और न विवरणात्मकता ही, अतः भाषा की समाहार शक्ति का पूर्ण विकास दूतकाव्यों में हुआ है।

दूतकाव्य- रचना के अन्तर्गत समस्यापूर्ति की कला का भी बहुत विकास हुआ। सामान्यतः कवियों ने मानवीय प्रेम का ही चित्रण दूतकाव्यों में किया है, किन्तु वैष्णव और जैन कवियों ने इस परम्परा को धार्मिक उपदेश और प्रचार का भी साधन बना लिया। सारांश यह है कि दूतकाव्य की परम्परा प्रारम्भ में सहज मनोरम भाव को लेकर चली थी, अन्त में जैन कवियों के हाथ में पड़कर प्रचार-साधन, विज्ञप्तिपत्र अथवा समस्यापूर्ति कलाप्रदर्शन के रूप में पर्यवसित हुई और दूसरी वैष्णव कवियों के सम्पर्क से धार्मिक और दार्शनिक विचारों के वहन से बोझिल हो गई। उत्तरोत्तर कला की कृत्रिमता और क्लिष्टता इन काव्यों का स्वभाव ही बन गया।

उपर्युक्त सम्पूर्ण विवरण से यही सारांश निकलता है कि यद्यपि संस्कृत साहित्य में दूतकाव्य अथवा सन्देशकाव्य की विद्वानों ने कोई परिभाषा देने का विशेष प्रयत्न नहीं किया है फिर भी इतना तो स्पष्ट ही है कि इनमें किसी विरह से पीड़ित नायक, नायिका अथवा अर्थीजन के हृदय की करुण पुकार होती है।

दूतकाव्य का उद्भव व विकास

गीतिकाव्य के परिसर में सन्देश- काव्य का उद्भव एवं विकास किस प्रकार हुआ और किस तरह मेघदूत जैसा सजीव एवं सफल काव्य सन्देश काव्य के रूप में प्रस्फुटित हुआ, इसको जानने के लिये हमें पुनरपि वैदिक- साहित्योन्मुख होना पड़ेगा। इस प्रकार की स्फुट संदेश रचनाओं का अनुवर्तन लगभग वैदिक युग में ही हो चुका था।

सर्वप्राचीन एवं आर्यजाति के गौरवग्रन्थ ऋग्वेद में अनेक स्थलों पर पशुओं द्वारा दौत्य-कर्म कराया गया है। ऋग्वेद में सरमा-पणि एवं यम-यमी आदि अनेक दूतसंवादात्मक कथाओं का उल्लेख मिलता है।[१] वैदिक काल में एक व्यक्ति अपने सन्देश को दूसरों तक पहुंचाने के लिये किसी साधन या माध्यम का दूत के रूप में सहारा लेता था। दौत्यकर्म संपादन करने वाला साधन चेतन या अचेतन होता था। सर्वप्रथम ऋग्वेद में ही श्यावाश्व ऋषि राजा रथवीति के पास अचेतन रात्रि के द्वारा उनकी पुत्री के प्रति प्रणय-संदेश तथा विवाह की प्रार्थना भेजते हैं।[२] अचेतन रात्रि को दूती बनाकर सन्देश भेजने की यह अत्यधिक रमणीय कल्पना है। रात्रि को दूती बनाकर सन्देश-प्रेषण अत्यन्त मार्मिक और रसपरिपाकपूर्ण है। यह मौलिक कल्पना विश्व में सर्वप्रथम मिलती है।

कथा साहित्य में पशु पक्षियों के माध्यम से मानव और पशु जगत् की प्रवृत्तियों का सामञ्जस्य करते हुए कौतुकपूर्ण कल्पनाविन्यास की यह रीति बहुपूर्व प्राचीन काल से ही रही है। वैदिक और बौद्ध साहित्य में ऐसी कथाओं की संख्या अगणित ही है। ऋग्वेद में सरमा नामक कुक्कुरी दूती है। बल नामक असुर के योद्धा पणि लोग जब बृहस्पति की गायों का अपहरण कर उन्हें किसी गुफा में छिपा देते हैं तब इन्द्र सरमा नामक अपनी कुतिया को पणि लोगों की गायों की खोज के लिये भेजते हैं। पणि लोग सरमा को अपने पक्ष में करना चाहते हैं। इसी विषय को लेकर सरमा एवं पणियों के बीच हुआ संवाद पशुओं द्वारा दौत्य- कर्म का प्रमाण है।[३]

---

1. ऋग्वेद - दशम मण्डल, १३० सू.
2. ऋग्वेद ५.६१.१७-१९.
3. ऋग्वेद १०.१०८ १-११

डॉ. जे. बी. चौधरी ने अपनी रचना "हिस्ट्री ऑफ दूतकाव्याज ऑफ बंगाल" में स्वीकार किया है कि दूतकाव्य का स्रोत वैदिक साहित्य ही है। डॉ. मंगलदेव शास्त्री का मत भी यही है।

लौकिक साहित्य में सर्वप्रथम यदि वाल्मीकीय रामायण में दूतकाव्य की खोज की जाय तो किष्किन्धा काण्ड़ के ४० वें सर्ग में सुग्रीव द्वारा सीतान्वेषण के लिये हनुमान् आदि वानरों को प्रेषित किये जाने का उल्लेख है जिसमें हनुमान् राम की अंगूठी के साथ उनका संदेश सीता तक पहुंचाते हैं तथा उत्तर में सीता का सन्देश चूडामणि सहित लेकर आते हैं।[१] सुन्दरकाण्ड़ में हनुमान् सीता से कहते हैं-

"अहं रामस्य सन्देशाद् देवि दूतस्तवागतः।
वैदेहि, कुशली रामः स त्वां कौशलमब्रवीत्॥"

इससे स्पष्ट है कि दूतकाव्य में मार्गदर्शन, पहचान के लिये किसी चिह्न विशेष का प्रेषण तथा औचित्यपूर्ण सन्देश ही प्रमुख होते हैं।

इस प्रकार वाल्मीकीय रामायण में दूत द्वारा संवाद भेजने की प्रक्रिया का निरूपण उपलब्ध है। हनुमान राम के संवाद को सीता तक पहुंचाने अशोक वाटिका में जाते हैं। हनुमान के द्वारा सीता को दिया गया सन्देश प्रत्येक सहृदय को द्रवीभूत करने वाला है। श्री मल्लिनाथ की यह मान्यता है कि मेघदूत के कथानक का प्रेरणास्रोत वाल्मीकीय रामायण ही है। श्री मल्लिनाथ ने तो यहां तक लिखा है- "सीतां प्रति हनुमत्सन्देशं मनसि निधाय मेघदूतसन्देशं कविः कृतवान्।" अतः वाल्मीकीय रामायण में पवनपुत्र हनुमान द्वारा सीता के लिये राम के अङ्गुलीयक के साथ संदेश लेकर जाना तथा उत्तर में सीता का संदेश चूडामणि सहित लेकर आना न केवल सर्वविदित है अपितु सर्वथा श्लाघनीय भी है।

महाभारत और उसके परवर्ती काव्यों में भी इस प्रकार के स्फुट प्रसंग प्रचुर रूप में मिलते हैं। कदाचित् महामुनि वाल्मीकि के शोकोद्गारों में भी यह भावना या अनुभूति गोपित रूप में विद्यमान दिखाई देती है।

---

1. रामायण ४.४४. १.६, १२-१३॥

महाभारत में भी दौत्यकर्म से पूर्ण कथा-प्रसंग का उल्लेख है। युधिष्ठिर ने श्री कृष्ण को दूत के रूप में हस्तिनापुर स्थित कौरवों की सभा में भेजा। इसके अनन्तर यहीं नलोपाख्यान में परस्पर सन्देश प्रेषण की क्रिया हुई है। राजा नल ने दमयन्ती के प्रति एवं दमयन्ती ने अपने सन्देश राजा नल के पास हंस के द्वारा भेजे। इस प्रकार महाभारत का हृदयहारी हंस- दमयन्ती संवाद निश्चित ही सन्देशकाव्य के प्रारम्भिक प्रेरणास्रोतों में है।[१] हंस नैषध के संदेश को ही दमयन्ती के सम्मुख उपस्थित करता है, परन्तु भाव भंगिमाओं से। महाभारत के ही एक अन्य स्थल पर स्वयं राजा नल के द्वारा देवताओं का सन्देश दमयन्ती तक पहुंचाने का उल्लेख मिलता है जो वेदान्तदेशिक के "हंससन्देश" की रचना की कथावस्तु बना। इसके अतिरिक्त भी महाभारत में अनेक प्रसंगों में सन्देशवाहकों द्वारा सन्देश पहुंचाने के उदाहरण मिलते हैं।

रामायण एवं महाभारत के इन मार्मिक प्रसंगों के अतिरिक्त श्रीमद्भागवत् में अनेक स्थलों पर सन्देश प्रेषण का स्पष्ट चित्रण हुआ है। श्रीकृष्ण सार्वभौम के "पदांकदूत" सहित अनेक दूतकाव्यों की रचना श्रीमद्भागवत् के प्रसंगों को लेकर हुई है। भागवत महापुराण में एक जगह पर गोपियाँ श्री कृष्ण के विरह में व्याकुल होकर मेघ के प्रति निज वेदना का प्रकाशन करती हैं जिसकी चर्चा विशद रूप से श्रीमद्भागवत स्कन्ध १० अ. १०-२० में है।

जरासंध के बन्दी राजाओं द्वारा कृष्ण के पास नृप-विशेष का भेजा जाना, शिशुपाल के साथ विवाह न करने की इच्छा रखने वाली रुक्मिणी का अपने अपहरण के निमित्त कृष्ण के समीप ब्रह्मदूत भेजना एवं मथुरा-निवासी कृष्ण के द्वारा नन्द, यशोदा तथा गोपियों की सान्त्वना के लिये उद्धव को प्रेषित किया जाना आदि अन्य अनेक स्थल हैं, जहाँ दौत्य- कर्म या सन्देशकथन का उल्लेख है।

इस प्रकार श्रीमद्भागवत का भी दूतकाव्यों पर ऋण है। कृष्ण के प्रेम में उन्मत्त एवं अभिमानिनी गोपियों को सबक देने के लिये श्रीकृष्ण

---

1. महाभारत ३.५३.२०.३२

स्वयं अन्तर्धान हो जाते हैं, तब वे वृक्षों से, लताओं से उनका पता पूछती फिरती हैं-

"एवं कृष्णं पृच्छमाना वृन्दावनलताँस्तरून्।
व्याचक्षत वनोद्देशे पदानि परमात्मनः॥"

इसी पद्य को मूल आधार बनाकर "पदांककाव्य" लिखा गया था। भागवत के दशम स्कन्ध के ९० वें अध्याय में श्री शुकदेव के द्वारा श्रीकृष्ण का चरित्र प्रस्तुत करने पर उनके प्रेम में विह्वल स्त्रियाँ, कुररी, चकवी, चन्द्र, चकोर, कोकिल, हंस, मेघ, नदी, पर्वत, मलयानिल से श्री कृष्ण के विषय में पूछती फिरती हैं। परवर्ती कवियों को इससे भी दूतकाव्य लिखने की प्रेरणा मिली। भागवत का वेणुगीत विशेष रूप से उद्धरणीय है, जिसकी रसविभोर कर देने वाली सुन्दर भावना की छाप संस्कृत के गीतग्रन्थों पर स्पष्टतया अंकित है।

बौद्धों के जातकग्रन्थों में पक्षियों द्वारा सन्देश ले जाने की जो कथायें मिलती हैं वे भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं हैं। भारतीय लोकजीवन में भी अनेक कथायें प्रचलित हैं, जिनमें प्रेमिकाओं के विरह- जनित संदेश को प्रेमियों तक पहुँचाने का कार्य तोता-मैना या ऐसे ही किसी पक्षी ने किया है। प्राचीन संस्कृत साहित्य एवं लोकजीवन में यत्र-तत्र बिखरे यही सन्देश- प्रसंग चतुर कवियों के द्वारा प्रबन्द्ध सन्देशकाव्य के रूप में हमारे सामने आये।

इसके पश्चात् दौत्यिकपूर्ण रचनाओं का क्रमिक विकास होता गया। महाकवि भास ने दो संदेशपरक नाटक लिखे- दूतवाक्य और दूतघटोत्कच। इससे स्पष्ट है कि वैदिक साहित्य में दूतकाव्य या सन्देशकाव्य के जो अंकुर प्रस्फुटित हुए थे, वे इस काल तक आते-आते अधिक विकसित हो चुके थे और सन्देशकाव्य परम्परा उत्तरोत्तर प्रवाहित होती चल रही थी। उपर्युक्त साहित्य के द्वारा विकसित होता हुआ सन्देशकाव्य आगे चलकर सर्वप्रथम कालिदास के मेघदूत के रूप में अपने स्वतन्त्र अस्तित्व में आया।

संस्कृत साहित्य में दूतकाव्य- परम्परा

प्राचीन संस्कृत साहित्य एवं लोक-जीवन में यत्र-तत्र बिखरे संदेशप्रसंग गीतिकाव्य के चतुर चितेरों की तूलिका के द्वारा प्रबन्धमय सन्देशकाव्य के

रूप में हमारे सामने आये। संस्कृत साहित्य में स्वतन्त्र रूप से सन्देशकाव्यों की एक दीर्घ परम्परा रही है। सन्देश- काव्य या दूतकाव्यों की परम्परा में "मेघदूत" और "घटकर्पर" काव्य पहली कृतियां हैं। इन दोनों के रचयिता क्रमशः महाकवि कालिदास और घटकर्पर कवि हुए। इन दोनों काव्यों में किसकी रचना पहले हुई, इस सम्बन्ध में एक निश्चित मत अभी निर्धारित नहीं हो पाया है। धन्वतन्तरि, क्षपणक, अमरसिंह, शंकु, वैतालभट्ट, घटकर्पर और कालिदास, इन सबको विक्रमादित्य की विद्वत्सभा का भूषण कहा गया है।[१] इस नामावली में घटकर्पर को पहले और कालिदास को बाद में रखा गया है, किन्तु यह पूर्वापर का सम्बन्ध उनकी स्थिति पर कोई भी विश्वसनीय प्रकाश नहीं डालता है।[२] छंद-रचना की दृष्टि से ही कदाचित् यह पूर्वापर का क्रम रखा गया हो, और इसके अतिरिक्त कथंचित् इसमें भी सन्देह है कि "ज्योतिर्विदाभरण" की उक्त बात ही सर्वथा कल्पित हो। फिर भी इन दोनों दूतकाव्यों में से मेघदूत ही अधिक प्राचीन तथा प्रसिद्ध माना जाता है। इसमें कवि ने विरही यक्ष के माध्यम से विरही मानव हृदय की विकलता विह्वलता ओर उत्कंठित मनोव्यथा का गेय रूप में हृदयस्पर्शी वर्णन किया है। कालिदास द्वारा मेघदूत जैसे गीतिकाव्य को सन्देश की श्रृंखला में निबद्ध करके अनेक परवर्ती कवियों के गीतिकाव्य को सन्देशकाव्य रूपी प्रबन्ध में गूंथने की प्रेरणा प्रदान की।

कवि घटकर्पर का "घटकर्पर" दूतकाव्य २२ छन्दों में निबद्ध है। घटकर्पर ने भी विषयवस्तु, भावानुभूति, भाषा- शैली एवं छन्द आदि के लिये मेघदूत के मानदण्ड को ही स्वीकार किया है।

घटकर्पर और कालिदास की इन दोनों कृतियों का परवर्ती सन्देश-साहित्य पर पर्याप्त प्रभाव लक्षित होता है। कृष्णमाचार्य का "मेघसंदेशविमर्श", कृष्णमूर्ति का "यक्षोल्लास", रामशास्त्री का "मेघप्रतिसन्देश", रामचन्द्र का "घनवृत्तम्" और मैथिल कवि महामहोपाध्याय परमेश्वर झा का "यक्षसमागम" इस प्रभाव के परिचायक काव्य हैं।

सन्देशकाव्यों की प्रणयन परम्परा में जैन कवियों का बड़ा योग एवं उत्साह रहा है। जैनकवि जिनसेन (८१४ ई.) ने जैन तीर्थंकर भगवान्

1. ज्योतिर्विदाभरण
2. डॉ. यतीन्द्र विमल चौधरी : हिस्ट्री ऑफ दूतकाव्याज़ ऑफ बंगाल, पृष्ठ ९, १९५३ ई.

पार्श्वनाथ के जीवनचरित पर चार सर्गों में एक "पार्श्वाभ्युदय" काव्य लिखा। इसी शैली में एक अन्य विक्रम कवि (१५वीं श.) ने भी स्वामी नेमिनाथ के जीवन पर "नेमिदूत" काव्य रचा।[१]

मध्यकालीन जैन कवियों में बृहत्तपागच्छीय चारित्र्यसुन्दरगणि (१४८४ वि.) द्वारा लिखित धार्मिक एवं नैतिक विषयों से सम्बद्ध "शीलदूत"[२] और किसी अज्ञातनामा कवि का "चेतोदूत" इस परम्परा में उद्धरणीय ग्रन्थ हैं। खरतरगच्छीय कवि विमलकीर्ति (१७वीं श) का "चन्द्रदूत" भी अच्छा काव्य है।[३] एक विज्ञप्ति के रूप में उपाध्याय मेघविजय का "मेघदूतसमस्या" (१७२७ वि. में रचित) अपेक्षाकृत कुछ कम महत्व का काव्य है।[४] इसी सरणि में मैसूर के कवि रामशास्त्री ने मेघप्रतिसन्देशकाव्य लिखा।[५] वह कृष्णराय (द्वि.) का सभाकवि था।

सन्देशकाव्यों की प्रौढ़ परम्परा

इस प्रकार के सन्देशकाव्यों की प्रौढ़ परम्परा का आरम्भ १३वीं शताब्दी से हुआ। बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन (१२वीं शताब्दी) के सभा पण्डित एवं सुप्रसिद्ध कवि जयदेव के सहकारी विद्वान् धोयी का "पवनदूत" इस शताब्दी का पहला एवं प्रभावशाली सन्देशकाव्य है। १३वीं शताब्दी में ही अवधूतराम योगी ने भी १३८ श्लोकात्मक काव्य "सिद्वदूत" लिखा। इसी शताब्दी में अब्दुल रहमान नामक एक मुसलमान कवि ने अपभ्रंश भाषा में "सन्देशरासक" नामक सुंदर दूतकाव्य लिखा।[६] १५वीं शताब्दी में कवि विष्णुदास ने "मनोदूत" की रचना की। इसी नाम से एक ग्रन्थ रामशर्मा ने भी लिखा है, जो अभी तक अप्रकाशित ही है। माधव कवीन्द्र भट्टाचार्य ने भी लगभग १६वीं शताब्दी में "उद्धवदूत" लिखा। गौडीय सम्प्रदाय के विद्वान भक्त रूप गोस्वामी (१७वीं श.) ने "उद्रवसन्देश" काव्य लिखा। इसी नाम के एक दूसरे विद्वान हंसयोगी ने "हंसदूत" लिखकर इस परम्परा को चमकाया। इसमें भक्ति और जीवात्मा का संवाद है।

---

1. गुणविजयगणि की संस्कृत, टीका तथा हिन्दी पद्यानुवाद के साथ कोटा (राजस्थान) से २००५ वि. में प्रकाशित।
2. अगरचन्द नाहटा, नेमिदूत की प्रस्तावना, पृष्ठ ६२१-६२३
3. व्रजभारती, मथुरा, ज्येष्ठ २०१४ वि., वर्ष १५, अंक। (यशोविजय ग्रन्थमाला में प्रकाशित)
4. जे.ए.एस.बी., न्यू सीरिज, वाल्यूम ५, पृष्ठ ४७३ तथा जे.ए.एस.बी., पार्ट १, पृष्ठ २, १८१६
5. गवर्नमैन्ट प्रेस, मैसूर
6. बलदेव उपाध्याय : "मेघदूत : प्रसार तथा प्रभाव" जनभारती, वर्ष ४, अंक २, २०१३

१७वीं शताब्दी में श्री रुद्र न्यायवाचस्पति ने "पिकदूत" लिखा। भट्टारक ज्ञानभूषण के प्रशिष्य वादिराज (१७ वीं श.) ने भी "पवनदूत" नामक एक दूतकाव्य रचा।[१] बंगदेशीय राजा रघुनाथराय (१६३७-१६५० श.) की आज्ञा से श्री कृष्ण सार्वभौम ने "पादांकदूत" लिखा, जिसका रचनाकाल १६३७ शक है। इसी परम्परा का व्यापक विस्तार आगे लम्बोदर वैद्य ने "गोपीदूत" त्रिलोचन ने तुलसीदूत (१७३ ई. में रचित), वैद्यनाथ ने एक दूसरा "तुलसीदूत", हरिदास ने "कोकिलदूत" (१७१७ शक में रचित), सिद्धनाथ विद्यावागीश ने १७वीं शताब्दी के लगभग "पवनदूत", इसी शताब्दी में कृष्णनाथ न्याय-पंचानन ने "वातदूत" को रचकर किया।

आधुनिक कवि भोलानाथ ने "पांथदूत"[२], रामदयाल तर्करत्न ने "अनिलदूत", अम्बिकाचरणदेव शर्मा ने "पिकदूत", गोपालशिरोमणि ने एक प्रहसन रचना "काकदूत", गोपेन्द्रनाथ गोस्वामी ने १७वीं शताब्दी के लगभग "पादपदूत", १९वीं शताब्दी के अन्त में त्रैलोक्यमोहन ने "मेघदूत", कालीप्रसाद ने "भक्तिदूत", रामगोपाल ने "काकदूत" (१७१८ शक में रचित), महामहोपाध्याय अजितनाथ न्यायरत्न ने बंग संवत् १३२६ में "बकदूत" और रघुनाथदास ने १७वीं श. के आस-पास "हंसदूत"[३] की रचना करके सन्देश काव्य परम्परा को आगे बढाया।

रामकथाविषयक दूतकाव्य

"मेघदूत" की शैली पर लिखे गये रामकथाविषयक दूतकाव्यों में वेदांतदेशिक (वेंकट देशिक, वेंकटनाथ, वेदान्ताचार्य) ने १३वीं शताब्दी में "हंससन्देश" लिखा, जिसमें लंका में वियोगिनी सीता के प्रति हंस द्वारा भगवान् राम का वियोग सन्देश प्रेषित है। नैयायिक रुद्र वाचस्पति (१७वीं श.) का "भ्रमरदूत", वासुदेव का "भ्रमरसन्देश", किसी अज्ञातनामा लेखक का "कपिदूत", वेंकटाचार्य (१७वीं श.) का "कोकिल सन्देश" और गोपीकांत भट्टाचार्य के पुत्र कृष्णचन्द्र तर्कालंकार (१८वीं श) का "चन्द्रदूत"[४] इस रामकाव्य परम्परा के उल्लेखनीय संदेशकाव्य हैं। जोधपुर के स्वर्गीय कवि नित्यानंद शास्त्री द्वारा रचित "हनुमद्दूत" भी इसी परम्परा का काव्य है।

---

1. नाथूरामप्रेमी : जैन साहित्य और इतिहास, पृष्ठ ३८७ (द्वितीय संस्करण) २.
2. डॉ. जे.बी. चौधरी, संस्कृत दूतकाव्य सीरीज, वाल्यूम ५, कलकत्ता १९४९
3. दिनेश चन्द्र सेन : बंग साहित्य- परिचय- पृष्ठ ८५०
4. हरप्रसादशास्त्री : नोटिसेज ऑफ संस्कृत मैन्युस्क्रिप्ट्स, वाल्यूम २, पृष्ठ १५३

कुछ अप्रसिद्ध संदेशकाव्य

इसी प्रकार उदण्ड नामक एक कवि (१४वीं श.) ने मेघदूत की शैली का एक गीतिपरक प्रेमकाव्य "कोकिल-सन्देश" का निर्माण किया था। इसी प्रसंग में मेघदूत के अक्षरशः अनुकरण पर लिखा हुआ वामनभट्ट बाण (१५वीं श.) का "हंससन्देश"[१] भी उल्लेखनीय है। इसी श्रेणी के कुछ कम प्रभावोत्पादक संदेशकाव्यों में पूर्ण सरस्वती का "हंससन्देश", विष्णुत्राता (१६वीं श.) का "कोकसन्देश", वासुदेव कवि का "मृगसन्देश" और विनयप्रभ (१३वीं श.) का "चन्द्रदूत" उल्लेखनीय है। विनयविजयमणि का "इन्द्रदूत", तैलंग व्रजनाथ का "मनोदूत", भगवद्दत्त का "मनोदूत" और लक्ष्मीनारायण का 'रथांगदूत' भी इसी कोटि के हैं।

संस्कृत में लिखे गए दूतकाव्यों की इस लम्बी परम्परा को देखकर सहज ही में उनकी लोकप्रियता का रहस्य प्रकट हो जाता है। इन सभी सन्देशकाव्यों में किसी न किसी को दूत बनाया गया है, चाहे वह चेतन हो या अचेतन। आलंकारिक भामह ने इस प्रकार अचेतन पदार्थों को दूत बनाने से असहमति प्रकट करते हुए इसको अनौचित्य की संज्ञा दी है। उसने कहा है-

अयुक्तिमद्यथा दूता जलमृन्मारुतेन्दवः

तथा भ्रमरहारीतचक्रवाकशुकादयः।

अवाचो युक्ता वाचश्च दूरदेशविचारिणः

कथं दूत्यं प्रपद्येरन्निति युक्त्या न युज्यते॥

यद्यपि इस मत पर रचनाकारों द्वारा विशेष ध्यान नहीं दिया लगता है परन्तु इस से यह तो सिद्ध हो ही जाता है कि उस समय तक ऐसे बहुत से काव्य प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके थे।

भामह का समय ईसा की छठी शताब्दी माना जाता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि संस्कृत साहित्य में दूतकाव्य परम्परा के आदि ग्रन्थ मेघदूत से लेकर आज तक अनेक दूतकाव्य लिखे गये हैं और अभी भी लिखे ही जा रहे हैं।

---

1. प्राच्यवाणी मन्दिर, संस्कृत दूतकाव्य संग्रह, वाल्यूम ४, कलकत्ता

संस्कृत में ९० से भी अधिक दूतकाव्यों का अब तक पता चला है। दूतकाव्य कल्पना की मनोहारिता से रसिकों को मुग्ध करते हैं। दूतकाव्य की परम्परा के उद्भावक कालिदास हैं। आधुनिक काल तक मेघदूतानुसारी सहस्रावधि दूतकाव्य लिखे गये हैं। आज भी कुछ कवियों ने सफलतापूर्वक कालिदास के राग में राग मिलाकर इस परम्परा को विकसित रखा है। अद्यावधि स्फुट रूप में, पत्र-पत्रिकाओं में संस्कृत सन्देशों की रचना हो रही है।

संस्कृत दूतकाव्य- परम्परा में मेघदूत के अनुकरण पर लिखा हुआ प्रथम उपलब्ध काव्य धोयी का पवनदूत ही है जो दूत- काव्य की परम्परा का उज्जीवक कहा जा सकता है। प्राय: सभी अनुकरणात्मक दूतकाव्यों में मूल की सहज रसात्मकता नहीं आ पायी है। विषय, उद्देश्य और शैली की दृष्टि से उनमें वैविध्य है, फिर भी अधिकतर श्रृंगार ही वर्ण्यविषय रहा है। और मन्दाक्रान्ता छन्द ही प्रयुक्त हुआ है।

आधुनिक साहित्य में सन्देशकाव्य

इस युग में सन्देशवाहक जहां कालिदास की परम्परा में मेघ भी हैं, वहीं प्रकृति के अन्य तत्वों यथा पवन व चन्द्रमा को भी संदेशवाहक बनाया गया है। महाकवि कालिदास ने तो दृश्य वस्तु को सन्देश ले जाने के लिये चुना था, किन्तु इस युग के कवियों ने मन, बुद्धि व प्राण जैसी अदृश्य वस्तुओं को भी यह कार्य सौंपा है। सन्देशवाहाकें में सर्वाधिक संख्या पक्षियों की है जिनमें हंस, कपोत, काक, श्येन, शुक, कोकिल, बक, गरुड, नीलकंठ व चातक आते हैं। इस कार्य के संपादन के लिये कवियों ने जहां एक ओर मधुकर को चुना है वहीं दूसरी ओर उनकी सेवा में पादांक व मुद्गर भी हैं। कालिदास के सन्देशवाहक के सम्बन्ध में प्राचीन आचार्य भामह का आक्षेप था कि अचेतन चेतना का कार्य कैसे कर सकता है, और संभवत: इसी दृष्टि से आधुनिक युग के कतिपय कवियों ने पान्थ, विप्र, वल्लभ व हनुमान को सन्देश ले जाने का कार्य सौंपा है।

इस युग के सन्देशकाव्यों की परम्परा में ब्रजनाथ तैलंग (१७२०-२१) का "मनोदूतम्" सर्वप्रथम आता है। महाभारत की द्रौपदी का चीरहरण कथा इसका आधार है। सभाभवन में दु:शासन के द्वारा वस्त्र खीचें जाने पर द्रौपदी मन को दूत बनाकर श्रीकृष्ण के पास भेजती है। विज्ञसूरि वीर राघवाचार्य (१८५५-१९२०) तथा लक्ष्मणसूरि (१८५९-१९१९) ने "मानस सन्देश" नामक दो पृथक-पृथक् दूतकाव्यों की रचना की है।

१७८५- १७९२ ई. के मध्य किसी अज्ञातनामा केरलीय कवि द्वारा लिखा गया "चातक-सन्देश" मिलता है, जिसका सन्देशकाव्यों में महत्वपूर्ण स्थान निरूपित किया जाता है।

पुन्नश्शेरि श्रीधर नम्बि (१७७४- १८३२) का "नीलकण्ठ-सन्देश" विषय की दृष्टि से बिल्कुल नवीन है।

महेशचन्द्र तर्कचूडामणि के प्रपितामह कृष्णचन्द्र तर्कालंकार के "चन्द्रदूतम्" में राम सीता के पास चन्द्रमा को दूत बनाकर भेजते हैं जब कि मूरियल नारायण नम्बीश (१८५२-१९२२) अपने "इन्दुसन्देशम्" में इन्दु को अपनी पत्नी के पास सन्देश लेकर भेजते हैं।

हंस द्वारा सन्देशवाहन का कार्य सात काव्यों में मिलता है। वसु ग्राहराज (१७९० -१८६०) का "हंसदूतम्", कृष्ण ब्रह्मतन्त्र परकाल स्वामी (१८३९-१९१६) का हंस सन्देशः (१८९९), मूरियल नारायण नम्बीश (१८५२-१९२२) का "हंससन्देश"। अन्य दो काव्यों के लेखकों के नाम प्राप्य नहीं हैं।

कुट्मत्तु कुंज्जुनि कुरुप्प (१८१३-१८८५) ने अपना "कपोत-सन्देश" कालिदास के मेघदूत के अनुकरण में लिखा है। इसके साथ ही त्रिशूर तैक्काट नारायण मूष (१८७१-१९०८) का भी "कपोत सन्देश" नामक दूतकाव्य मिलता है।

कृष्णनाथ शर्मा न्यायपंचानन भट्टाचार्य (१८३०-१९००) ने १८४५ ई. में १०० मन्दाक्रान्ता वृत्तों में "वातदूतम्" की रचना की थी। चिरलयन्त रामवर्म कुंजुन्नि राजा (१८६१-१९४३) का भी "पवनसन्देशः" सन्देशकाव्य मिलता है जिसमें पवन को ही दूत बनाया गया है। कुंजुन्नि राजा के "पवनसन्देशः" के समान जी.वी. पद्मनाभाचार्य (१८७०-१९१९) का "पवनदूतम्" भी रामकथा पर आधारित है।

विजयराघवाचार्य वीरवल्ली का "सुरभिसन्देशः" अपेक्षाकृत नई "टेकनीक" को लेकर लिखा गया है। भोलानाथ ने दो दूतकाव्यों की रचना की है- एक है "पादांकदूतम्" तथा दूसरा है "पान्थदूतम्"।

गौर गोपाल शिरोमणि तथा चिन्तामणि सहस्रबुद्रे ने "काकदूतम्" नामक अलग-अलग काव्य लिखकर दूतकाव्य की परम्परा में व्यंग्य को उपस्थापित करने का नया प्रयास किया है। वयस्कर आर्यन् नारायण मूष (१८४२-१९०२) ने "श्येनसन्देशः" नामक काव्य आरम्भ किया था, किन्तु उसके ३८ श्लोक ही प्राप्त होते हैं।

श्रीमती त्रिवेणी (१८१७-१८८८) ने "शुकसन्देशम्" व "भृंगसन्देशम्" दो उत्कृष्ट दूतकाव्यों की रचना की। सुब्रह्मण्य सूरि (१८५०-१९१३) के "बुद्धिसंदेशः", रंगनाथाचार्य के "शुकसन्देशः", पंचानन तर्करत्न (१८६६-१९४१) के "प्राणदूतम्", महामहोपाध्याय अजितनाथ न्यायरत्न के "बकदूतम्" व राजगोपाल चक्रवर्ती (१८८२-१९३४) के "मधुकरदूतम्" में उच्च कोटि की कल्पना मिलती है।

मन्दिकल सी. एन. रामशास्त्री ने "मेघप्रतिसन्देशम्" १८६६ ई. में लिखा था। त्रैलोक्यमोहन गुह का "मेघदूतम्" भी ऐसा ही एक काव्य है। परमेश्वर झा (१८५६-१९२४) ने "यक्षसमागमः" (१९९५) काव्य लिखकर दोनों प्रेमियों को मिलाने का कार्य किया है।

लक्ष्मणसूरि के "विप्रसन्देशम्" (१९०६) में रुक्मिणी एक विप्र को अपना दूत बनाकर कृष्ण के पास भेजती है, तथा कवि सार्वभौम कुंडगल्लूर कुञ्चुन्नि तम्बुरान के "विप्रसन्देशम्" (१९१९) में तीस वर्षीय एक दक्षिण देशीय ब्राह्मण वाराणसी से एक विप्र के माध्यम से त्रिवेन्द्रम में निवास करने वाली अपनी प्रियतमा के पास सन्देश भेजता है।

तीन कवियों ने अपने सन्देशवाहन का कार्य कोकिल को सौंपा। ये काव्य हैं- प्रमथनाथतर्कभूषण का "कोकिलदूतम्", रंगाचारी का "पिकसन्देशम्" तथा म.क. कोचनर सिंहाचार्य का "पिकसन्देशः"।

"गरुडसन्देशः" नाम से दो काव्य मिलते हैं। एक के लेखक हैं वेल्लम कोण्डरामराय (१८७५-१९१३) तथा दूसरे काव्य की रचना की है कोच नरसिंहाचार्य ने।

रामावतार शर्मा (हिन्दू बनारस वि.वि.) का (१८७५-१९२८) "मुद्गरदूतम्" (१९१४) एक सामाजिक व्यंग्य है। बटुकनाथ शर्मा (१८९५-१९१४) का "वल्लभदूतम्" भी इसी प्रकार का एक व्यंग्य काव्य है।

नित्यानंद शास्त्री के "हनुमद्दूतम्" का (१९२८) सन्देश काव्यों में विशिष्ट स्थान है।

इनके अतिरिक्त सुधाकर शुक्ल ने "देवदूतम्" की रचना की। कवि पण्डित श्रीहरचन्द्र काव्यतीर्थ ने "शुकदूतम्" सन्देशकाव्य लिखा तथा "प्लवङ्गदूतम्" की रचना वनेश्वर पाठक ने की। इसी प्रकार प्रबोधकुमार मिश्र ने "स्वप्नदूतम्" में स्वप्न से दूत का कार्य करवाया है। जग्गूवकुलभूषण ने "अद्भुतदूतम्" की रचना की।

उपर्युक्त विवरण से यही निष्कर्ष निकलता है कि संस्कृत के आधुनिक साहित्य में आज भी अनेक दूतकाव्यों की रचना की जा रही है।

कवि नीलकण्ठ शुक्ल एवं उनकी कृतियां

कवि-परिचय

कवि नीलकण्ठकल्पित गुणदूतकाव्य से संस्कृत के दूतकाव्यों की मणिमाला में एक और मूल्यवान् मनका जुड़ जाता है। सुप्रसिद्ध महान् सूचीकार थिओडार ऑफ्रैक्ट ने अपने संस्कृत के वृहत् सूचीपत्र में नीलकण्ठ को "चिमनीचरितम्" और "शब्द-शोभा-व्याकरण" का कर्ता लिखा है। शब्द-शोभा-व्याकरण प्रारम्भिक व्याकरण का ग्रन्थ है और चिमनीचरितम् अथवा चीमणी-चरितम् एक प्रेमकाव्य है।

शब्दशोभा व्याकरण का रचना काल १६३७ ई. और 'चिमनीचरितम्' का १६५५ ई. है। गुणदूत का रचना काल १६५८ ई. है जो भी कवि के रचना समय में ही पड़ता है।

इन दोनों कृतियों के अतिरिक्त 'गोविन्द जी' ने अपनी "सम्यालंकार" रचना में दस पद्य उद्धृत किये हैं जिनमें से एक का उल्लेख "चिमनीचरित्रम्" के सम्पादक एन.ए. गोरे महोदय ने किया है। (जर्नल ऑफ ओरियण्टल स्टडीज वोल्यु १; संख्या (१))।

गोरे और आफ्रैट दोनों ही ने नीलकण्ठ को शुक्ल अवटंकधारी लिखा है। उसके पिता का नाम जनार्दन शुक्ल था और उसकी माता हीरा वाछाचार्य अथवा वत्साचार्य की पुत्री थी। वह शैव मतावल्मबी था, जैसा कि उसकी कृतियों में समर्पण-पद्यों से अभिव्यक्त होता है।

जोधपुर में ब्रह्मपुरी बस्ती के निवासी स्व. पंडित बद्रीनाथ भट्ट अपने को इस कवि से सम्बद्ध बताते थे। उनकी मातामही भी वाछाचार्य के वंश में उत्पन्न हुई थी। रॉयल एशियाटिक सोसाइटी की बम्बई शाखा के पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. एन.ए. गोरे ने कवि नीलकण्ठ के "चिमनीचरितम्" काव्य का सर्वप्रथम समीक्षात्मक सम्पादन १९४९ ई. में किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा है कि उस समय तक नीलकण्ठ की दो कृतियां "चिमनीचरितम्" और "शब्दशोभा व्याकरण" ही प्रकाश में आयी थीं। आगे चलकर उन्हीं महाशय ने १९५३ में नीलकण्ठ रचित एक और रचना "अधरशतकम्" का

भी सम्पादन किया जो जर्नल ऑफ दी युनिवर्सिटी ऑफ पूना से प्रकाशित हुआ। गोरे ने नीलकण्ठ की चार कृतियों का उल्लेख किया है-

(१) श्रृंगारशतकम्- ११६ पद्यात्मक, जिसका रचनाकाल १६३१ ई. उल्लिखित है।

(२) शब्दशोभाव्याकरण (व्याकरण का एक लघु ग्रन्थ) जिसकी रचना १६३७ ई. में हुई।

(३) चिमनीचरितम् का रचना काल १६५६ ई. बताया गया है।

(४) जारजातशतकम् की पद्य संख्या ११० है। इसका रचनाकाल वेबर के मतानुसार १६६१ से १६७० के बीच का है।

नीलकण्ठ की पांचवीं रचना 'अधरशतकम्' है जिसका रचनाकाल १६६१ ई. है।

स्व. परशुराम कृष्ण गोड़े ने युयुत्सु नीलकण्ठ शुक्ल के विषय में एक लेख लिखा है जो न्यू इंडियन एन्टीक्वेरी वोल्यु ५ संख्या ८, नवम्बर, १९४२ में प्रकाशित हुआ। उन्होंने नीलकण्ठ को भट्टोजि दीक्षित का युयुत्सु (झगडालु) शिष्य लिखा है और तन्निर्मित पांच कृतियों की तालिका इस प्रकार दी है-

	कृतिनाम	रचना काल	विशेष
(१)	श्रृंगारशतकम्	१६३१ ई.	काव्य
(२)	शब्दशोभा	१६३७ ई.	व्याकरण
(३)	चिमनीचरितम्	१६५६ ई.	एक समकालीन प्रवाद पर आधारित जो मुस्लिम रईस अल्लाहवर्दी खां तुर्कमान के जनानखाने में घटित हुई।
(४)	ओष्ठशतकम अथवा अधर शतकम्	१६६१ ई.	नायिका के अधर के विषय में
(५)	जारजातशतकम्	वेबर ने निश्चित तिथि नहीं दी है।	वागपहार (काव्यचौर्य) के विषय में

प्रो. गोड़े ने श्रृंगारशतक का उल्लेख एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल, कलकत्ता के पण्डित हरप्रसाद शास्त्री द्वारा निर्मित्त काव्यों की विवरणात्मक सूची के आधार पर किया है। उनका यह लेख स्वाध्याय मण्डल परदी (सूरत) से प्रकाशित १९४९ में प्रकाशित हुआ था।

उपर्युक्त सूची में अब कवि नीलकण्ठ की एक और कृति "गुणदूत काव्य" को भी यहां समायोजित किया जा रहा है। यह कृति जयपुर के पोथीखाना संग्रह में संख्या १६३ पर उपलब्ध है। (लिटरेरी हैरिटेज ऑफ दी रूलर्स ऑफ आमेर एण्ड जयपुर, १९७० ई. पृष्ठ २८)। यद्यपि इस काव्य में कवि ने अपने विषय में कोई विशेष सूचना नहीं दी है तथापि यह विश्वास करने के लिये पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध है कि इस काव्य का कर्ता वही नीलकण्ठ है जिसकी पांच रचनाओं की सूची प्रो. गोड़े ने दी है।

इनके अतिरिक्त गुणदूत में ही एक रचना जगन्मंगला स्तोत्र की भी सूचना संदृब्ध है।

नीलकण्ठ की सभी कृतियां जिनका उल्लेख विद्वानों ने किया है उन पर "जयति जयन्तीपतिर्जगति" आरम्भ में लिखा हुआ मिलता है।

प्रो. गोरे ने "जयन्तीपति" शब्द पर प्रकाश डालने के लिये विद्वानों का आह्वान किया है।

वास्तव में "जयन्तीपति" का अर्थ है "गौरीपति" जैसा कि मेदिनीकोश में लिखा है "जयन्ती वृक्षभिद्गौर्योरिन्द्रपुत्रीपताकयोः"

अतः "जयन्तीपति" का अर्थ हुआ शिव जिनका नीलकण्ठ परम भक्त था।

प्रायः अपनी सभी कृतियों के अन्त में नीलकण्ठ ने यह उल्लेखित किया है-

"कवि नीलकण्ठकल्पितं" अथवा "नीलकण्ठकविकल्पितं"

"इति नीलकण्ठ कवि कल्पितं चिमनीचरितम् समाप्तम्"

"इति श्रीनीलकण्ठविरचितं ओष्ठशतकं सम्पूर्णम्"

"इति नीलकण्ठकल्पितम् श्रृंगारशतकम् शिवार्पणमस्तु"

इसी प्रकार गुणदूतकाव्य के अन्त में भी लिखा है-

"इति नीलकण्ठकविकल्पितं गुणदूताभिधानं काव्यं शिवार्पणमस्तु"

कवि नीलकण्ठ शैव थे। उनके शैव होने का प्रमाण निम्न उद्धरणों से मिलता है-

(१) ओष्ठशतक में "कवि नीलकण्ठशर्मशैवनिर्मिमेनं"।

अन्य ग्रन्थों के समर्पण पद्य-

चिमनीचरितम्-

ज्ञानं नश्येन्न कथमथवा न प्रमोहो भवेद्वा
कस्मादस्य व्यधित यदयं द्वैतबुद्धिं महेशे।
चित्रं तत्तु स्फुरति विरते ज्ञानजातेऽपि जाते
मोहेऽप्येतन्मनसि भगवानात्मभूराविरासीत्॥ १॥
रिक्तीकृते निजतया भवभूतिमुख्यै-
र्भिक्षाटनं कृतवतः पुनरूञ्छवृत्या।
क्षेत्रे यदत्र खननेन ममार्थलाभो
यः कोप्यभूदिह महेशकृपयैव हेतुः॥ १०३॥
मिहिरमुनीन्दुमितेऽब्देऽतिक्रान्ते विक्रमादित्यात्
शिवरात्रौ शिवपदयोर्निजकृतिराधायि नीलकण्ठेन॥ १०८॥

शब्दशोभाव्याकरण में-

त्रिनवषडेकमब्देऽतिक्रान्ते विक्रमादित्यात्।
शिवरात्रौ शिवपदयोर्निजकृतिराधायि नीलकण्ठेन॥

श्रृंगारशतक में-

त्रिदिवमपि विजेतुं प्रस्थितात् साहसांकात्
मुनिवसुरसचन्द्रैः सम्मितेऽब्दे व्यतीते

अपचितिविधयैनामात्मनः काव्यक्लृप्तिं

शिपपदि शिवरात्रौ नीलकण्ठो व्यधात्॥

इति नीलकण्ठकल्पितं श्रृंगारशतकम् शिवार्पणमस्तु॥

इसी प्रकार गुणदूत काव्य में भी नीलकण्ठ शिव अथवा महेश का अनेक बार स्मरण करके उनको नमस्कार करता है।

गुणदूत काव्य का सार–संक्षेप

गुणदूत काव्य में नीलकण्ठ ने अपने काव्यगुण को ही दूत बनाकर आम्बेर के महाराजकुमार रामसिंह के पास भेजा है। यह उसकी एक अभिनव कल्पना है। इस काव्य में प्रथमतः तो कवि कालिदासविरचित "मेघदूत" काव्य के समान मार्ग का निर्देश करता है और फिर उसके अनन्तर सन्देश का वर्णन है।

पथ– वर्णन

कवि अपने दूत को ब्रध्नपुर से उसका सन्देश लेकर शीघ्र आम्बेर नगरी को जाने के लिये कहता है-

"हे प्रिय मित्र ! यहां ब्रध्नपुर से शीघ्र ही तुमको मेरा सन्देश लेकर अत्यन्त सुन्दर आम्बेर नगरी को जाना चाहिये। तुम्हारे प्रस्थान के लिये उद्यत होने पर मैं जिस मार्ग का वर्णन करूं वह और उसके अनन्तर मेरे सन्देश को हे सूक्तनायक ! तुम सुनोगे।" ७॥

कवि ने अपने दूत (गुण) को राजपुर से प्रस्थान करते समय नीलकण्ठ महादेव के दर्शन करने का आदेश दिया है।

"शिवजी के मन्दिर के दर्शन के अनन्तर, अम्बिका के मन्दिर में जाना और फिर वहाँ से बाँके-बिहारी के मन्दिर में जाना जहां पर सुन्दर नर्तकियां घूमर लेने से हिलते हुये वस्त्रों के कारण कंचुकों में ढके हुये उन्नत स्तन मण्डलों की शोभा से युक्त नित्य ही नृत्योत्सवों में दिखाई देती हैं।"

"मन्दिर आदि के दर्शन करते हुये तथा मार्ग के अन्य कुतूहलों को देखते हुये तुम मोकल ग्राम से शिवजी का स्मरण करके बीकन ग्राम

को जाना। जहां पर दर्जिनें अपने दिव्य गुणों (सूत्रों) से वस्त्र-पटों को संयुक्त करती हैं। वहां थोड़ी देर ठहर कर पार्वजूक ग्राम में जाना जहां तुम्हें अधिक समय ठहरने की आवश्यकता नहीं है। पार्वजूक ग्राम से अकबरपुर के पास शान्तिप्रदा नर्मदा नदी के दर्शन करना और उसमें स्नान करते समय मेरा भी स्मरण कर लेना। वहीं नर्मदा तट पर रात्रि बिताकर सहयात्रियों सहित जहांगीर ग्राम की ओर प्रस्थान करना और उसी ग्राम में रात्रि बिताना। उस मार्ग में अनेक शिवालय हैं और वहां से प्रस्थान करते समय सहयात्रियों के साथ शिवचर्चा से मार्ग आसानी से कट जायेगा।

"देवपालपुर पहुंचने पर उस विशाल जलाशय को देखना जिसमें जम्भारि और पर्वतारि (इन्द्र) से डरकर मैनाक पर्वत शरण लेने का मन बनाता है। वहां से उज्जयिनी नगरी को मार्ग जाता है, जहां पिशाचमोचन तीर्थ के दर्शन करने पर यात्रियों के पापपाश विगलित हो जाते हैं। यह स्थान तापी, नर्मदा तथा प्रयाग में स्नान करने के समान फलदायक है।"

वहां **उज्जयिनी** में पवित्र नदी शिप्रा के जल में स्नान करके महाकाल के दर्शन करने का निर्देश कवि ने किया है। वहां पर कवि अपने दूत को शिप्रा के जल से भरे हुये घटयुगल को कंधों पर ले जाकर महाकाल पर अभिषेक करने का भी निर्देश करता है। ऐसा करने में यदि वह स्वयं असमर्थ हो तो किसी को पारिश्रमिक देकर इस कार्य को करा लेना चाहिए।

यदि कैलाश के दर्शन करने हों तो किसी उत्तुंग भवन की छत पर चले जाना। वहां पर विश्राम करने के लिये कवि अपने शिष्य नाथू के घर का पता बताता है। वह यात्रियों के ठहरने के लिये आदर्श स्थान है। दूसरे दिन प्रातः **पिप्पल ग्राम** को जाना जहां पर एक सुन्दर उद्यान है। वहां से **खाचरोद** होते हुये **हिंगोरग्राम** और फिर **मन्दसौर** पहुंच कर वहां की स्त्रियों के भावशून्य नेत्रों को देखना। इसके आगे **लखमढ़ी, बडली, विक्रमपुर, शतस्कम्भक** (सौखम्भापुर) ग्रामों से होते हुये **चित्रकूट (चित्तौड़)** पहुंचने का मार्ग बताया है।

वहां (चित्तौड़ में) रात्रि के समय खुमाण-वंश-रत्न राणा के शौर्य-पूर्ण कार्यों का श्रवण करने के अनन्तर घाटी पार करके सहयात्रियों सहित **बूढ़ा ग्राम** पहुंचना और वहां से **वनहट्ट नगर (बनेड़ा)** जाकर विश्राम करना। वहां प्रत्येक घर की स्त्रियां जादू टोने में निष्णात हैं।

इसके आगे पुष्पग्राम, **टेकड़ी ग्राम, मालपुरा** और **फागोई** का उल्लेख है। तदनु **सांगानेर** का रुचिकर वर्णन है जहां की स्त्रियों से चक्षुनिक्षेप की कला सीखने के लिए लक्ष्मी भी लालायित रहती है। वहां की सड़कों के दोनों और फूल बेचने वाली मालिनें ऊंचे मोल पर पुष्पमालायें बेचती हैं। सांगानेर में कपड़ों पर रंग-बिरंगी रेखाओं से वस्त्रों को विचित्रत करने की कला का भी कवि ने निदर्शन किया है। सांगानेर से चलकर सन्देशवाहक दूत सरल मार्ग से आम्बेर पहुंचेगा। वहां नगर के बाहर उद्यान से आती हुई पुष्पों की मधुर सुवास उसकी थकान मिटा देगी। वहां पलाश के वृक्षों की कतारें और भौरों के समूह उसको आकर्षित करेंगे। यहां कवि ने भौरों के समूह को दूर से देखने पर भीलों सदृश बताते हुये अनोखी उपमा दी है। उनके (भौरों के) गुन्जार को दूर से ही सुनकर पथिक भयभीत हो जाते हैं।

आम्बेर में प्रवेश करते ही कवि ने पुनः त्रिभुवनपति गौरीश को नमस्कार करने का आदेश दिया है, और कहा है कि ये गौरीश कछवाहा कुल के आराध्य हैं।

श्री रामसिंह की राजधानी में श्रीकण्ठ शिव का स्मरण करते हुये प्रवेश करने का भी निर्देश कवि की शिवभक्ति का परिचायक है।

वहां राजधानी में सभी प्रकार की आवश्यक वस्तुयें सजाई हुई हैं मानों राजा के विजयाभियान से पूर्व ही समुद्र ने समर्पित कर दी हों, सब प्रकार के हीरे जवाहारात देखने को मिलते हैं। उत्तुंग राजप्रसाद पर जड़े हुये बहुमूल्य जवाहारात दिन में सूर्य रश्मियों से आलोकित हो जाते हैं। रात्रि को वे ही अपनी ही चमक से प्रकाश विस्तारित करते हैं। ये ऊंचे-ऊंचे प्रासाद उन भ्रमित व्यक्तियों के मुख बन्द कर देते हैं जो यह भ्रम पाले हुये हैं कि स्वर्ग में ही ऊंचे प्रासाद होते हैं। आम्बेर में ही श्यामबाग का भी रुचिकर वर्णन किया गया है और कहा गया है कि यह दूसरा नन्दन वन ही है जहां नृत्य करती हुई रामजनियां पलक झपकाती हुई स्वर्ग सुन्दरियों जैसी दिखाई देती हैं।

आम्बेर के विषय में कहा गया है कि वहां मीमांसक, वेदान्तविज्ञ, वेदत्रयी के अध्ययन में अग्रणी, न्याय परिशीलन में मतिमान् पातञ्जल योगसूत्र

के अध्येता, सांख्यशास्त्र में दक्ष और कणाद के वैशेषिक सूत्रों की व्याख्या करने में प्रवीण ब्राह्मणों के स्वर श्री वीरेश्वर मिश्र के आवास पर सुनने को मिलते हैं। वहां पर इन सभी विषयों का अध्ययन अध्यापन होता रहता है। वीरेश्वर मिश्र अपने आचारों से तीनों लोकों में विशिष्ट माने जाते हैं और उनके पाण्डित्य के आगे बृहस्पति भी हल्के पड़ते हैं। मिश्र महोदय ऐसे प्रकाण्ड पण्डित हैं कि पराविद्या को रचते हुये वे ध्रुव को भी अध्रुव सिद्ध कर देते हैं। उनके पास आकर समस्त विद्यायें इस प्रकार ऐक्य भाव को प्राप्त करती हैं जैसे अनेक नदियां समुद्र की ओर प्रवाहित होकर उसमें विलीन हो जाती हैं। कलियुग के कुत्सित प्रभाव से कुण्ठित होकर स्वयं ईश्वर भी उन्हीं के आवास में निरन्तर निवास करते हैं।

कवि ने अपने दूत को उनके निवास पर जाकर भक्तिपूर्वक प्रणाम करने का निर्देश किया है। इसके अतिरिक्त शंकर भट्ट और उसके मामा शिवराम ब्राह्मण से भेंट करके उनका कृपा प्रसाद प्राप्त करने का भी परामर्श दिया है। आगे, नीलकण्ठ अपने दूत को कहता है कि उन्हीं शंकर और शिवराम के घर रात्रि-विश्राम करके प्रातः पुनः अम्बिकेश्वर शिव की अर्चना करना तत्पश्चात् शंकर भट्ट को तुम राजसभा में ले जाने की प्रार्थना करना। जब राजसभा में पहुंचो तो राजा जयसिंह की प्रशस्ति में मेरे द्वारा रचित दो आशीर्वाद पद्य पढ़ना। उसी सभा में नित्य-प्रणाम-विधि पूरी करने के लिये आये और नीची आंखे करके बैठे हुये कुंवर रामसिंह भी तुमको दिखाई देंगे। उस समय वहाँ और कुछ मत कहना। तुम फिर वीरेश्वर मिश्र के घर जाना और वहां बैठे हुये विद्वत् सभा के पण्डितों से राजकुमार रामसिंह की विद्वत् सभा में ले जाने का अनुरोध करना। तदनुसार वे विद्वान उस दूत को कुंवर रामसिंह की सभा में ले जाते हैं जिसका चमत्कार-पूर्ण वर्णन कवि ने किया है।

"बड़े-बड़े सभ्यों की शोभा से विलसित वह सभा इन्द्र की सुधर्मा सभा के समान है। वहां सुपठित सूक्तों के पाठ द्वारा वे कवि और पण्डित अमृत प्रवाहित कर देते हैं।"

युवा रामसिंह का वर्णन करते हुये कवि कहता है कि वे न बहुत लम्बे हैं न नाटे, पुष्ट और मांसल शरीर वाले हैं, उनका वर्ण सुवर्ण को भी जीतने वाला है अपनी दोनों विशाल भुजाओं से वे अर्गला का भी गर्व हरण

करते हैं, वे शान्तचित्त वालों में अग्रणी हैं, उनका वक्षस्थल, पीठ और हृदय सुहावने तथा कान्तिमान् हैं और उनके प्रशस्त ललाट पर श्री (तिलक) शौर्य को प्रकट करती हुई सुशोभित है। उनकी दानशीलता को देखकर राजा भोज की उदारता पर विश्वास होता है। पुराने लोगों का कहना है कि कामदेव, नकुल और नल ही शरीर-सौष्ठव के आदर्श हैं परन्तु रामसिंह को देखकर उनमें शरीर की सुन्दरता के साथ साथ गुणों की विशिष्टता भी दृष्टिगोचर होगी।

सन्देश का वर्णन—

"नीलकण्ठ अपने दूत को कहता है कि तुम अपनी आंखों की पलकें झुकी हुई रखकर निवेदन करना" जिसका काव्य पृथ्वी तल पर स्वर्ग का-सा अमृत प्रवाहित करता है और जिसकी प्रज्ञा बृहस्पति की मति से बढ़कर है वही नीलकण्ठ कवि दरिद्रता के दुःख से दबा हुआ ब्रध्नपुर में रह रहा है। वही आपकी सेवा में कुछ पद्य निवेदन करता है-

"श्री विष्णु लक्ष्मी से पूछते हैं, हे प्रिये ! आजकल तुम म्लान सी कैसे दिखाई देती हो ? तब लक्ष्मी ने उत्तर दिया, हे प्रिय ! क्या आप नहीं जानते कि आजकल पृथ्वीतल पर रामसिंह मुझे समर्थन दे रहे हैं। वे निरन्तर मुझे सज्जनों को दान में देकर उन सबको आपके समान बना रहे हैं, इसी से मैं चिन्तित हूँ" लक्ष्मी की यह बात सुनकर मुस्कुराते हुये मुख वाले श्रीपति आपका (रामसिंह का) कल्याण करें।"

"कैलाश पर्वत, श्वेत कमलों का समूह, ऐरावत, कपूर का ढेर, शेषनाग, हाथीदांत, कामदेव को जलाने के लिये शिवजी का कोपानल ये सभी अपनी सफेदी और चमक के लिये प्रसिद्ध हैं परन्तु इन सबके साथ कादम्बिनी आपकी कीर्ति की उज्जवलता से समानता नहीं कर सकती। इसलिये वह बार-बार समुद्र के पानी में डुबकियां लगाती है।"

"चन्द्रमा अपने कलंक के कारण, खिले हुये श्वेत कमल भौरों के समूह के कारण, कपूर अस्थिर होने के कारण और गंगा की तरंगें अति तरल होने के कारण, ये सब आपकी कीर्ति के सामने इस तरह नहीं टिक पाते हैं जैसे आपकी नीति में कुटिलता को कोई स्थान प्राप्त नहीं है।"

"जो आपकी कीर्ति को चन्द्रमा के समान बताते हैं वे भूल करते हैं क्योंकि चन्द्रमा के सामने तो श्वेत कमल खिल जाते हैं परन्तु आपकी कीर्ति के सामने वे फीके पड़ जाते हैं।"

"सूर्य के पुत्र कर्ण का तिरस्कार करते हुये जब आप दान करते हो तो बिजली का प्रेमी बादल उसका (सूर्य का) मुख छुपा लेते हैं परन्तु उनको भी हम महान् कैसे मानें क्योंकि वे तो केवल वर्षा ऋतु में ही पानी की वृष्टि करते हैं किन्तु आप (रामसिंह) तो निरन्तर स्वर्ण की वृष्टि करते ही रहते हो।"

"आप निरन्तर रत्नों का दान करते हैं यह देखकर तारागण में से कुछ तारे अपने को तुच्छ मानकर आकाश में तिरोहित हो गये हैं।"

"आपका प्रताप त्रैलोक्य में इस प्रकार प्रकाशित है कि दिन और रात में सूर्य और चन्द्रमा का भेद ही ज्ञात नहीं होता। यदि सूर्य और चन्द्रमा के प्रभाव से पत्थरों (मणियों) में प्रकाश और द्रवण दिखाई न दे तो दिन और रात का भेद ही न जान पडे।"

"हे राजकुमार ! आप मुझे धन देंगे और उससे उन्नति होकर मेरा भी वैभव बढ़ेगा इस विश्वास से ही मुझे बढ़ावा मिल रहा है और इसी कारण मैंने अपने 'काव्यविधायक गुण' को अपकी सेवा मे भेजने का उद्यम किया है क्योंकि राजाओं के सामने सम्भ्रम के कारण मुख से वचन नहीं निकलते हैं।"

"दारिद्र्य के क़ारण इस पृथ्वी पर मुझमें दुर्दशा का विस्तार हो रहा है। सर्वत्र प्रसिद्ध है कि आप दारिद्र्य को दूर करने में लगे हुये हैं, आप दानवीर क्षत्रिय हो, इसलिये मैं ब्राह्मण आपके द्वारा पालन करने योग्य हूं। अब आप जैसा उचित समझें, करें।"

"मैं स्वयं तो आपकी सभा में उपस्थित होने योग्य नहीं हूं क्योंकि विद्वानों के चित्त भी सुन्दर और चमत्कारी वेष की ओर आकृष्ट होते हैं परन्तु मैं तो दुर्गति के कारण मलिन वस्त्र ही पहन पाता हूँ।"

"जब मैंने अपने एक महापात्र मित्र से कहा कि आजकल इस पृथ्वी पर न कोई गुणों का पारखी है और न कोई दाता रहा, हमारे ही दुर्भाग्य से यह पृथ्वी ऐसे लोगों से शून्य हो गयी है, तब उस मित्र के द्वारा आपकी कीर्ति मेरे कर्ण-गोचर हुई।"

"उस मित्र ने सुझाव दिया कि 'वर्तमान में साहसांक (विक्रमादित्य) के समय को प्रत्यक्ष दिखाने वाला पराक्रमी, दानी और सूक्तियों को समझने वाला कोई है तो रामसिंह ही है, तुम उसी का वर्णन करो' इसलिये हे पृथ्वी के सूर्य ! इस सन्देश को भेजने में उसी का वचन कारण बना है।"

"प्राचीन कवियों ने तो राम आदि का वर्णन सुन-सुनकर किया है परन्तु मैं तो अच्छी तरह प्रत्यक्ष देख सुनकर यह वर्णन कर रहा हूं। यदि आप यह समझें कि मैंने लोभवश यह रचना की है तो भी किसी अद्भुत विषय का वर्णन करने में क्या हानि है ?"

इस प्रकार नीलकण्ठ ने अपने 'कवित्व- गुण' को दूत बनाकर कूर्मवंश-तिलक रामसिंह के पास भेजा। वह भी उसकी सभा में जाकर यह वर्णन सुनाकर कृतार्थ हुआ और आशीर्वाद दिया कि बुद्धिमानों में श्रेष्ठ रामसिंह चिरंजीवी रहें।

इस गुणदूत काव्य की रचना संवत् १७१५ में भाद्रपद शुक्ला प्रतिपदा को समाप्त हुई।

गुणदूत काव्य नीलकण्ठ की अज्ञात एवं अल्पज्ञात कृति है। नीलकण्ठ की अन्य कृतियों का वर्णन तो यत्र-तत्र बिखरी सामग्री से प्राप्त हो जाता है, किन्तु गुणदूत का वर्णन कहीं भी नहीं मिला। आफ्रैक्ट के वृहत् सूचीपत्र में भी इसका उल्लेख नहीं है न अन्य विद्वानों ने ही इसका उल्लेख किया है।

गुणदूत काव्य से संस्कृत की दूतकाव्य परम्परा में एक और कड़ी जुड़ जाती है। सन्देशवाहक के चयन में नीलकण्ठ ने अपने सूक्तगुण को ही दूत बनाकर एक अभिनव प्रयोग किया है। मेघदूत और इस काव्य की शैली में बहुत साम्य दिखाई देता है। मेघदूत में कवि ने जैसे रामगिरि से अलका तक के भौगोलिक पथ का वर्णन किया है उसी भांति नीलकण्ठ ने ब्रध्नपुर से आम्बेर तक के पथ का रुचिकर वर्णन किया है। मार्ग-वर्णन में कालिदास ने उज्जयिनी का तथा वहां शिप्रा नदी में स्नान करने का और उस नदी के जल से महाकाल के मन्दिर में अभिषेक कराने का रोचक वर्णन किया है, यही विषय कवि नीलकण्ठ ने अपने गुणदूत काव्य में भी ग्रहण किया है। मार्ग-वर्णन के उपरान्त दोनों कवियों ने संदेश का वर्णन रुचिकर व ललित पदावली में किया है।

गुणदूत काव्य में ब्रध्नपुर से आम्बेर तक का मार्ग वर्णन हमारे भौगोलिक ज्ञान के लिये सहायक है।

काव्य में जगह जगह स्थानीय, ऐतिहासिक सांस्कृतिक तथा राजनैतिक संकेत मिलते हैं। यथा-

ऐतिहासिक-

(१) सैय्यदों द्वारा गिरिधर के मन्दिर का घेरा और क्षत्रिय ठाकुर द्वारा युद्ध करने एवं कितने ही यवनों को कटार से मारकर यमपुर भेजने और फिर प्राणविसर्जन करने की कथा बुधवार के नागरिकों में प्रचलित थी।

(२) कवि ने प्रेमराज निर्मापित गगनचुम्बी अतिधवल अम्बिका के मन्दिर का भी वर्णन किया है जो हिमाच्छादित पर्वत जैसा दिखता है। इनकी ऐतिहासिक कथाएं अन्वेष्य हैं।

स्थानीय वर्णन-

(१) नगर के चौराहे पर चोरों की पिटाई का वर्णन तथा नगर के बाहर नगरवधुओं के आकर्षक गृहों का वर्णन भी कवि ने आकर्षक ढंग से किया है।

(२) कवि ने एक यवन सरदार हसन के बाग का भी वर्णन किया है जहां ब्रध्नपुर की महिलायें सग्गड़ों में बैठ-बैठ कर विहार के लिये आया करती थीं।

इसी प्रकार मार्ग में पड़ने वाले सभी गांवों और स्थानों की विशेषताओं का भी सजीव वर्णन इस काव्य में मिलता है जो तत्कालीन परिस्थितियों, लोक- व्यवहार और मान्यताओं से परिचय कराता है।

गुणदूत काव्य के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि कवि शिव भक्त था। कवि ने अपनी शिव-भक्ति का परिचय ग्रन्थ में अनेक स्थलों पर किया है यथा-

शिव-भक्ति

अपने 'काव्य-विधायक-गुण' को दूत बनाकर महाराजकुमार रामसिंह के पास भेजते समय वह उसको आदेश देता है-

(१) **आस्माद्राजपुरात्त्वया प्रचलता मत्कार्यसिद्ध्यै सखे**
द्रष्टव्य : प्रथमं चराचरगुरुः श्रीनीलकण्ठाभिधः।

हे मित्र ! मेरे कार्य की सिद्धि के लिये यहां राजपुर से प्रस्थान करते समय तुम चराचर के स्वामी नीलकण्ठ महादेव के दर्शन करना।

(२) **श्रीविश्वेशपदारविन्दयुगलध्याने कवित्वाशय-**
ज्ञाने दानविधौ पराक्रम इव श्लाध्यः पितेवास्ति यः

दूत्ये सूक्तगुणं नियोक्तुमनसस्तं रामसिंहं प्रति
प्रोद्दामां मुदमातनोतु भक्तां वाग्देवतेयं मम।

"**श्री विश्वेश्वर (शिव) के चरणकमलों का ध्यान करने में,** कविता का मर्म समझने में, दान देने की विधि में और पराक्रम में जो अपने पिता की तरह प्रशंसनीय है, ऐसे रामसिंह के प्रति अपने सूक्त (कवित्व) गुण को ही दूत बनाने की कामना करने वाले मेरे और आप लोगों के लिये वाग्देवता (अत्यन्त) आनन्द प्रदान करें।"

अन्यान्य श्लोकों में भी स्थान स्थान पर कवि की शिव-भक्ति दृष्टिगोचर होती है।

गुणदूतकाव्य में कवि ने यथावसर पद्यों का अलंकारालंकरण किया है। यह काव्य किसी एक ही रस के आश्रित नही हैं स्थान-स्थान पर विभिन्न रसों की अनुभूति होती है।

गुणदूत काव्य में राजकुमार रामसिंह की सभा में तत्कालीन प्रसिद्ध और प्रौढ विद्वानों तथा कवियों का उल्लेख है।

कवि की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह यद्यपि दारिद्र्य दुःख से पीडित है यहाँ तक कि उसके पास राजसभा में उपस्थित होने योग्य वस्त्र भी नहीं है तथापि याञ्चा में दैन्यप्रदर्शन नहीं करता है।

सन्देश के अन्त में वह रामसिंह को कह देता है "मैंने आपको योग्य और असामान्य समझकर ही आपका वर्णन किया है।"

"कवि द्वारा मानस में सत्य के रूप में अनुभव की हुई बात कह देना कोई अपराध नहीं है। प्रयास की सिद्धि तो **शंकर** की इच्छा से ही होती है।"

नीलकण्ठ को व्याकरण में भी विशिष्ट योग्यता प्राप्त थी जो उसकी "शब्दशोभाव्याकरण" रचना में प्रकट होती है, परन्तु वैयाकरणों की तरह उसके काव्य में अलंकार-विधान और पद-रचना में शिथिलता कहीं भी नहीं दिखाई देती है। प्रत्येक पद में कोई न कोई विशेष चमत्कार दृष्टिगत होता है। यह पण्डित मण्डन भट्ट का शिष्य होने का प्रभाव था जैसा कि उसने अन्यत्र व्यक्त किया है।

पठितालंकृतिशास्त्रो भट्टश्रीमंडन-छात्र : ॥

ऐसी अज्ञात एवं विशिष्ट रचना के प्रकाश में आने पर विद्वानों का मनोरंजन एवं शोध-विद्वानों को सहायता उपलब्ध होगी।

सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची

(१)	अभिनवभारती	:	अभिनव गुप्त, डॉ. नगेन्द्र, हिन्दी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
(२)	अलंकार कौस्तुभ	:	कर्णपूर, वीरेन्द्ररिसर्च सोसाइटी
(३)	अलंकारप्रदीप	:	विश्वेश्वर पंडित
(४)	अलंकारमंजूषा	:	लाला भगवानदीन
(५)	अलंकार मीमांसा	:	डॉ. रामचन्द्र द्विवेदी
(६)	अलंकारसर्वस्व	:	डॉ. रामचन्द्र द्विवेदी
(७)	अलंकारों का क्रमिक विकास	:	पं. पुरुषोत्तम चतुर्वेदी
(८)	काव्य के रूप	:	गुलाबराय
(९)	काव्यपीठिका	:	प्रो. जोसेफ मुण्डशेरी, अनु. रामचन्द्र देव
(१०)	काव्य-प्रकाश	:	मम्मटाचार्य
(११)	काव्यमीमांसा	:	राजशेखर
(१२)	काव्यदीपिका	:	विद्यारत्न कान्तिचन्द्र भट्टाचार्य
(१३)	काव्यांग दर्पण	:	डॉ.विजय बहादुर अवस्थी
(१४)	काव्यांग प्रक्रिया	:	डॉ. शंकरदेव अवतरे
(१५)	काव्यादर्श	:	दण्डी कवि
(१६)	काव्यालोक	:	हरिप्रसाद कृत सं- डॉ. रमा गुप्ता
(१७)	काव्यालंकार	:	भामह
(१८)	काव्यालंकार	:	रुद्रट
(१९)	काव्यालंकारशास्त्र	:	पारसनाथ द्विवेदी

(२०) कुवलयानन्द : अप्पय्य दीक्षित

(२१) चन्द्रालोक : जयदेव

(२२) दशरूपक : धनंजय

(२३) ध्वन्यालोक : आनन्दवर्धन

(२४) नाट्यशास्त्र : भरत मुनि

(२५) रसगंगाधर : पंडितराज जगन्नाथ

(२५) रस-सिद्धान्त : डॉ. नगेन्द्र

(२७) रामचरित मानस : गोस्वामी तुलसीदास

(२८) वक्रोक्तिजीवितम् : कुन्तक

(२९) महाभारत : महामुनि व्यास

(३०) संदेशवाहन एक विधि : पी.पी. भार्गव

(३१) संदेश काव्य : बलदेव उपाध्याय

(३२) पवनदूत काव्य : धोयी कवि

(३३) मेघदूत : कालिदास

(३४) मेघदूत; एक सांस्कृतिक अध्ययन: वासुदेव शरण अग्रवाल

(३५) पत्रदूतम् : रुद्रदेव त्रिपाठी

दूत (सन्देश) काव्यों की अनुक्रमणिका

अद्‌भुतम् (जग्गूवकुलभूषण)
अनिलदूतम् (रामदयालु वर्करत्न)
इन्दुसन्देशः (मूरियल नारायण जम्बीश)
इन्द्रदूतम् : (विनयप्रभ)
उद्धवदूतम् : (रामशर्मा)
उद्धवसन्देश : (रूप गोस्वामी)
कपिदूतम् : (अज्ञातनामा कवि)
कपोत सन्देश : (वैंकट्ट नारायण मूष)
कपोतसन्देशः (कुट्टुमुत्त कुजन्त्रिकुरुप्प)
काकदूतम् : (गोपाल शिरोमणि
काकदूतम् : (रामगोपाल)
कोकिलदूतम् : (हरिदास)
कोकिलसन्देश : (वैङ्कटाचार्य)
कोकिलसन्देश : (उदण्ड कवि)
कोकसन्देश : (विष्णु त्राता)
गरुडसन्देश : (कोच नरसिंहाचार्य)
गरुडसन्देश : (वे. कोण्दरामराय)
गोपीदूतम् : (लम्बोदर वैद्य)
धन वृत्तम : (रामचन्द्र)
घटकर्परकाव्यम् : (घटकर्पर)
चन्द्रदूतम् : (कृष्णचन्द्र तर्कालंङ्कार)
चन्द्रतूतम : (विनयप्रभ)
चन्द्रदूतम् : (विमलकवि)
चातकसन्देश : (अज्ञात कवि)
चेतोदूतम् : (अज्ञात कवि)
तुलसीदूतम् : (त्रिलोचन)
तुलसीदूतम् : (वैद्यनाथ)
देवदूतम् : (सुधाकरशुक्ल)
नीलकण्ठसन्देश : (श्रीधर नम्बि)
नेमिदूतम् : (विक्रम कवि)
पदांकदूतम् : (श्रीकृष्ण सार्वभौम)
पवनदूतम् : (धोयी कवि)
पवनदूतम् : (वादिराज-शिष्य)
पवनदूतम् : (सिद्धनाथ विद्यावागीश)
पवनदूतम् : (जी.वी. पद्मनाभाचार्य)
पवनसन्देश : (रामवर्म कुंजुन्निराजा)
पादपदूतम् : (गोपेन्द्रनाथ गोस्वामी)
पान्थदूतम् : (भोलानाथ)
पार्श्वदूतम् : (जिनसेन)
पिकदूतम् : (भोलानाथ)
पिकदूतम् : (जिनसेन)
पिकदूतम् : (रुद्र न्यायवाचस्पति)
प्लवंगदूतम् : (वनेश्वर पाठक)
प्राणदूतम् : (पञ्चानन तर्करत्न)

बकदूतम् (म.म. अजितनाथ न्यायरत्न)
बुद्धिसन्देशः (सुब्रह्मण्य सूरि)
भक्तिदूतम् (कालीप्रसाद)
भृंगसन्देशः (श्रीमती त्रिवेणी)
भ्रमरदूतम् (रुद्र न्यायवाचस्पति)
भ्रमरसन्देशः (वासुदेव)
मनोदूतम् (प्रजानाथ)
मनोदूतम् (विष्णुदत्त)
मनोदूतम् (विष्णुदास)
मनोदूतम् (रामशर्मा)
मनोदूतम् (व्रजनाथ तैलंग)
मनोदूतम् (भगवद्दत)
मधुकरदूतम् (राजगोपाल चक्रवर्ती)
मानससन्देश : (वीरराघवाचार्य)
मानससन्देश : (लक्ष्मणसूरि)
मुद्गरदूतम् (रामावतार शर्मा)
मृगसन्देश : (वासुदेव कवि)
मेघदूतम् (कालिदास)
मेघदूतम् (त्रैलोक्यमोहन)
मेघप्रतिसन्देशः (रामशास्त्री)
मेघदूत-समस्या (मेघविजय)
मृगसन्देशः (वासुदेव कवि)
यक्षसमागम; (परमेश्वर झा)
यक्षोल्लासः (कृष्णमूर्ति)
रथांगदूतम् (लक्ष्मीनारायण)
वल्लभदूतम् (बटुकनाथ शर्मा)
वातदूतम् (कृष्णनाथ न्यायपञ्चानन)
विप्रसन्देशः (लक्ष्मण सूरि)
विप्रसन्देशः (कुन्जुन्नि तुम्बुराम)
शीलदूतम् (चारित्र्यसुन्दर गणि)
शुकदूतम् (श्रीहरचन्द्र काव्यतीर्थ)
शुकसन्देशः (श्रीमती त्रिवेणी)
शुकसन्देशः (रंगनाथाचार्य)
श्येनसन्देश:(वयस्कर आर्यन नारायण मूषं)
संदेशरासक (अब्दुल रहमान)
सिद्धदूतम् (अवधूतराम योगी)
सुरभिसन्देशः (विजयराघवाचार्य)
स्वप्नदूतम् (प्रबोधकुमार मिश्र)
हंसदूतम् (रूप गोस्वामी)
हंसदूतम् (रघुनाथ दास)
हंसदूतम् (वसुग्रहराज)
हंससन्देशः (ब्रह्मतंत्र परकाली स्वामी)
हंससन्देशः (पूर्ण सरस्वती)
हंससन्देश : (वामनभट्ट बाण)
हंससन्देश : (वेदान्त देशिक)
हनुमद्दूतम् (नित्यानन्द शास्त्री)
हृदयदूतम् (हरिहर)

नीलकण्ठकविकल्पितं

गुणदूतकाव्यम्

जयति जयन्तीपतिर्जगति[1]

श्रीविश्वेशपदारविन्दयुगलध्याने कवित्वाशय-
ज्ञाने दानविधौ पराक्रम इव श्लाध्यः पितेवास्ति यः।
दूत्ये सूक्तगुणं नियोक्तुमनसस्तं रामसिंहं प्रति
प्रोद्दामां मुदमातनोतु भवतां वाग्देवतेयं मम॥१॥

अर्थ—जयन्ती (पार्वती) के पति की संसार में जय हो। श्री विश्वेश्वर (शिव) के चरण कमलों का ध्यान करने में, कविता का मर्म समझने में, दान देने की विधि में और पराक्रम में जो अपने पिता के समान ही प्रशंसनीय हैं ऐसे रामसिंह के प्रति अपने सूक्त (कवित्व गुण) को ही दूत बनाने की कामना करने वाले मेरे और आप लोगों के लिए वाग्देवता अत्यन्त प्रसन्नता प्रदान करें॥ १॥

आस्ते यद्यपि पाणिनीयचणता काव्येषु सर्वंकषा
स्फूर्तिर्धर्मविनिर्णये निपुणता वेदेऽपि कोऽपि श्रमः।
तेष्वेतेष्वतिदूरदेशविलसद्दातृप्रसंगोद्यमे
भ्रातः सूक्तगुण ! त्वमेव निपुण स्त्वामेव[2] तत्प्रार्थये॥ २॥

अर्थ—मैंने यद्यपि पाणिनीय व्याकरण में दक्षता काव्य-रचना में सर्वोत्कृष्टता, धर्म-निर्णय में निपुणता प्राप्त की है और वेद का भी श्रमपूर्वक अभ्यास किया है तथापि यहाँ इतनी दूर रहने के कारण दाता के पास भेजने के प्रसंग में भाई काव्यगुण ! तुम ही अति उपयुक्त प्रतीत होते हो, अतः प्रार्थना करता हूँ॥ २॥

---

1. जयन्ती = पार्वती, जयन्ती वृक्षभिद्गौर्यो—मेदिनी। I Name of Durga, Apte P. 547
2. मेघदूत का यक्ष भी इसी प्रकार मेघ को उसकी कुलीनता की याद दिलाता है। 'जातं वंशे भुवनविदिते...... तेनार्थित्वं दूरबन्धुर्गतोऽहम्'...मेघदूतम्-६।

*पद्य१ से १४१ तक शार्दूलविक्रीडितवृत्त हैं।

भ्रातर्भूवलये मयेव भक्ता भूपप्रसंगोद्यमे-
प्यायासोऽधिगतः परः पुनरहो नार्थः समासादितः ।
तस्मादेव वदामि किंचन विपद्ध्वंसैकधुर्यं वचः
सत्यं तत्परिभाव्य सादरतया संभावनीयं त्वया ॥ ३ ॥

अर्थ—हे भाई ! इस भूमण्डल पर मेरी तरह तुमने भी राजाओं से सम्पर्क करने में बड़े-बड़े कष्ट उठाए हैं परन्तु अर्थ की प्राप्ति नहीं हुई, इसलिये विपत्ति को नष्ट करने वाली यह श्रेष्ठ बात तुमको कह रहा हूँ। तुम्हें, इसको परम सत्य मानकर, इसका आदर करना चाहिए ॥ ३ ॥

बन्धो काव्य ! वसुंधराधिपतयो ये ये त्वया वीक्षिता-
स्तेषां प्रत्ययतो निरुद्यमतया स्थातुं न ते युज्यते।
तेषां विष्णुमिवाखिलं त्रिभुवनं संवेष्टयन्तीं पुरः[१]
किं नो पश्यसि कच्छपान्वयमणेः कीर्तिं त्वदुत्तेजिकाम् ॥ ४ ॥

अर्थ—हे काव्यबन्धु ! तुमने जिन जिन धरणीपतियों को अब तक देखा है, उन्हीं पर विश्वास करके यत्न छोड़कर बैठ जाना उचित नहीं है, विष्णु की तरह त्रिभुवन को अपने में समेटती हुई तुमको प्रेरित करने वाली कच्छपकुलमणि (रामसिंह) की कीर्ति को तुम प्रत्यक्ष क्यों नहीं देखते हो ? ॥४ ॥

इस पद्य में उपमा, उत्प्रेक्षा अलंकार है ।

द्रष्टव्यं जयसिंहनन्दनसदस्तस्मादवश्यं त्वया
मामेतेन न दूययिष्यति पुनर्दारिद्र्यदुर्वेदना
तत्र त्वामपि मूर्ध्नि ताण्डवभृतो रोमाञ्चभाजस्तना-
वक्ष्णोर्वाष्पजुषः सखे सहृदयाः सम्भावयिष्यन्ति च ॥ ५ ॥

अर्थ—अतः जयसिंह के पुत्र (रामसिंह) की सभा तुमको अवश्य देखनी चाहिए- इससे मुझे इस दारिद्र्य की व्यथा पुनः नहीं सतायगी। वहाँ ताण्डव नृत्य में निरत शिव को सिर पर धारण करने वाले (भक्तजन) सहृदय सदस्य रोमांचित शरीर और वाष्पयुक्त नेत्रों से तुमको भी सम्मानित करेंगे । ।५ ॥

इस पद्य में काव्यलिंग अलंकार है ।

---

1. कल्पान्त में सब लोकों को समेट कर विष्णु योगनद्रा में लीन हो जाते हैं— 'अमुं युगान्तोचितयोगनिद्रः संहृत्य लोकान्पुरुषोऽधिशेते ।' रघुवंश -१३- (६)

वाणीविभ्रम ! रामसिंहसदसि प्राप्तप्रतिष्ठस्य ते
प्रौढस्याप्यधिकैव कापि भविता प्रोढिर्यथाशु त्वया।
लब्धव्या भवभूतिबाणहनुमत्क्षेमेन्द्रनारायण—
श्रीहर्षामरराजशेखरमुख- श्रीमत्कवित्वोपमा ॥ ६ ॥

अर्थ—वाणी (कविता) के विलास ! रामसिंह की सभा में प्रतिष्ठा प्राप्त होने पर तुम (कविता में) प्रौढ़ होते हुए भी शीघ्र ही अधिक प्रौढ़ हो जाओगे। हे मित्र ! वहाँ भवभूति, बाण, हनुमान्, क्षेमेन्द्र, नारायण श्रीहर्ष,अमरसिंह, राजशेखर प्रभृति प्रमुख कवियों के कवित्व के समान तुम्हारे काव्य को प्रतिष्ठा और उपमा प्राप्त होगी ॥६ ॥

इस पद्य में उपमा अलंकार है।

तेन *ब्रघ्नपुरादितः प्रियसखे शीघ्रं त्वया गम्यता[1]—
माम्बेरीनगरीं प्रकामरुचिरां मद्वाचिकं बिभ्रता।
यातं ते विनिवेदयामि पुरतः पश्चात् प्रयाणोचितं
मार्गं श्रोष्यसि सूक्तनायक ! ततः सन्देशवाचो मम[2] ॥ ७ ॥

अर्थ—इसलिए प्रियमित्र ! यहाँ ब्रघ्नपुर से शीघ्र ही तुम को मेरा सन्देश लेकर अत्यन्त सुन्दर आम्बेरनगरी के प्रति जाना चाहिए। तुम्हारे प्रस्थान के लिए उद्यत होने पर मैं जिस मार्ग का वर्णन करूँ वह और उसके अनन्तर मेरे सन्देश को हे सूक्तनायक ! तुम सुनोगे ॥ ७ ॥

यः स्पष्टाक्षरमालपत्यतितरां यः पाणिनीये पटुः
यः सभ्याशयविद्य अवहितमनाः काव्यप्रकाशे सदा।
यः कोशे कुशलो य उद्यममतिर्जाते प्रसंगे सति
श्लक्ष्णो वा सखि यस्तनौ च सुभगो यस्तन्मुखं संश्रय ॥ ८ ॥

---

1. यक्ष मेघ को मार्ग निर्देश करता है- 'गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणां' पू. मेघ. ॥ ७ ॥
2. यक्ष द्वारा संदेश कथन- 'मार्गं तावच्छृणु कथयतस्त्वत्प्रयाणानुरूपं। सन्देशं मे तदनु जलद श्रोष्यसि श्रोत्रपेयम्' पू. मेघ. ॥ १३ ॥

* मध्य प्रदेश और दक्षिण देश की सीमा पर यह स्थान ताप्ती के तट पर स्थित है। ब्रघ्नपुर = सूर्यपुर भास्कराहस्करब्रध्नप्रभाकरविभाकराः। अमर० ॥

मानचित्र में राजपुर देपालपुर, सूर्यपुर, बुरहानपुर, असीरगढ़ आदि ताप्तीतट पर स्थित स्थानों के नाम मिलते हैं।

अर्थ—जो स्पष्ट अक्षर बोलते हैं, पाणिनीय व्याकरण में पटु हैं, सभ्यों के आशय को समझते हैं, काव्यप्रकाश (ग्रन्थ अथवा कविता) को मन लगाकर सुनते हैं, (शब्द) कोश में कुशल हैं, प्रसंग उपस्थित होने पर बुद्धि का उपयोग करते हैं, मित्रों से मृदु व्यवहार करते हैं, सुन्दर शरीर वाले हैं, ऐसे उन (रामसिंह) के सम्मुख तुम उपस्थित होना॥ ८॥

अस्माद्राजपुरात्त्वया प्रचलता मत्कार्यसिद्ध्यै सखे !
द्रष्टव्यः प्रथमं चराचरगुरुः श्रीनीलकण्ठभिधः।
मुक्तिस्त्रीस्तनमण्डलं सुविपुलं यं पाणिना संस्पृशन्
पौलोमीस्तनमण्डलेऽपि न रतिं बघ्नात्यभिज्ञो जनः॥ ९॥

अर्थ—मित्र ! मेरे कार्य की सिद्धि के लिए यहाँ से राजपुर प्रस्थान करते समय पहले तुम चराचर के स्वामी नीलकण्ठ महादेव के दर्शन करना (जिसके फलस्वरूप) मुक्ति रूपी स्त्री के विपुल स्तनमण्डल का स्पर्श करने वाला (मुक्ति को हस्तगत करने वाला) बुद्धिमान् पुरुष इन्द्र की पत्नी पौलोमी के स्तनमण्डल की ओर भी ध्यान नहीं देता॥ ९॥

इस पद्य में रूपक और व्यतिरेक अलंकार हैं।

यत्संदर्शनसत्वरैः सुकृतिभिः संबाधतां प्रापिते
यस्यान्तः सदने तनोति मदनः प्रागल्भ्यमत्युद्भुतम्।
यत्साधोरपि मानसं शिव शिव ब्रूमः कथं सुभ्रुवा-
मुत्तुङ्गस्तनमण्डलोपरि पदारम्भाज्जरीजृम्भते॥ १०॥

अर्थ—जिनके दर्शनार्थ शीघ्रता करते हुए धार्मिक जनों को (भीड़ के कारण) अड़चनें होती हैं, जिनके अन्तःसदन में मदन ऐसी अत्यन्त अद्भुत प्रगल्भता मचाता है कि 'शिव ! शिव ! कैसे कहें' साधुजनों (साधुओं) के मन पर भी सुन्दर नेत्रों और उन्नत उरोजों वाली सुन्दरियाँ पदारम्भण करती हुई विचरण करने लगती हैं॥ १०॥

तं वीक्ष्य त्रिजगत्पतिं विरचयेर्दण्ड प्रणामान् बहून्
स्वीयं जन्म कृतार्थयन् प्रियसखे ! त्वं मां तदा संस्मरेः।
पश्चात्तत्र निधाय लोचनयुगं तद्ध्याननिष्ठं मनः
कृत्वा तस्य पुरः कृताञ्जलिपुटं तिष्ठन्निमं व्याहरेः॥ ११॥

अर्थ—प्रियमित्र ! उन त्रिलोकीपति का दर्शन करके बहुत बार दण्डवत् प्रणामों द्वारा अपने जन्म को सफल करते समय तुम मुझे भी याद करना, फिर अपने दोनों नेत्रों और मन को ध्याननिष्ठ करके अञ्जलि-बद्ध होकर इस प्रकार प्रार्थना करना॥ ११ ॥

त्वत्कण्ठोद्गतकालकूटकिरणैर्गाढान्धकारच्छटा
सच्छक्त्यैच्छुरितां वदन्ति मुनयः कालीति गौरीमपि।
तन्मायामथवा विदन्ति पुरतस्तेषां भ्रमोऽयं कियान्
या प्रत्याययति प्रभो ! त्रिजगतीं तथ्यामतथ्यामपि ।।१२ ।।

अर्थ—हे प्रभो ! प्रगाढ अन्धकार की छटा के समान लगने वाली आपके कण्ठ से निकली कालकूट की किरणों से रंजित गौरी को भी मुनिगण 'काली' कहकर पुकारते हैं, अथवा जो लोग आपकी इस माया को जानते हैं, जो कि अवास्तविक तीनों लोकों का भी वास्तविक रूप में प्रत्यायन (प्रतीति) कराती है, उनके सामने यह कैसा भ्रम है ?॥ १२ ॥

इत्युक्त्वा शितिकण्ठ[1] ते नम इति प्रह्वेण वाच्यं त्वया
बह्वेतावदपि प्रभोर्मनसि चेदायाति सूक्तोत्तम !
यत्स्तोत्रं विधिना व्यधायि निगमैर्यस्यांध्रिपद्मे नतिं
कुर्वन्ति त्रिदशेश्वराः कथमसौ सेव्योऽन्यथा त्वादृशैः ॥ १३ ॥

अर्थ—ऐसा कहकर विनम्रतापूर्वक कहना- "हे नीलकण्ठ ! आपको नमस्कार करता हूं," हे सूक्तोत्तम ! मन में मान लें तो प्रभु के लिए इतना ही बहुत होगा। जो स्तोत्र ब्रह्मा के द्वारा रचा गया, जिसको वेदों ने गाकर उनके चरणों में नमस्कार किया और बड़े-बड़े देवता भी ऐसा करते हैं तो तुम जैसे भला अन्यथा कैसे करेंगे ?॥ १३ ॥

इस पद्य में तद्गुणानुप्राणित भ्रांतिमान अलंकार है।

तस्य प्रार्थनया न यद्यपि भवेद्दारिद्र्यदुर्वेदना
सूक्तोक्तंस ! तथापि तस्य पुरतो वाच्यं न किञ्चित् त्वया।
येषां सर्वक एव सार्थयति चेत् प्रौढामपि प्रार्थनां
वक्तुं दीनतरं वचः किमुचितं तेषां प्रभूणां पुरः ।।१४ ।।

1. उग्रः कपर्दी श्रीकण्ठः शितिकण्ठः कपालभृत् ।अमर०१/३२

अर्थ—उनसे प्रार्थना करने पर ही यद्यपि दरिद्रता का दुःख नहीं रहता है फिर भी वहाँ तुमको उनके सामने कुछ नहीं कहना चाहिए। उन सर्वसमर्थ के सम्मुख किया हुआ सभी कार्य और निवेदन सार्थक होता है तो फिर उन स्वामी के समक्ष दीन वचन कहना क्या समुचित होगा ? ॥१४ ॥

ईशस्यालयतोऽम्बिकालयमभि प्रस्थातुकामस्त्यजे-
र्मा त्वं राजपथं स यद्यपि सखे दूरो दुरध्वाभवेत्[1] ॥
यत्रत्यानि कुतूहलानि कलयन्न ज्ञास्यसि त्वं पुन-
र्मार्गं चेदतिवाहितं सुखवशात् क्वास्ते तदा ते श्रमः ॥ १५ ॥

अर्थ—शिवजी के मन्दिर से अम्बिका के आलय (मन्दिर) में जाने के लिए तुम राजमार्ग को मत छोड़ना यद्यपि यह कुछ दूर और कठिन तो पड़ेगा परन्तु वहाँ के कुतूहलों को देख कर तुम्हें लगेगा कि जो सुख प्राप्त हुआ उसको देखते हुए मार्ग का श्रम कुछ भी नहीं है, कहाँ है ? ॥ १५ ॥

विष्णोर्वक्रविहारिणोऽथ भवनं गच्छेर्यदीयेऽङ्गणे
नृत्यन्त्याः परिवर्तनेषु सुदृशश्चेलाञ्चलान्दोलनात् ।
उत्तुङ्गस्तनमण्डलस्य सुषमां प्रत्यक्षयन् कञ्चुक-
च्छन्नामप्यनुवासरं विजयते नृत्योत्सवाऽडम्बरः ॥ १६ ॥

अर्थ—फिर बाँकेबिहारी (विष्णु) के मन्दिर में जाना जहाँ आँगन (चौक) में नृत्य करती हुई सुन्दर नेत्रों वाली नर्तकी के घूमर लेने से हिलते हुए वस्त्रों के कारण कञ्चुकों में ढँके हुए उसके उन्नत स्तनमण्डलों की शोभा नित्य ही नृत्योत्सवों का आनन्द बढाती है। १६ ॥

तं लक्ष्मीपतिमाकलय्य नतिभिस्तस्य प्रसादं पुनः
स्वीकृत्य प्रतिपन्नकौतुकभरस्तद्वैभवं भावयन् ।
यत्स्वर्गेश्वरमानमन्ति मुनयो दासं तदीयं तदा
तत्रत्येष्यसि सूक्तनायक सखे ! वाग्देवतामण्डन !॥ १७ ॥

---

1. वक्रः पन्था यदपि भवतः प्रस्थितस्योत्तराशां (पूर्वमेघ , २१)

अर्थ—हे सूक्तश्रेष्ठ ! उन लक्ष्मीनाथ का दर्शन करने के अनन्तर नमस्कार करके प्रसाद ग्रहण करना और उनके आश्चर्यकारक वैभव की सराहना करते हुए, हे वाणी के श्रृंगार ! तुम इन्द्र, देवताओं, और मुनियों द्वारा नमस्कृत उन भगवान् के भक्त (रामसिंह) के प्रति प्रस्थान करोगे ॥ १७ ॥

सूक्तोत्तंस ! ततश्चतुष्पथगतामालोकयेर्दीर्घिका-
मत्यागाधजलां प्रकामविपुलां कल्लोलमालाकुलाम् ।
तन्नौकाः क्रयणाय सार्थपतिभिर्यत्सन्निधौ स्थापिता
वीचीभिर्जलधेरिवोपनिहितास्तीरे विभान्त्युच्चकैः ॥ १८ ॥

अर्थ—हे सूक्तश्रेष्ठ ! तुम फिर चौराहे पर ऊंची-ऊंची लहरों और अगाध जलवाली विशाल बावड़ी को देखना जिस के किनारे पर सार्थपतियों द्वारा माल खरीदने के लिए स्थापित की गई बड़ी-बड़ी नौकायें मानों समुद्र की ऊँची-ऊँची लहरों की तरह शोभित हो रही हैं ॥ १८ ॥

इस पद्य में उत्प्रेक्षालंकार है ।

अत्यर्थं पृथुलोत्पतन्त्यतितरां यस्याः सकाशात् पयो-
धारा सूक्तकुलावतंस ! तनुते कौतूहलानां ततिम् ।
यामालोक्य कवित्वकामुकधियस्तिग्मद्युतेर्देहजा-
मुत्पश्यन्त्यभितातपार्श्वमुपरि प्रस्थानमातन्वतीम् ॥१९ ॥

अर्थ—हे सूक्तकुलशिरोमणि ! वहाँ पास ही में बहुत बड़ी-बड़ी ऊपर उठती हुई जलधाराएँ (लहरें) अत्यन्त कुतूहल उत्पन्न करती हैं जिनको देखकर बुद्धिमान् कवियों के मन में यह कल्पना उठती है कि मानों सूर्य की पुत्री यमुना अपने पिता के पास जाने के लिए ऊपर की ओर प्रस्थान कर रही है ॥ १९ ॥ उत्प्रेक्षालंकार

भ्रातः सूक्त ! ततः पुरः प्रचलितः पश्येः प्रसूनोत्करान्
कीर्त्योत्थानिव रामसिंहनृपतेरामोदमातन्वतः ।
हास्यानीव मृगीदृशां विदधतः पर्युत्सुकं मानसं
चेतांसीव सतां गुणेषु विशदेष्वागच्छतो बन्धनम् ॥२० ॥

अर्थ—बन्धु सूक्त ! वहाँ से आगे चलकर रामसिंह नृपति के यश की सुवास फैलाने को उद्यत हुए से पुष्प- समूहों को देखना । वहाँ मृगनयनियों

के हास्य आगन्तुकों के उत्सुक मनों को इस प्रकार बांधते हैं जैसे सज्जनों के मनों को स्वच्छ गुण आबद्ध कर लेते हैं ॥ २० ॥

उत्प्रेक्षा और उपमा अलंकार हैं

स्थानं नागरकस्य पश्य तदनु न्यायादपेतो जनः
स्थानात्संयमिनीपतेरिव यतः प्राप्नोति भीतिं पराम् ।
अस्नाताच्चणकादनाच्च निचितं पूतिप्रधानैर्जनैः
कारागारमुदारनारकदशां यस्मिन् समालम्बते ॥ २१ ॥

अर्थ—फिर नागरक (कोतवाल) के स्थान को देखना जहाँ नगर में नियम-भंग करने वाले लोग यमपुरी जैसे स्थान पर अत्यन्त भीति को प्राप्त होते हैं। वहाँ बिना नहाये-धोये मुट्ठी भर चने चबाते हुए गन्दे लोग जेल में बड़ी नारकीय दशा को भोगते हैं ॥ २१ ॥

सत्यं ब्रूहि ननूक्तमेव वपुषि स्यात् ते कशाताडनं
सत्योक्तावपि चेद् भवेदथ भवत्वत्रास्मि नाहं प्रभुः ।
दैवं विपरीतमस्ति किमितोऽप्युक्तेऽपि तथ्ये वृथा
ताड्योऽहं तदहो मुकुन्द सुकृते साक्षी त्वमेवासि नः ॥ २२ ॥

अर्थ—"सच बोल, सच नहीं कहेगा तो तेरे शरीर पर कोड़े पड़ेंगे, सच बोलने पर भी जो कुछ होगा वह तो मेरे वश में नहीं है। भाग्य की विपरीतता इससे अधिक क्या होगी कि सच कहने पर भी मुझे पीटा जाता है, हे मुकुन्द ! हमारे सुकृत के लिये आप ही साक्षी हैं" ॥ २२ ॥

हा मातः कठिनाः कशाः 'हरि हरि' व्याप्तोऽस्मि दुःखैरहं
हा लोकेश ! किमेष शोकबहुलः कष्टः कलिनिर्मितः ।
हा मूर्च्छा मम जायते मृतिरपि प्राप्ता समीपं प्रभो !
पापं प्राग्जनुषीयमर्हति भवान् क्षंतुं दरिद्रस्य मे ॥ २३ ॥

अर्थ—"हे माता ! बड़े कठोर कोड़े पड़ रहे हैं, 'हरि-हरि' हे लोकेश ! यह कलियुग का कैसा शोकप्रद कष्ट है ? हाय ! मुझे मूर्च्छा आ रही है, हे प्रभो ! मृत्यु भी समीप ही प्रतीत होती है, हे भगवन् ! मुझ दरिद्र के पूर्व-जन्म में किये हुये पापों को क्षमा करें" ॥ २३ ॥

इत्यादीनि वचांसि यत्र नियतं सूक्तावतसं ! त्वया
श्रोतव्यानि सटाक् सटागिति[1] कशाघाताद् ध्वनिश्चोत्थितः ।
प्रस्थातव्यमितः पुनर्द्रुततरं चौरः क्षणं ताडना-
वस्थानार्थमदृष्टपूर्वमपि यद् ब्रूतेऽति कष्टं निजम् ।।२४ ।।

अर्थ—हे सूक्तश्रेष्ठ ! इस तरह के वचन तुम अवश्य सुनोंगे और कोड़े मारने से सटाक्-सटाक् की आवाज भी आती रहेगी । चोर की पिटाई बंद होने तक और वह अपने कष्ट को पुनः कहे इस अदृष्टपूर्व दृश्य को देखे बिना ही तुम जल्दी से आगे चल देना ।। २४ ।।

सेदाङ्कैर्यवनैर्गृहं गिरिधरस्यासीदकस्माद् धृतं
तद्योधेनेह तं निशम्य कमपि स्वल्पान्निमित्तान्निजान् ।
तं वृत्तान्तमजानतः परतटेः ताप्यास्तदाऽभूद्बलं
तस्य क्ष्माधिपतेः सुरार्चनकृते मध्येगृहं तिष्ठतः ।। २५ ।।

अर्थ—सैयद अवटंकधारी यवनों ने गिरिधर (श्री कृष्ण) के मन्दिर को अचानक घेर लिया । उनके सिपाहियों द्वारा अपने थोड़े से लोगों के मारे जाने का वृत्तान्त उस समय पूजागृह में बैठे भूपति ने सुना, उसका बल (सिपाही दल) उस समय तापी के उस पार था ।। २५ ।।

श्रुत्वाऽथो बहिरुच्चकैः कलकलं स्वीयादुदन्तं पुनः
सर्वं ज्ञातवतस्तदा समभवन् पार्श्वेऽनुषाः पञ्चषाः ।
तेषामेकमयोजयन्निजबले द्वित्रान् स्वसम्बन्धिनां
सैन्ये सिंहवदुत्थितो नरपतिः कट्टारकैकायुधः ।। २६ ।।

अर्थ—उसने बाहर बड़ा भारी हल्ला-गुल्ला सुना और अपने लोगों से सब वृत्तान्त ज्ञात किया । उस समय उसके पास पाँच-छः आदमी ही थे, उनमें से एक को अपने दल पर नियुक्त किया और अपने दो-तीन सम्बन्धि जनों की ही सेना को साथ लिये वह नरपति एक कटार मात्र शस्त्र लेकर सिंह की तरह उठ खड़ा हुआ ।। २६ ।।

---

1 सटाक् सटाक् , अनुरणन् शब्द

दत्वाग्निं यवनाः कपाटपिहिते द्वारे तदीये पुनः
पक्षद्वारमुपागमन्विदधतो नाराचवर्षं महत्।
तेषां सम्मुखमेष हन्त नृपतिः यातः परीतो रुषा
केषांचिद् बलिनामसूनुदहरत्कट्टारकप्रेरणैः ॥ २७ ॥

अर्थ—फिर यवनों ने बन्द किवाड़ों में आग लगा दी और बगल के द्वार पर जाकर भारी बाणवर्षा आरम्भ कर दी। वह राजा क्रोध में भरकर उनके सामने गया और उसने कटार के प्रहारों से कितने ही योद्धाओं के प्राण हर लिये ॥ २७ ॥

पत्तिर्भूमिपतिस्तुरङ्गमसमारुढैः परैरेको (ऽप्य-)
नेकैर्निष्कवचोऽत्र हा कविचिभिः सत्कीर्तिशेषो कृतः।
इत्यागन्तुकरञ्जनैकनिपुणा वार्तां जनाः कुर्वते
यत्रत्या बुधवारनामनि पुरे मास्मिन् विलम्बं कृथाः ॥ २८ ॥

(कलापकम्)

अर्थ—अश्वारुढ और कवचधारी शत्रु सेना ने कवच-रहित एकाकी उस राजा को कीर्तिशेष कर दिया (मार गिराया), बुधवारपुर के लोग इस प्रकार की आकर्षक बहुत सी बातें आगन्तुकों को सुनाते हैं। तुम उनमें उलझ कर विलम्ब मत करना ॥ २८ ॥

क्रान्त्वा तत्पुरमागमिष्यति भवान् वेशं यदीया गृहाः
स्वच्छालेपनमार्जनादिविधिभिर्भ्रान्तिं परां तन्वते।
यान् प्राप्ता गृहमेधिसंग्रहधिया वैदेशिका ब्राह्मणाः
स्कन्धासक्तभराः पराभवमहो विन्दन्ति वेश्याजनात् ॥ २९ ॥

अर्थ—उस पुर को पार करके तुम उस स्थान पर पहुँचोगे जहाँ के घर 'वेश' (वेश्यालय) हैं, जो अच्छे लिपे-पुते और स्वच्छता (झाड़े बुहारे होने) के कारण बड़ा भ्रम उत्पन्न करते हैं, उनको धनी गृहस्थों के घर समझकर धन के लोभी कन्धों पर बोझा लदे हुये विदेशी ब्राह्मण भी (अथवा कन्धों पर चोट खाने वाले) उनमें जाते हैं परन्तु वेश्याओं से बड़ा भारी अपमान ही प्राप्त करते हैं ॥ २९ ॥ भ्रान्तिमान अलंकार है।

जृम्भारम्भणि तर्जनीनियमनादास्येऽङ्गुलीवादना-
न्मुद्रादर्शमुदीक्ष्य केशरचनात्त्रस्तांशुकाकर्षणात्।
यत्र स्मेरविलोचनाञ्चलचमत्काराच्च वाराङ्गना-
श्चोराणामपि चोरयन्ति सहसा चित्तानि वित्तानि च॥ ३०॥

अर्थ—आती हुई जम्हाई को तर्जनी से रोककर मुँह के आगे चुटकी बजाने, काच में देखकर बाल सँवारने, डरकर दुपट्टा सम्हालने, मुस्कुरा कर कनखियों से देखने आदि के चमत्कार (विलास) बताकर वे वारांगनाएं सहसा चौरों के भी चित्त और वित्त को चुरा लेती हैं॥ ३०॥

समुच्चय अलंकार है।

यस्यालोचनमम्बुजं विजयते कुन्दानि दन्तावलि-
र्वक्त्रं चन्द्रमसं तथान्धतमसं केशोच्चयो वाक्सुधाम्।
हेमाद्रिं कुचमण्डलं मृगपतिं मध्यः गजेन्द्रं गतिः
भ्रातर्या काचिदीदृशी तव दृशोरातिथ्यमायास्यति॥ ३१॥

अर्थ—जिसके नेत्र कमल को, दन्तावली कुन्द (कली) को, मुख चन्द्रमा को, केशपाश घने अन्धकार को, वाणी अमृत को, कुचमण्डल हेमाद्रि (सुमेरु) को, कटि मृगपति (सिंह) को, गति गजेन्द्र को जीतने वाली हैं, हे भाई ! ऐसी कोई रमणी तुम्हारी दृष्टि की अतिथि बनेगी॥ ३१॥

इस पद्य में व्यतिरेक अलंकार है।

यन्निर्बन्धवता त्वया विरचिता कस्याश्चिदोष्ठस्तुतिः
श्लोकानां शतकेन परिचयात् त्वामेतदभ्यर्थये।
मा गाः कौतुकवर्णनैकरसिक ! प्रेमाणमस्यां पुन-
र्युज्येतापि न बन्धुकृत्यमुररीकृत्यान्यतस्ते रतिः॥ ३२॥

अर्थ—ऐसी ही किसी रमणी के प्रति आकृष्ट होकर तुमने उसके अधर (ओष्ठ) की प्रशंसा में श्लोकों के शतक[१] की रचना की थी। उसी परिचय के आधार पर मैं प्रार्थना करता हूँ कि हे कौतुकवर्णनरसिक ! अब पुनः उसके प्रेम में मत फँसना; अपने बन्धु के हित को ध्यान में रखते हुये दूसरी बातों पर ध्यान देना तुम्हारे लिए उचित नहीं है॥ ३२॥

1. कवि की अन्यतम रचना 'अधरशतकम्' से तात्पर्य है।

तद्भ्रूचापगलद्दृगन्तविशिखैश्चेत्ताडयेन्मन्मथ-
स्त्वां वा तद्वचनं जयेद्यदि पुनस्त्र्यक्षस्य कुर्याः स्तुतिम्।
साधूनां खलु संकटापनयने कोऽप्यऽपरो धूर्जटेः
प्रागेवैतदेवेत्य येन मदनो देहेन हीनः कृतः ॥३३ ॥

अर्थ—उसके भ्रूचापों और चितवनों से निकले बाणों तथा वचनों से यदि तुम पर कामदेव विजय प्राप्त करने लगे तो तुम फिर त्र्यक्ष (त्रिनेत्र शिवजी) की स्तुति करना क्योंकि भले मनुष्यों का ऐसा संकट दूर करने में धूर्जटि (शिवजी) के अतिरिक्त कोई दूसरा (देवता) समर्थ नहीं है, इसीलिए ऐसा जानकर उन्होंने पहले ही मदन (कामदेव) को देहरहित कर दिया है ॥३३ ॥

उद्यद्दुग्धसमुद्रफेनधवलं त्वामभ्युपेत्योज्झृतं
तस्या हास्यमुदीक्ष्य किञ्चिदरुणं बिम्बाधरस्य श्रिया।
एतद् कूर्मकुलावतंसयशसा स्पर्धां चिकीर्षुः स्फुटं
तद्बाणव्रणरक्तसक्तमिति ते भ्रातर्भवित्री मतिः ॥ ३४ ॥

अर्थ—तुम्हारे सामने आकर जब वह क्षीरसागर में उठे फेनों के समान सफेद हास्य फैलावे तो उसके बिंबाधर की हल्की सी लाल छवि को देखकर तुम उस कूर्मकुल के श्रृंगार (रामसिंह) की कीर्ति से स्पर्धा (होड) करने के अपराध में उस पर बाण से किए हुए व्रण के रक्त से सने हुये (घाव) की कल्पना करोगे ॥ ३४ ॥

गच्छेस्त्वं हसनाभिधानयवनोद्यानेऽथ यत्सौहृदं
भृङ्गानाह्वयते कवीनिव महासिंहान्वयेन्दोर्यशः।
यत्र ब्रध्नपुराङ्गनाविलसितैरायत्ततामागताः
संकेतानिव संसृतेर्विदधते संकेतवृक्षान् जनाः ॥ ३५ ॥

अर्थ—फिर तुम हसन नामक यवन के बाग में जाना जिसकी सुन्दरता भ्रमरों को इस प्रकार आमन्त्रित करती है जैसे महासिंह के वंश में चन्द्रमा रूपी रामसिंह का यश कवियों का आह्वान करता है। वहाँ पर ब्रध्नपुर की अङ्गनाओं के विलास से बढ़े हुये वृक्षों को लोग संकेत स्थल बना लेते हैं ॥३५ ॥ रूपक अलंकार।

छन्ने मन्यमृगीदृशां प्रवहणैरम्बाध्वसंबाधतां
तन्वद्भिर्भवतो भविष्यति ततो भूयान् विलम्बः सखे !
किं चोच्चैः परिहासभाञ्जिविभजद् व्रीडानि गीतामृता-
न्येतासां पिबता त्वयापि न पुरो याने मतिर्धास्यते॥ ३६ ॥

अर्थ—हे मित्र ! वहाँ माता के मन्दिर के मार्ग में श्रेष्ठ मृगलोचनियों के प्रवहणों द्वारा बाधा उत्पन्न होने से तुमको बहुत विलम्ब हो जायगा, फिर उनके (खुले) परिहास भरे विलास, लज्जा और अमृत भरे गीतों का पान करते हुए तुम्हारा मन भी आगे बढ़ने को नहीं होगा॥ ३६ ॥

**ताश्चेद् त्वां प्रसमीक्ष्य कञ्चन परीहासं विदध्युस्तदा
त्वं तासां परिहासशील पुरतः प्रत्युत्तरं मा कृथाः।
यस्मात्तासु गतत्रपासु भवतो व्यर्थं वचोनैपुणं
मन्दाक्षं हि विलक्षता परिचयं हेतुः कुरङ्गदृशाम्॥ ३७॥**

अर्थ—तुमको देखकर वे स्त्रियाँ कोई परिहास भी करें तो हे परिहासशील ! तुम उसका कोई तुरंत प्रत्युत्तर मत देना क्योंकि उन लज्जाहीन स्त्रियों के सामने तुम्हारी वचन-चातुरी व्यर्थ होगी, स्निग्ध दृष्टि से देख लेना ही सुन्दरियों के लिए परिचय का कारण बन जाता है॥ ३७ ॥

अर्थान्तरन्यास अलंकार।

**यानोद्घातसुजातसंभ्रमवशात् सीत्कारि बिम्बाधरं
चञ्चच्चञ्चललोचनाञ्चलचमत्कारं वलद्वेपथु।
छत्रीयष्ट्यवलम्बनोद्यतभुजं सम्मोहयन्त्या मनः
कूर्पासं[1] कलयिष्यते वरतनोस्तुङ्गस्तनोत्तुम्भितम्॥ ३८॥**

अर्थ—प्रवहण के दचके से उत्पन्न घबराहट के कारण सिसकारी युक्त बिम्बाधरों और चञ्चलता से चलायमान लोचनों के चमत्कार से बढ़ते हुए कम्पन के कारण सहारा लेने को छत्री पकड़ने के लिए उठाए हुए हाथ से मन को मोहने वाली सुन्दरी ऊंचे उरोजों के कारण अपनी उठी अर्ध चोली को सम्हालने का प्रयत्न करेगी॥ ३८ ॥

---

1. कूर्पास आधी चोली, काँचली 'कूर्पासोऽर्धचोलिकः' - हारावली

हस्ताग्रेण पटावगुण्ठनवता स्पर्शोल्लसत् तत्क्षणं
प्रोन्मृष्टासु परिश्रमाम्बुकणिकास्वारुण्यमाबिभ्रति।
आरादाकलयन्नपत्रपतया व्यक्तानि वक्त्राम्बुजान्
यासां नेमिसमुत्थितान्ननु सखे पांसूनवज्ञास्यसि॥ ३९॥

अर्थ—हाथ के अग्रभाग से अवगुण्ठन को सम्हाले हुए उसके स्पर्श से उल्लसित उसी समय श्रम कणों सहित ललिमायुक्त, लज्जा छोड़ कर जल्दी-जल्दी पोंछे हुए उनके मुखकमल भी दिखाई दे जावेंगे; तब हे मित्र ! रथ के पहियों से उठे हुए रजकणों की भी तुम अवज्ञा कर दोगे क्योंकि वे (राजकण) उन मुखकमलों पर जा जमेंगे ॥३९ ॥

देव्याः शारदवारिदप्रतिभटं प्रासादमभ्रंलिहं
दूरादेव विलोकयिष्यसि सखे यं प्रेमराजो व्यधात्।
अग्राद्यस्य विदारिताष्टपटलान्यापः प्रपातः पतन्
प्रालेयाद्रिशिरः स्रवत् सुरसरित्साम्यश्रियं विन्दति॥ ४०॥

अर्थ—शरत्काल के बादलों से स्पर्धा करता हुआ और शुभ्र आकाश को स्पर्श करता हुआ देवी का मन्दिर, जिसको प्रेमराज ने बनवाया था, तुमको दूर से ही दिखाई दे जायगा; उसके आगे ही आठ पटलों को पार करके डाँकता (ऊपर से गिरता) हुआ पानी का प्रवाह हिमालय के शिखर से बहती हुई गंगा की शोभा की समता करता है॥ ४०॥

सूक्तोक्तंस ! ततोऽम्बिकानयनयोः सौभाग्यमुद्भावयन्
पत्तेः प्राक्तनपुण्यगौरववशान्मूर्द्धानमानामयन्।
ऊंकारस्य स्तवं मया विरचितं नाम्ना जगन्मङ्गलं
पश्चादेतदुदीरयेः प्रियसखे प्रस्तावयोग्यं वचः॥ ४१॥

अर्थ—हे सूक्तश्रेष्ठ ! फिर पूर्वजन्म के पुण्य समूहों के गौरव से तुम अम्बिका के नयनों में सौभाग्य का उद्भव करते हुए, शिर नवा कर मेरे रचे हुए ऊंकार (शिव) के 'जगन्मङ्गलास्तुति' नामक स्तव का उच्चारण करना और फिर हे मित्र !ये प्रस्तावयोग्य वचन कहना- ॥ ४१॥

दैन्यं यत्पुरतः करोति पुरजित् पद्मप्रियः पद्मभूः
पौलोमीपतिपावकप्रभृतयोऽप्यन्ये निलिम्पाधिपाः[1]।
तस्यास्ते पुरतोऽवकाशमयते कर्तुं कुतोऽदीनतां
मादृग् देवि न दैवदुर्विलसितं तत्रापि मां मुञ्चति॥ ४२॥

अर्थ—जिसके समक्ष पुरों को जीतने वाले शिव, लक्ष्मी के प्रिय विष्णु, पद्म से उत्पन्न ब्रह्मा, पौलोमी के पति इन्द्र, अग्नि और अन्य प्रमुख मरुद्गण भी दीनता प्रकट करते रहते हैं वहाँ मुझ दीन को अदीन करने का आपको अवकाश ही कहाँ है ? हे देवि ! दैव का दुर्विलास यहाँ भी मेरा पीछा नहीं छोड़ता॥ ४२॥

इस पद्य में तुल्योगिता अलंकार है।

नत्वा ते चरणारविन्दयुगलं ध्यात्वा त्वदीयं मह-
स्त्वच्चारित्रपवित्रवाग्विलसितैः स्तुत्वा च भूयस्तराम्।
मातः पण्डितवत्सले ! प्रतिदिनं त्वामेतदभ्यर्थये
जीयादेष समाः शतं नृपमहासिंहात्मजः सात्मजः॥ ४३॥

अर्थ—हे माता ! आपके चरणयुगलों को नमस्कार करके आपके पवित्र तेज और चरित्र का ध्यान करके वाणीविलास (कविता) द्वारा बार-बार स्तुति करता हुआ मैं प्रतिदिन यही प्रार्थना करता हूँ कि हे पण्डितवत्सले ! यह महासिंह का आत्मज (जयसिंह) अपने पुत्र (रामसिंह) सहित सैकड़ों वर्ष जीवित रहे॥ ४३॥

इत्युत्कायतनप्रदक्षिणविधौ प्रकम्प्यमाणे दृशो-
र्युग्मं ते वरवर्णिनी द्रुततरामाखेटकी वेलिता।
भ्रातः किं च शनैर्नितम्बभरतो यान्त्या कयाचित् पुरो
राज्ञोऽग्रेसरमत्र सिन्धुरपतेः सादृश्यमायास्यति॥ ४४॥

अर्थ—इस प्रकार ऊपर के भवन में प्रदक्षिणा करते समय तुम्हारी दोनों चञ्चल आँखों के सामने कोई सुन्दरी किसी शिकारी से घबड़ाई हुई मृगी की तरह जल्दी-जल्दी और कभी नितम्बभार के कारण मन्थर गति से राजा के आगे गजराज की तरह चलती हुई दिखाई देगी॥ ४४॥

---
1. निलिम्पा : मरुद्गणाः ; आप्टे पृ. २९६

रेखां ब्रध्नपुरावधेरिव नदीं क्रान्त्वा ततोऽल्पीयसीं
सूक्तोक्तं खरदीपुरं विरहयन्निम्बोलमालोकयेः।
स्वस्मिन् प्रापयितुं परां मधुरतां यद्यावनालाश्रयां
पीयूषं वसतीव यस्य विपणौ वापी पयोव्याजतः॥ ४५॥

अर्थ—ब्रध्नपुर की सीमा रेखा बनाती हुई पतली सी नदी को पार करके सूक्त में वर्णित खरदीपुर को छोड़ते हुए तुम निम्बोल नामक ग्राम (के संध्यादृश्य) को देखना। मित्र ! वहाँ पर यवनों द्वारा लाए नालों के जल से अपने में परम मधुरता प्राप्त करने हेतु बाजार में स्थित वापी में जल के व्याज से अमृत ही निवास करता है॥ ४५॥

यत्र ब्रध्नपुरात् पुरः प्रचलिताः प्रस्थापनायागतै-
र्मित्रैरालपतान्नयन्ति निखिलामुन्निद्रनेत्रां निशाम्।
प्रत्यूषे विरहं मिथो विदधतां नेत्रे अमीषां पुनः
निद्राया विरहादिवातिविधुरे वाष्पं भृशं मुञ्चतः॥ ४६॥

अर्थ—वहाँ ब्रघ्नपुर से आगे चलकर यहाँ ठहरने को आये हुये यात्री मित्रों से बातचीत करते हुए नींद न लेकर आँखों में ही रात बिता देते हैं, प्रातःकाल बिछुड़ते हुए मानों निद्रा के विरह से ही उनके दोनों वियोगी नेत्र अश्रु छोड़ते हैं॥ ४६॥ उत्प्रेक्षा अलंकार।

यत्रत्योपवनादुपेत्य पवनः सेविष्यते त्वां पथि
च्छायेध्वातरवः शनैरनुतलं यातं तपत्यातपे।
प्राप्याथ प्रति सप्तदाडिमवतीमासेरकोपत्यकां
तां तत्राधिवसेर्निशामपि च भो पश्येस्त्वमाशापुरीम्॥ ४७॥

अर्थ—वहाँ के बाग से आकर पवन, मार्ग में धूप से तपती भूमि पर और रास्ते के छायादार वृक्षों के नीचे, (सेवा द्वारा) तुमको सुख पहुँचावेगा, फिर सात अनार के वृक्षों वाली आसेर की घाटी में पहुँच कर रात्रि- विश्राम करना और वहाँ आशापुरी माता के दर्शन करना॥ ४७॥

एषा यद्यपि पादयोः प्रणमतां निःसंशयं पूरय-
त्याशां ! मित्र ! तथापि न प्रणमताऽशास्यं तदान्यत्त्वया।

आशास्यं पुनरेतदेव जगतामाशाः सदा पूरयन्
माहासिंहिरसौ[1] नृपः सतनयो जीयात् सहस्रं समाः ॥ ४८ ॥

अर्थ—यद्यपि चरणों में प्रणाम करने वालों की सभी आशाओं को यह (आशापूर्णा देवी) पूर्ण करती है फिर भी हे मित्र ! प्रणाम करते समय तुमको इसके अतिरिक्त और कोई आशा प्रकट न करना चाहिये कि संसार भर के लोगों की आशा पूरी करता हुआ यह महासिंह का पुत्र (जयसिंह) अपने पुत्र सहित हजारों वर्ष जीवित रहे ॥ ४८ ॥

तत्र त्वं न मनागपि प्रकटयेर्माधुर्यमन्तर्गतं
माधुर्यैकधुरीण ! दाडिमफले दीने दयां दर्शयन्।
नो चेत्कौतुकतस्त्वया निजरसे प्रादुष्यते दाडिम-
व्यापारैकधनाः क्षणादपधनाः सर्वे भवेयुर्जनाः ॥ ४९ ॥

अर्थ—माधुर्य में एकमात्र धुरीण (चतुर) ! तुम बेचारे दाडिम फल पर दया करके वहाँ (कविता करके) अपने हृदयगत माधुर्य को तनिक भी प्रकट मत करने लग जाना अन्यथा अनार के रस तुम्हारे रस से फीके पड़ जायेंगे और दाडिम के सभी धनी व्यापारी अपधन (कंगाल) हो जायेंगे ॥४९ ॥

भ्रातस्त्वां कथयामि किञ्चिन् मनाक् चितेऽवधेहि प्रति-
ग्रामं प्रापनुवति प्रभातसमये ज्योत्स्नाभ्रमान् मा स्वपेः।
कीर्तिं कच्छपवंशभूषणमणेर्दिग्देशकालाः परि-
च्छेत्तुं नालमहो यदप्यथ पुनः कल्पं तु मङ्गल्यभूः ॥५० ॥

अर्थ—भाई ! एक बात कहता हूँ, उसका तनिक ध्यान रखना। प्रत्येक ग्राम में (जहाँ तुम ठहरो) प्रातः काल में चाँदनी के भ्रम में सोते मत रह जाना क्योंकि कच्छपवंश के भूषणमणि (जयसिंह/रामसिंह) की कीर्ति को दिशा, देश और काल की परिधि में नहीं बाँधा जा सकता, वह कल्पपर्यन्त मंगल करने वाली है ॥ ५० ॥

---

1. "महासिंहस्य अपत्यं पुमान् माहासिंहिः"

प्रातः स्नानविधिं विधाय सरणिं यातेन याते ततो
ग्रामे मोकलनामनि प्रियसखे ! नेया निशेयं त्वया।
यस्मिन् काचन भर्ज्जिका विजयते रम्याकृतिर्भर्जयेत्
याऽहो याऽतनुपावकेन चनकान् यूनां मनोभिः सह॥ ५१॥

अर्थ—हे प्रियमित्र ! प्रातःकाल में स्नानादि से निवृत्त होकर फिर रास्ता पकड़ लेना और मोकल नामक ग्राम में रात बिताना। वहाँ कोई सुन्दरी भर्जिका (भडभूजन) रहती है; वह चनों के साथ अपने आकर्षक रूप द्वारा कामदेव की अग्नि से युवकों के मन भी भून देती है (आतप्त कर) ॥ ५१ ॥

उत्थाय स्मरणं विधाय शिवयोर्जाते प्रभाते सति
भ्रातर्मार्गमुरीकुरुष्व करुणां कुर्वन्नखर्वां मयि।
ग्रामं बीकननामकं गतवता सूक्तावतंस ! त्वया
तत्रावस्थितिरेकरात्रमुररीकार्याऽवधार्य श्रमम्॥५२॥

अर्थ—हे भाई ! सवेरा होने पर उठना और शिव-पार्वती का स्मरण करके मुझ पर अत्यन्त अनुग्रह करते हुए फिर यात्रा पर ध्यान देना। बीकन नामक ग्राम[1] में पहुँच कर हे सूक्तावतंस ! वहाँ थकान मिटाने का ध्यान रखते हुए एक रात विश्राम करना॥ ५२ ॥

अस्मिन् सौचिकसुन्दरी युवजनस्वान्तं पटान्तं तथा
स्वे हस्ते विनिधाय हन्त युगपद् दिव्यैर्गुणैः सीव्यति।
मैतस्याः सविधे स्थितिं प्रियसखे कुर्याः यदा योज्झिते
मार्गे संचरतां विपत्प्रतिपदं संपद्यते सर्वतः॥५३॥

अर्थ—उस ग्राम में भाई[1] एक दर्जिन अपने और युवकों के हृदयों को तथा पटों को अपने हाथ में लेकर (हस्तगत करके) एक साथ दिव्य गुणों (धागों) से सिल देती है; प्रिय मित्र ! उसके पास मत बैठना क्योंकि मार्ग में चलने वालों पर कदम कदम पर सब ओर से विपत्ति आ जाती है॥ ५३ ॥

अर्थान्तरन्यास अलंकार।

---

1. गुजरात और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित ग्राम।

निद्रालस्यमुदस्यताथ गमनव्यापारमभ्यस्यता
मूलस्थानमवाप्य तत्र भवताऽवस्थानमापत्स्यते।
कल्यं प्राप्य ततः सखे विरचयन् मङ्गल्यमालम्बनं[1]
मण्याद्यन्यतमस्य पद्यनृपतेर्विन्दस्व पद्यां[2] पुनः ॥४५॥

अर्थ—निद्रा और आलस्य छोड़कर यात्रा करते हुए जब तुम मूल (ठीक) स्थान पर पहुँचोगे तो वहाँ तुमको ठहरने का स्थान मिल जायगा। प्रातराश ग्रहण करके मंगल्य[२] (दुर्गा) की शरण ग्रहण करना जिससे तुमको (सूक्त-) मणि आदि से भी बढ़कर पद्यनृपति की पदवी प्राप्त होगी फिर तुम रास्ता पकड़ लेना॥ ५४॥ काव्यलिंग अलंकार।

जानाम्येष यथा तथा न विदितं त्वेतत् तवाप्यस्ति भोः
माधुर्यं भवदीयमेव भुवने वर्वर्ति सर्वोपरि।
तेन ग्रामवलम्बवाडजनिते पार्वूजके नादरः
कर्तव्यो यदपि स्तुते पथि जनैस्तत्त्वानभिज्ञैस्तव ॥५५॥

अर्थ—मैं यह जानता हूँ कि इस संसार में तुम्हारा माधुर्य सर्वोपरि है, संभवतः यह तुमको भी विदित नहीं है। इसलिए रास्ते में पड़ने वाले उस बाड से घिरे पार्वूजक (पास वाले) गाँव को विशेष महत्त्व मत देना, यद्यपि वास्तविकता न जानने वाले राहगीर प्रशंसा करेंगे। (वहाँ अधिक समय मत ठहरना)॥ ५५॥

सूक्तोत्तंस ! दृशावकब्बरपुरादाकृष्य तस्यान्तिके
पश्येः प्रीतिदां पश्यतामपि नृणां तां शर्मदां नर्मदाम्।
स्नात्वा यत्र कृतार्थयिष्यसि निजं जन्म स्वकीयं मनाक्
कृत्वा चेतसि मामपि प्रियसखे मेतत्पुनर्विस्मरेः ॥ ५६॥

अर्थ—हे प्रिय सूक्तोत्तंस ! अकबरपुर से दृष्टि हटाकर उसके पास ही दर्शको को शान्ति देने वाली नर्मदा के दर्शन करना, हे मित्र ! वहाँ एकबार मन में मेरा भी स्मरण करना न भूलना, फिर स्नान करके अपने जन्म को अवश्य ही सफल कर लेना॥ ५६॥

1. मङ्गल्य, a name of Durga; Apte, p. 416.
2. पद्या = Path, Way : Apte, p. 315

पश्यन्तो निखिलाभिलाषकलनामुच्चार्य पञ्चाक्षरीं
बिल्वैरर्चयतां सतां यदुपलान् गङ्गाधराधिष्ठितान्।
मन्त्रादि- त्रितयस्य तस्य मुनयोऽचिन्त्यं प्रभावं जगु-
स्तत् तत्त्वानवधारणेषु विधुरा जल्पन्ति यत्किञ्चन॥ ५७॥

अर्थ—(दर्शन करके), सब प्रकार की अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली पञ्चाक्षरी[१] स्तुति का उच्चारण करते हुए जो सज्जन इस (नर्मदा) के कंकड़ों को गंगाधर (शिवजी) के रूप में अधिष्ठित करके बिल्वपत्र चढ़ाकर पूजन और दर्शन करते हैं उनके लिए मुनिजन मन्त्रादि त्रितय (मंत्र, यंत्र, तंत्र) जन्य अचिन्त्य प्रभाव का कथन करते हैं; तत्व को समझने में असमर्थ लोग कुछ भी कहते रहें ॥ ५७ ॥

कारक दीपक अलंकार ।

तत्तीरे विहिताह्निकोऽथ रजनीं ग्रामे व्यतीत्योषसि
प्रस्थानं विदधद्विधेहि पुरतः स्नानं त्वमस्यां सखे !
पश्चान्मार्गमुपेत्य सार्थसहितो गच्छेर्जहागीरकं
ग्रामं तत्र कवित्वमण्डनमणे ! ते वासतेयी निशा॥ ५८॥

अर्थ—उस (नर्मदा) के तीर पर दैनिक कृत्यादि करने के अनन्तर हे मित्र ! उस गाँव में रात्रि बिताकर उषाकाल में प्रस्थान करने से पूर्व तुम उस नदी में स्नान करना । तदनन्तर साथियों (सहयात्रियों) सहित जहाँगीर ग्राम का मार्ग पकड़ना । हे कवित्वमण्डन-मणि ! उस रात तुमको उसी गाँव में ठहरना चाहिए ॥ ५८ ॥

सुप्तस्त्वं प्रतिबोधितोऽथ चटकारावैर्भवेदध्वनि
ध्वन्युत्तंसमणेऽपनेष्यसि पथो दुःखं च दिक् ठानक ?[२]
दिग्भागं त्रिदशेश्वरस्य विलसद्भागं विलोक्योत्थितः
पन्थानं प्रमथप्रभोर्गुणकथां पान्थैः प्रथां प्रापयेः ॥५९ ॥

अर्थ—वहाँ सोये हुये तुम चिड़ियों की चहचहाट से जगाये जाओगे । उंठते ही तुम्हें त्रिदशेश्वर (देवाधिदेव शिव) के मन्दिर का उठा हुआ भाग दिखाई देगा जिससे हे सुन्दरध्वनि-काव्य की रचना करने वाले ! तुम्हारा मार्ग में चलने का खेद दूर हो जायेगा । फिर साथियों को प्रमथनाथ (शिव) की महती महिमा-कथा को कहते हुये तुम मुख्य मार्ग पर पहुँच जाओगे ॥५८ ॥

1. नमः शिवाय 2. अर्थ स्पष्ट नहीं है ।

त्वं देपालपुरं तथा गमयितुं मार्गश्रमं रोचये:
स्पर्द्धां यत्र तनोति मित्र ! सरितांपत्या तडागं महत्।
पक्षच्छेदिनि जम्भभेदिनि मनाङ्. मन्ये प्रवेष्टुं पुरा
वार्द्धौ यत्र स्वसंदिहानहृदयो मैनाकशैलः स्थितः॥ ६०॥

अर्थ—फिर तुम देपालपुर जाने के लिए मार्गश्रम सहने का मन बनाना जहाँ का बड़ा भारी तालाब सरिताओं के पति समुद्र से स्पर्द्धा करता है, जिसमें पर्वतों के पक्षों (परों) को काटने वाले और जम्भासुर को मारने वाले इन्द्र के प्रति शंका करता हुआ मैनाक पर्वत भी प्रवेश करने को मन बना बैठा था॥ ६०॥

भ्रातः प्रातरितः पुनः प्रचलितः प्राग्जन्मपुण्योच्चये
जाते हन्त फलोन्मुखे तव दृशोः साफल्यमाधास्यति।
सा सूक्तोज्जयिनी जयन्त्यतितरां संसारवारांनिधेः
पारं नेतुमथापनेतुमखिलं पापं मनाक् पश्यताम्॥ ६१॥

अर्थ—हे भाई सूक्त ! प्रातःकाल में वहाँ से पुनः चल पड़ने पर तुम्हारे पूर्वजन्म के पुण्य फल देने को उन्मुख होंगे और तुम्हारी आंखें तब सफल हो जायेंगी जब तुम उज्जयिनी नगरी को देखोगे जो सर्वोपरि है और जो एक बार दर्शन करने वालों के समस्त पापों को दूर करके संसार-समुद्र से पार करने वाली है॥ ६१॥ रूपक अलंकार।

भ्रातर्यत्र पिशाचमोचनमिति ख्यातिं गतः सर्वतस्-
तीर्थं तीर्थपतेः पराभवकृते बद्धोद्यमं वर्त्तते।
यत्र स्नानकृतः कलिं कृतयुगं कुर्वन्ति सर्वं मनो-
मालिन्यं झटिति त्यजन्त इतरज्जानन्ति नैवेश्वरात्॥ ६२॥

अर्थ—हे भाई ! वहाँ पिशाचमोचन नामक तीर्थ है जो सर्वत्र ख्याति प्राप्त तीर्थपति (प्रयाग) को भी सब तरह से पराजित करने के लिए उद्यत है। उसमें स्नान करनेवाले अपने मनोमालिन्य को तुरन्त छोड़कर इस कलियुग को भी कृतयुग बना देते हैं और ईश्वर के अतिरिक्त अन्य किसी वस्तु को नहीं जानते हैं॥ ६२॥

तापीव स्मरणेन पातकचयोच्छेदं यदङ्गीकरो-
त्यानन्दप्रद नर्मदेव दिशति श्रेयांसि यद्दर्शनात्।
निर्वाणं विबुधापगेव वितरत्यम्भोवगाहेन यत्
कामान् पूरयति प्रयाग इव यद्देहं पुनर्नेहते ॥ ६३ ॥

अर्थ—उस (तीर्थ) का स्मरण करने से उसी तरह पापों का उच्छेद होता है जैसे तापी का स्मरण करने से, उसका दर्शन नर्मदा की तरह ही कल्याणकारी और आनन्दप्रद है; उसके जल में अवगाहन करने पर गंगास्नान की तरह सब कामनाएं पूरी होती हैं तथा उसमें स्नान करने से पुनर्जन्म नहीं होता जैसे प्रयाग में स्नान करने वाला पुनः देह धारण नहीं करता ॥ ६३ ॥

उपमा अलंकार।

यस्मिन् मज्जति मानवे सुमनसामीशस्य मन्ये मन-
श्चिन्ताब्धौ विनिमज्जति स्वविभवावस्थानदुःशङ्कया।
अस्मिन्नुत्पलकान् [विलोक्य सहसा] गण्डे विरक्ता वरे
भुंक्ते नव्यवराभिलाषतरलस्वान्ता पुलोमात्मजा ॥६४॥

अर्थ—उस (तीर्थ) में मनुष्य स्नान कर लेने पर, मैं मानता हूँ कि देवताओं का स्वामी इन्द्र भी अपने विभव में कमी आ जाने की चिन्ता में डूब जाता है। इसमें नीलकमल को अपने गंडस्थल पर धारण करने वाले को देखकर पुलोम- पुत्री (शची) भी सहसा अपने वर (इन्द्र) के प्रति विरक्त हो कर नये वर की अभिलाषा से अन्तर में तरल हो उठती है ॥ ६४ ॥

स्नात्वा तत्र ततस्त्वमर्चय महाकालं स्थितं सर्वतो
व्याप्य क्षेत्रमिदं दुराग्रहपथे देयं पदं न त्वया।
प्रासादस्य कृतेऽप्यहो परिभवे म्लेच्छैः प्रभोः किं गतं
प्रासादाच्छरणागतान्न तु कलिस्तान् पातुमासीत् प्रभुः ॥ ६५ ॥

अर्थ—वहाँ स्नान करके तुम महाकाल शिव की अर्चना करना जो उस क्षेत्र में सर्वत्र व्याप्त होकर विराजते हैं; किसी दुराग्रह के मार्ग में पैर मत रखना। मन्दिर को म्लेच्छों द्वारा अपावन कर देने पर भी प्रभु का क्या चला गया ? प्रासाद से जाकर शरण लेने पर कलियुग भी उनकी (म्लेच्छों की) रक्षा करने में समर्थ नहीं हुआ ॥ ६५ ॥

दृष्ट्वाऽधो पुरकौतुकानि कुतुकात् प्राप्तोऽपि शिप्रापयो-
हारिण्याऽभिमतं दृशोर्विलसितैरुद्भावितं मा कृथाः।
नोचेदेकमुदस्य धास्यसि शिरस्थस्या घटं त्वां स्मरो
हृद्याधाय धटौ तु विष्टिविधया सार्द्धं तया नेष्यति॥ ६६॥

अर्थ—फिर नीचे की ओर नगर के कौतुक देखना परन्तु शिप्रा का जल लाती हुई किसी (युवती) की ओर कौतुक से भी ललचाकर आँख मत उठाना अन्यथा उसके सिर पर रखे हुए एक घड़े के बदले तुम्हारे हृदय में दो घट (कुम्भ) रखकर स्मर (कामदेव) तुमको वश में करके अनुचर के रूप में उसके साथ ही ले जायगा॥ ६६॥

चेत्कैलासगतातिकौतुकवशान्यालोकितुं ते मनः
काव्याखण्डल ! कालियरुद्गतं[१*] प्रासादमासादय।
किं चैनां तपयामिनीमधिगतोऽस्मच्छिष्यनाथूगृहं
पान्थानां पथि[*३] (यत्) प्रतिश्रयकृते दुष्प्राप्यमेतादृशम्॥ ६७॥

अर्थ—यदि कैलास के और भी अधिक कौतुक देखने को तुम्हारा मन हो तो हे कवीन्द्र ! चन्दन से बने (या काली के[१]) प्रासाद में जाना। फिर गरमी की रात व्यतीत करने को हमारे शिष्य नाथू के घर चले जाना क्योंकि यात्रियों के विश्राम के लिए उससे अच्छा स्थान मिलना कठिन है॥ ६७॥

काव्यलिंग अलंकार।

ग्रामं पिप्पलनामकं प्रियसखे ! प्रातः परेद्युः पुनः
विश्रामं ह्यदि रोचयेर्दिनमुखे याते तु यानोद्यमम्।
मार्गश्रान्त्यपनोदमाचर गतस्त्वं खाचरोदं ततो
मोदं प्राप्य उपेहि सार्थमिलितः कुर्वन् विनोदं पथि॥ ६८॥

1. कालीयकं च कालीयं वर्णकं कान्तिदायकम्॥ अमरकोषे २.१२६। kind of sandal wood- apte- p. १४७

अर्थ—दूसरे दिन पिप्पल (पीपला) नामक गाँव में पहुँचकर यदि विश्राम करने का मन हो तो दिन ढालकर (दोपहर बाद) फिर यात्रा आरम्भ करना। मार्ग की थकान मिटाने के लिए साथ के लोगों से विनोद करते हुए तुम खाचरोदग्राम पहुँच कर मोद प्राप्त करना (प्रसन्न होना) ॥ ६८ ॥

हिंगोरे गुणभाञ्जि- मण्डनमणे ! ग्राम्याङ्गनानामना-
कूतेष्वप्यवलोकनेष्वपि मनाङ्‌ मा गा उदासीनताम्।
जिज्ञासुर्यदि मन्दसोरनगरे वामभ्रुवां विभ्रमान्
वस्तूनां नहि तारतम्यमितरज्ञानं विना ज्ञायते॥ ७०॥*

अर्थ—हे गुणिगण में श्रेष्ठ ! हिंगोर की ग्रामीण स्त्रियों की आकूत (अभिलाष) रहित दृष्टि के प्रति भी तुम किंचित् उदासीन मत हो। यदि जिज्ञासा ही हो तो मन्दसोर की सुन्दर नेत्रोंवाली स्त्रियों के विभ्रम (विलास) देखना। विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को देखे बिना उनके तारतम्य (अन्तर) का ज्ञान नहीं होता॥ ७०॥ अर्थान्तरन्यास अलंकार।

नेतुं रात्रिमथापरामधिवसेस्तन्मन्दसोरं पुरं
काव्योत्तंस ! विभाव्य यत्र युवतीस्त्वं त्वेतदुत्प्रेक्षसे।
काव्यव्यूहकलां प्रदर्श्य कमलां कृष्णो यथा नारदं
जानाम्यद्य तथा विमोहयति मां प्रत्यालयं लक्षिता॥ ७१॥

अर्थ—अगली रात मन्दसोर नगर में बिताना। हे काव्यश्रेष्ठ ! वहाँ की युवतियों को देखकर अपनी काव्यकला दिखाते हुए तुम इस प्रकार उत्प्रेक्षा (कल्पना) करोगे कि कृष्ण (विष्णु) ने जैसे कमला (लक्ष्मी) को दिखा कर नारद को मोहग्रस्त कर दिया था वैसे ही यहाँ के प्रत्येक घर में दिखने वाली कमला मुझे विमोहित कर रही है॥ ७१॥ उत्प्रेक्षा अलंकार।

यस्मिन् काचन तैलिकस्य तरुणीं स्नेहं निजं दर्शय-
न्त्येव क्रेतुमुपागतं युवजनं क्रीणात्यहो प्रत्युत।
मास्मिन् काव्यकुतूहलैरुपचितेऽप्येवं विधैः कोटिशो
वासं रोचय मित्र ! कार्यनिहितान् नैकैकरात्राधिकम्॥ ७२॥

* प्रति में ६९ वाँ संख्यांकित पद्य नहीं है।

अर्थ—वहाँ की कोई तेलिन अपना स्नेह (तेल) दिखाती हुई किसी युवा ग्राहक को तुरन्त खरीद लेती है। ऐसे अनेक काव्यकुतूहल तुम्हारे मन में उठेंगे परन्तु अपने मित्र के कार्य में लगे हुये तुम कहीं भी एक-एक रात्रि से अधिक समय मत बिताना ॥ ७३ ॥ श्लेष अलंकार।

नेतुं यामवतीं ततो लषमढीग्रामं समासादयन्
विश्रामं हृदि कामयस्व रसिकग्रामैककामप्रद !
यातस्त्वं वडलीं मलीमसमनोऽलीकार्थसम्भावना
सम्पत्तिप्रथमानविक्रमपुरो माऽतिक्रमेथाः पथम् ॥ ७४ ॥

अर्थ—हे रसिकजनों को अभीष्ट रस प्रदान करने वाले ! वहाँ से दूसरी रात्रि बिताने को लषमढी ग्राम पहुँच कर विश्राम करने का मन बनाना। वहाँ से किसी अप्रिय संभावना के कारण मैला मन लिए वडली ग्राम जाना पर बीच में बढ़ती हुई सम्पत्ति वाले विक्रमपुर को रास्ते में मत छोड़ना ॥ ७४ ॥

नीत्वा तत्र निशीथिनीमथ पुनः प्रातः प्रयातः पथं
भ्रातर्नेष्यसि गोचरं निजदृशोर्ग्रामं शतस्कम्भकम्।
यामे यामवतीमतीत्य चरमे लब्धप्रबोधो गुण-
ग्रामे दत्तमना मनाग् भव पुरारातेः प्रभातावधि ॥७५ ॥

अर्थ—हे भाई ! वहाँ रात बिताकर प्रातःकाल में फिर रास्ता पकड़ना और शतस्कम्भक (सौखम्भा ?) ग्राम को देखना; वहाँ रात्रि के पिछले पहर में जगकर प्रभात होने तक भगवान् पुराराति (शिव) का मन लगाकर गुणगान करना ॥ ७५ ॥

पश्चान्मार्गमुपागतस्य रसनासौभाग्यसंपत्प्रद-
स्यादग्रे तव मित्र ! चित्रचरितश्चित्राभिधानो गिरिः।
लोकेऽनेकचमत्कृतिप्रणयिनोः न त्वादृशोऽन्यो यद-
प्यारादेनमुदीक्ष्य चेतसि चमत्कारं तदप्येष्यसि ॥ ७६ ॥

अर्थ—मित्र ! रास्ता चलने पर, वाणी को सौभाग्य सम्पत्ति देने वाले तुम्हारे सामने विचित्र चरित्रों वाला चित्रनामक (चित्तौड़) गिरि आवेगा;

यद्यपि अनेक चमत्कारों को रचने वाला तुम्हारे समान दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है फिर भी उसको देखकर तुम्हारा चित्त तुरंत ही चमत्कृत हो उठेगा ॥७६ ॥

तत्पार्श्वे विचरन् खुमानकुलभूराणाभिधानाङ्कित-
क्ष्मापालोद्भटभृत्यविक्रमकथां तत्रत्यवक्त्रोद्गतान्।
श्रावं श्रावमथानुभावमुररीकुर्वन् रसस्यात्मनि
त्वं रोमाञ्चमुरीकरिष्यसि तनावक्ष्णोश्च वाष्पायितम्॥ ७७॥

अर्थ—उस दुर्ग के आस-पास घूमते हुये वहाँ के लोगों के मुखों से खुमान के वंशज राणा उपाधिधारी उद्भट राजाओं और उनके सैनिकों के विक्रम की कथायें सुनते और समझते हुये तथा अपने हृदय में उनका रस ग्रहण करते हुये तुम्हारे शरीर में रोमाञ्च और आँखों में आँसू भर आवेंगे ॥ ७७ ॥

रात्रिं तां तदुपत्यकामधिवसन् नीत्वाऽथ बूढाऽभिधं
ग्रामं प्राप्य नयेर्निशामिह पुरं यायाः परस्मिन् दिने।
प्रत्यूषे पुनरेत्य वर्त्म शनकैः सार्थे निजे गच्छता
कर्तव्या वनहट्टनामनगरे मित्र ! त्वयावस्थितिः ॥७८ ॥

अर्थ—उस घाटी में रहते हुये वहाँ रात्रि बिताकर दूसरे दिन बूढा नामक ग्राम में जाना और वहाँ रात को रह कर प्रातः काल अपने सहयात्रियों के साथ धीरे-धीरे चलते हुए हे मित्र ! वनहट्टनामक (बनेडा ?) नगर में जाकर ठहरना ॥ ७८ ॥

यस्मिन् कार्मणकर्मसु[1] प्रतिगृहं ख्यातिं वृथाकुर्वते
कुर्वाणाः स्ववशंवदं जगदहो वामभ्रुवां विभ्रमाः।
यस्मिन् किञ्च करोति काचन चमत्कारैर्दृशो योगिनो-
ऽप्यात्मानन्दसुखाद्विधाय विमुखान् कन्दर्पदुःखोन्मुखान्॥ ७९ ॥

अर्थ—जिस वनहट्टा नगर के कार्मण (जादू टोना) की ख्याति को

1. ओषध्यादिमूलकं यत् त्रासनोच्चाटनस्तम्भनवशीकरणादि कर्म तत्। (हला.)

व्यर्थ करने वाले प्रत्येक घर में सुन्दर नेत्रों वाली स्त्रियाँ जगत को (सहज ही में) अपने वश में कर लेती हैं; वहाँ कोई भी स्त्री अपनी आँखों के चमत्कार से योगियों को भी आत्मानन्द से विमुख करके काम-वेदना के लिए उन्मुख बना देती है ॥ ७९ ॥

पुष्पग्राममथ प्रयाति भवता यातेन तस्मिन् महा-
नामोदोऽपि निधास्यते सहृदयैर्यद्येष पान्थैर्युतः ।
काव्यग्राम ! जनेषु तेष्वितरथा व्यक्तिं गतेन त्वया
जातौदास्यतया रसे व्यपगते दुर्वासना धास्यते ॥ ८० ॥

अर्थ—यदि सहृदय यात्रियों का साथ हुआ तो हे काव्यग्राम ! तुमको पुष्पग्राम (फूलपुर) के मार्ग में बहुत आनन्द प्राप्त होगा; साथ के लोगों के बिना (अकेले) जाने से उदासी आ जायगी, रसभंग हो जायगा और फिर दुर्वासना पकड़ लेगी ॥ ८० ॥

समुच्चय अलंकार ।

स्मारं स्मारमथापरत्रदिवसे शम्भोः पदाम्भोरुहं
मार्गं यापय यापयेश्च रजनीं त्वं टेकड़ी-नामनि ।
ग्रामे यत्र विलोकनैः पृथुदृशो धीरैरधीराण्यहो !
कुर्वन्त्यो जनमानसानि वितथान्नैयायकान् कुर्वते ॥ ८१ ॥

अर्थ—दूसरे दिन तुम धीरे-धीरे भगवान् शम्भु के चरणकमलों का ध्यान करते हुए मार्ग पर चलना और फिर टेकडी नामक गाँव में जाकर रात बिताना । वहाँ की बडे-बड़े नेत्रों वाली स्त्रियाँ धीरविलोकनों (मन्द चितवनों) से धैर्यवान् लोगों के मन को भी अधीर (विचलित) करती हुई नैयायकों के मत को भी झुंठला देती हैं ॥ ८१ ॥

पश्चान्मालपुरं प्रयाहि विपणौ क्रीणंति विक्रीणते
पण्यानि प्रियमित्र ! यत्र मिलिता दिग्भ्यो विदिग्भ्यो जनाः ।
नेतुं तत्र निशां प्रतिश्रयकृते त्वं (तत्) प्रार्थयेर्गृहं
कस्माच्चिद्गृहिणो विनाश्रयमवस्थातुं न युक्तं पुरे ॥८२ ॥

अर्थ—फिर, हे प्रिय मित्र ! मालपुरा जाना जहाँ देश-विदेश से आकर मिलने वाले लोग बाजार में माल बेचते और खरीदते हैं, वहाँ रात्रि में विश्रामस्थान के लिए किसी गृहस्थी से प्रार्थना करना क्योंकि नगर में आश्रय के बिना ठहरना उचित नहीं है ॥ ८२ ॥ काव्यलिंग अलंकार।

फागोईविहितस्थितिर्नय निशामेकां प्रयातस्ततः
साँगानेरपुरं पुरः पुरवधूस्ताँस्त्वं पुरा पश्यसि।
यासां लोलविलोचनाञ्चलचमत्कारप्रकारान्नवा-
नादातुं कृतमानसेव कमला नैतन्मनाङ् मुह्यति ॥ ८३ ॥

अर्थ—वहाँ से चलकर फागोई (फागी) में ठहर कर एक रात बिताना और वहाँ से सांगानेरपुर के लिए प्रस्थान करना जहाँ तुमको सामने ही पुरवधुएँ (मिलेंगी) जिनके चंचल नेत्र-प्रान्तों से देखने के चमत्कारपूर्ण नये-नये प्रकारों को ग्रहण करने के लिए कमला (लक्ष्मी) भी चंचल होकर एक बार तो मोहित हो जाती है ॥ ८३ ॥

एतस्मिन्नगरे तव प्रियसखे ! कौतूहलालोकनं
कुर्वाणस्य दृशोरवाप्स्यति पथं मालाकृतः कामिनी।
विच्छायीकृतवत्यपि स्मितरुचिर्मूल्यं तु माल्योत्करे
यस्या वर्द्धयतेऽस्य मूल्यकरणे क्रेतैव (वि) क्रीयते ॥ ८४ ॥

अर्थ—प्रिय मित्र ! इस नगर (साँगानेर) में कौतुकों का अवलोकन करते हुये तुमको (कोई) मालाकार (माली) की स्त्री दिखाई पड़ेगी। उसकी मुस्कुराहट से अपेक्षाकृत कम चमक हो जाने पर भी उसके गजरों का मूल्य बढ़ जाता है और मोलतोल करने वाला खरीददार स्वयं उसके हाथों बिक जाता है ॥ ८४ ॥ परिकरांकुर अलंकार।

अस्मिन् रंगकृतां कुरंगनयना रागस्य पूर्तिं परां
रेखामात्रविभावितेष्वति वयस्[1]चातन्वते सर्वतः।
किन्त्वेताभि रूपायितानि वसने निर्यान्ति तस्मात् कथं
यन्निर्यान्ति न पश्यतामपि नृणां चित्राणि चित्तादपि ॥ ८५ ॥

---

1. वयो विहायो विहगो विहङ्ग- (हला. २३७); ततः स्वच्छन्दतोऽन्यानि वयांसि वयसोऽसृजन् विष्णुपुराणे ५८८

अर्थ—इस नगर में रंगरेजों की मृगनयनी स्त्रियाँ अतिसूक्ष्म (रेखांकित) वस्त्रों पर सब प्रकार के (रंगो) से पक्षियों आदि के रूप बना देती हैं, किन्तु इनके द्वारा सर्वत्र रूपायित चित्र कपड़े पर से कैसे मिट सकते हैं जब कि इनको देखने वालों के चित्तों से इन्हीं के चित्र दूर नहीं हो सकते ? ॥८५ ॥

नीत्वाऽस्मिन्नगरे निरामयपथं प्राप्य त्वमासादयन्
आम्बेरीं समयापुरीमुपवनं मार्गश्रमं यापयेः ।
तद्राजीवमरन्दशीलितजलक्रीडाक्लमादेव किं
मन्दं मन्दमुपागतः प्रियसखे ! सेविष्यते त्वां मरुत् ॥ ८६ ॥

अर्थ—इस नगर में समय बिताकर तुम उत्सवपुरी (समया = देवी की पुरी) आम्बेरी नगरी के निरामय मार्ग को पकड़ लेना और उसके उपवन में अपने मार्गश्रम को दूर करना। प्रिय मित्र ! वहाँ ठण्डे जल में कमलों की क्रीडा से धीरे-धीरे बहता हुआ और श्रम दूर करता हुआ शीतल पवन तुम्हारा स्वागत करेगा ॥ ८६ ॥

मूले श्यामलतां दधन्त्यरुणतामन्यत्र तत्र त्वया
पालाशानि विलोक्य चेतसि सखे ! तर्कोऽयमाधास्यते ।
मालिन्यं गमितानि हंत हृदयान्यध्यास्य यूनामसौ
मन्ये मन्मथपार्थिवस्य जयति प्रौढ़ः प्रतापानलः ॥८७ ॥

अर्थ—वहाँ (उस बाग में) मूल में श्यामलता लिए हुए और अन्यत्र लालिमा धारण किए पलाशों को देखकर हे मित्र ! तुम्हारे मन में यह तर्क (कल्पना) उठेगा कि युवकों के हृदयों में बैठे मालिन्य पर यह राजा कामदेव के प्रौढ प्रताप की प्रचण्डाग्नि प्रज्ज्वलित हो रही है ॥ ८७ ॥

उत्प्रेक्षा अलंकार ।

त्वादृग्भ्यो ददतीमतीवकुतुकं भ्रातस्त्वमालोकये-
रेतस्मिन् सहकारपादपवनीं पाण्डुं विकाशोदयात् ।
यामेनामवलोक्य दृग्विषमिवानङ्गेन संसाधितं
पाण्डुत्वं वपुषि प्रयान्ति परितो विश्लेषभाजो जनाः ॥ ८८ ॥

अर्थ—हे भाई ! उस बाग में तुम जैसे लोगों में कौतुक उत्पन्न करने वाली आम के वृक्षों की वनी (अमराई) देखोगे, जहाँ पक जाने के कारण आम पीले हो गये हैं। आँखों को विष सा लगने वाले उस पीलेपन को कामदेव द्वारा अपने शरीर में धारण कर लेने के कारण वियोगीजन उन वृक्षों के आसपास एकत्र हो जाते हैं॥ ८८॥

एतस्मिन् मधुलुण्ठनोत्सवरसः पुष्पोत्करैः पूर्यते
भिल्लभ्रान्तिदमेचकच्छविजुषां पुष्पंधयानां परः।
चीत्कारानिव दूरतोऽपि विरुतान्याकर्ण्य येषां सखे !
पान्थास्तत्क्षणवेपमानतनवो विन्दन्ति भीतिं पराम्॥ ८९॥

अर्थ—उन वृक्षों में पुष्प- समूहों से मधु लूटने के उत्सव रस की पूर्ति भीलों की भ्रान्ति उत्पन्न करने वाले काली कान्तिधारी भ्रमरों से होती है जिनकी भिन-भिनाहट को चीत्कार समझ कर राहगीर दूर पर ही डर से काँप उठते हैं॥ ८९॥

भ्रान्तिमान अलंकार।

विश्वव्यापकमाकलय्य यमहो वेश्मादिकं वर्ण्यते
यद्भक्तोऽयमितीव कच्छपकुलोत्तंसस्त्वया स्तूयते।
आम्बेरीं नगरीं ततः प्रविशता तस्य त्रिलोकीपते-
गौरीशस्य पदारविन्दयुगलं ध्येयं जगन्मङ्गलम्॥ ९०॥

अर्थ—जिसको विश्वव्यापक मानकर (भी) उसके वेश्म (भवन) आदि का वर्णन किया जाता है उसी के परम भक्त कच्छपकुलश्रेष्ठ की प्रशंसा करते हुए आम्बेरी नगरी में प्रवेश करते समय तुमको जगत् का मंगल करने वाले त्रिलोकीपति गौरीशंकर (अम्बिकेश्वर) के चरणयुगलों का ध्यान करना चाहिए॥९०॥

सूक्तोक्तंस ! ततः प्रविश्य नगरीमालोकयेः कौतुकान्
यस्यां सर्वजगद्विभूषणपदं दिव्यैर्गतायां गुणै-
रुच्चैः स्थानमथ स्थितिं वितनुते यस्याः सकाशाद्दिवो
निन्दां ब्राह्मणशब्द एति हि महा- शब्दात्पुरोऽवस्थितः॥ ९१॥

अर्थ—हे सूक्तोत्तम ! फिर उस नगरी में प्रवेश करके (तरह-तरह के) कौतुक देखना, जिसने सब प्रकार के दिव्य गुणों के कारण सर्वजगद्विभूषण पद प्राप्त किया और इसी से स्वर्ग उस निन्दा को प्राप्त हुआ जो ब्राह्मण के पूर्व महा शब्द लगने से होती है[१] ॥९१ ॥ परिकर अलंकार ।

यस्यां सूक्तमणे ! दिनेश्वररथः सौधाग्रपार्श्वे व्रजन्
तत्केतुव्यतिषङ्गतः क्षणम (प्युपा) स्ते द्विकेतुश्रियम् ।
किं ब्रूमोऽधिकं भट्टभित्तिलिखितानालोक्य दन्तावलाँ-
स्त्रस्यन्तः परिखेदयन्ति तुरगा नागान्तकस्याग्रजम्[२] ॥ ९२ ॥

अर्थ—हे सूक्तमणि ! जब सूर्य का रथ चलता हुआ इस (नगरी) के (उंचे) भवनों के पार्श्व में पहुँचता है तो उन (भवनों) को थोड़ी देर के लिए दो ध्वजाओं वाले होने की शोभा प्राप्त हो जाती है। अधिक क्या कहें ? उस समय पत्थरों से निर्मित भित्तियों पर चित्रित बड़े-बड़े दाँतों वाले हाथियों (नागों) को देखकर डरे हुए (सूर्य- रथ के) घोड़े नागान्तक (गरुड) के बड़े भाई (सूर्य के सारथी) अरुण को भी खिन्न कर देते हैं जो उनको नियंत्रित करने में कठिनाई अनुभव करता है ॥ ९२ ॥ उत्प्रेक्षा अलंकार ।

श्रीकण्ठाङ्घ्रिसरोरुहस्मृतिमिव श्रीरामसिंहप्रभो-
रास्थानीमिव कल्पवल्लिमिव यामासादयन्तोऽर्थिनः ।
वस्तूपाददते मनोरथगतं दुष्प्रापमप्यन्यतः
सैषा सद्विपणिर्विराजतितरां यस्यां वयस्योत्तम ! ॥९३ ॥

अर्थ—हे मित्रवर्य !श्रीकण्ठ (भगवान् शिव) के चरणकमलों की स्मृति और कल्पलता के सदृश श्रीरामसिंह प्रभु की उस निवास-नगरी में पहुँचने वालों को अन्यत्र दुष्प्राप्य मनचाही वस्तुएँ सहज ही प्राप्त हो जाती हैं, ऐसे श्रेष्ठ बाजार वहाँ पर हैं ॥ ९३ ॥ उपमा अलंकार ।

---

1. ब्राह्मण शब्द के पूर्व महा लगने से महाब्राह्मण शब्द बनता है जो मृतक कर्म कराने वाले का वाचक है ।
2. आम्बेर के राज्यध्वज में सप्ताश्व रथ-स्थित सूर्य की आकृति अंकित होती थी । अत जब सूर्य का रथ पास में आता तो उन भवनों पर दो ध्वज दिखाई देते थे ।"अरुणो गरुडाग्रज": इत्यमरः

यस्यामापणपंक्तिषु प्रथितान् रत्नोत्करान् पश्यतो-
ऽवश्यं सूक्तमणे ! तवेति मनसि स्फूर्तिस्तदोदेष्यति।
प्रस्थाप्य प्रभुपत्तनं प्रतिपथो रत्नाकरादाहृतं
द्रव्यं कूर्मकुलप्रदीपयशसा जेतुं पुरः प्रस्थितम्॥ ९४॥

अर्थ—हे सूक्तमणि ! उस (नगरी) की पंक्तिबद्ध हाटों में फैले हुए रत्नों के ढेर देखकर अवश्य ही तुम्हारे मन में यह बात (कल्पना) स्फुरित होगी कि विपथगामी रत्नाकर (समुद्र) से हरण किए हुए द्रव्य को प्रभुपत्तन (राजधानी) में स्थापित करके कूर्मकुलप्रदीप (रामसिंह) के यश ने आगे विजय-प्रस्थान किया है॥ ९४॥

निर्यान्तः प्रतिसौधशृङ्गखचिताद्रत्नोत्करान्मण्डली-
भूय व्योमनि भानवो विदधते यस्या वितानं महत्।
यस्यान्तः प्रतियामिनि प्रियसखे ! मुक्ताफलानामिव
प्रोतानां प्रकटीकरोति परितः शोभामुडूनां गणः॥ ९५॥

अर्थ—उस नगरी में प्रत्येक भवन के शिखर पर जड़े हुए रत्नों की किरणें मण्डलाकार होकर आकाश में वितान बनाती हैं और प्रत्येक रात्रि में तारागण भवनों में पिरोये हुए मुक्ताफलों (मोतियों) की शोभा प्रकट करते हैं॥ ९५॥

योऽसावुन्नतभित्तिविभ्रमवशादस्यां श्रियो वेश्मनां
प्राकारः प्रकटीकरोति कवितालङ्कार ! लीलायितः।
तेनोत्तम्भनकारिणोपरितनागारस्य नाके रतिं
तन्वानेन पिधीयते खलु मुखं दुस्तर्कभाजां नृणाम्॥ ९६॥

अर्थ—हे कवितालङ्कार ! इस नगरी के उन्नत भवनों की ऊंची-ऊंची दीवारों के विभ्रम से लीलायुक्त शोभा प्रकट होती है, उन (परकोटों) के द्वारा स्वर्ग में आवास की अभिलाषा करने वाले लोगों के लचर तर्कों का मुँह बन्द हो जाता है॥ ९६॥

श्यामोद्यानमथावलोकयितुमुत्कण्ठते चेन्मानसं
तद्द्वारान्तिकदेशमागतवतः काव्यान्वयेन्दो ! तव।
मध्ये तस्य तदा प्रविश्य कुतुकान्यालोकयेथा यथा-
कामं चैत्ररथावलोकनमपि प्राप्तं ततो मंस्यते॥ ९७॥

अर्थ—यदि श्यामबाग[1] देखने की तुम्हारे मन में उत्कण्ठा हो तो हे कविकुलचन्द्रमा ! तुम उसके द्वार पर पहुँचना और अन्दर जाकर कौतुक देखना; तुमको लगेगा कि वहाँ चैत्ररथ (वसंत) का भी इच्छानुसार अवलोकन करने का अवसर तुमको मिल गया है ॥ ९७ ॥

सौन्दर्यस्य तथाविधं विलसितं तादृक्कलाकौशलं
यस्मिन् रामजनीजनस्य भवताऽलोक्येदमामंस्यते।
एतन्नन्दनमेव नूनमितरन्नोद्यानमेतद् यतः
स्वर्वेश्या अपि वानिमेषनयना दृश्यन्त एते सुराः ॥ ९८ ॥

अर्थ—वहाँ उन रामजनियों (नर्तकियों) के सौन्दर्य का वह विलास और कला कौशल देखकर तुम मानोगे कि यह तो उद्यान नहीं, दूसरा नन्दन वन ही है जहाँ स्वर्वेश्याओं (अप्सराओं) को अनिमेष देखते हुए ये देवता दिखायी देते हैं ॥ ९८ ॥ अपह्नुति अलंकार

मीमांसापरिशीलनैककुशलैर्वेदान्तविज्ञैस्त्रयी-
मग्ग्रैर्न्यायविचारचारुमतिभिः पातञ्जलेऽधीतिभिः।
सांख्ये दक्षातनैः कणादभणितिप्रोष्ठैः परीक्षाकृते
भूदेवैर्मुखरीकृते व्रज ततो वीरेश्वरस्यालये ॥ ९९ ॥

अर्थ—तदनन्तर मीमांसा के परिशीलन में अत्यन्त कुशल, वेदान्त के विशिष्ट ज्ञाता, वेदत्रयी के अध्ययन में अग्रणी, न्याय (तर्क) के विचार में अतीव मतिमान्, पातञ्जल (योगसूत्र) के अध्येता, सांख्यशास्त्र में दक्ष और कणाद (वैशेषिक) सूत्रों की व्याख्या में प्रवीण ऐसे परीक्षित (मँजे हुए) ब्राह्मणों के शब्दों से शब्दायमान (श्री) वीरेश्वर (मिश्र) के आवास पर जाना ॥ ९९ ॥

---

1. आमेर से जयपुर मार्ग की घाटी के मुख पर स्थित यह बाग राजा मानसिंह (प्रथम) के एक पुत्र श्यामसिंह के नाम पर लगाया गया था। इसमें परियों (नर्तकियों, रामजनियों) का नृत्य होता था संभवतः इसीलिए यह 'परियों का बाग' कहा जाने लगा। अब भी यही नाम कहा जाता है। सवायी जयसिंह ने १७०९ ई. में यहाँ अपने गुरु रत्नाकर पौण्डरीक से वाजपेय यज्ञ सम्पन्न कराया था। (रामविलास काव्य, परिशिष्ट पृ. ८१, ८२)

स्वाचारेण कनिष्ठतात्त्रिजगतां ज्येष्ठं वसिष्ठं मुनिं
कीर्त्या कैरवकाननं मलिनयन् मत्या गुरुं शिष्यवत्।
चित्तेनाध्रुवयन् ध्रुवं रचयता स्वस्मिन् परां देवतां
श्रीवीरेश्वरमिश्र एष भवतो दृग्गोचरं यास्यति ॥ १०० ॥

अर्थ—अपने आचार से तीनों लोकों में ज्येष्ठ वसिष्ठ मुनि को श्वेत कमलों के वन- को शुभ्र कीर्ति से भी छोटा करके मलिन (फीका) करते हुए, अपनी मति से शिष्य की भाँति गुरु (बृहस्पति) को भी हल्का (मलिन) करते हुए तथा अपने स्थिर चित्त में परा (विद्या) देवता को रचते हुए ध्रुव को भी अध्रुव (अस्थिर) करने वाले श्री वीरेश्वर मिश्र तुमको दिखाई देंगे ॥ १०० ॥ व्यतिरेक अलंकार।

अब्धौ नद्य इवानवद्यचरिते विद्याः समस्ता इमा
यस्मिन्नैक्यमवाप्नुवन्ति विषयान्नानाविधानाश्रिताः।
पक्षच्छेदकृतो हरेरिव कलेर्भीतिं परामागतो
मैनाकाद्रिरिवेश्वरोऽप्यविरतं धत्ते गृहान्तः स्थितिम् ॥ १०१ ॥

अर्थ—विविध विषयों पर आश्रित नाना प्रकार की समस्त विद्याएँ विशुद्ध चरितवाले उनमें (वीरेश्वर मिश्र में) आकर इस प्रकार ऐक्य भाव प्राप्त करती हैं जैसे अनेक नदियाँ समुद्र में विलीन होकर एक हो जाती हैं। पंख काट देने वाले इन्द्र के डर से मैनाक पर्वत की तरह कलि से डरकर स्वयं ईश्वर भी उनके अन्तर्गृह में ही निरन्तर टिके हुए हैं ॥ १०१ ॥

तं नत्वा पुरतस्ततो द्विजवरानानम्य मद्दूततां
तस्याग्रे विनिवेद्य पद्मनृपते ! लब्ध्वा तदाज्ञामथ।
आधीनकृपयोपचारविधया व्याधींश्च योऽपाकरो-
त्येनं मत्सुहृदं विलोकयितुमुद्यच्छेर्जवेनान्वितः ॥ १०२ ॥

अर्थ—पहले सामने ही उनको और फिर उन ब्राह्मणों को नमस्कार करके मेरा दूत होने का अपना परिचय देना। तब हे पद्मनृपति ! उनकी आज्ञा लेकर जल्दी मेरे मित्र (शंकर भट्ट) से मिलने का उद्यम करना जो उनके अधीन होकर, उन्हीं की कृपा से व्याधियों का उपचार करता है ॥१०२ ॥

गत्वा शङ्करभट्टसदनं तदनु त्वं पृच्छ्यमानोऽपि मे
वृत्तान्तं मातिदुर्गतिवशाज्जातां मदीया [मिमां] दशाम्।
लब्धं दुर्भरणं वरं न शरणं मित्रस्य मत्वा सखे !
दैन्यं तादृशमादरक्षयकरं वक्तव्यमग्रे पुरः॥ १०३॥

अर्थ—फिर शङ्करभट्ट के घर जाना परन्तु उसके पूछने पर भी मेरी इस दुर्गतिजनित दशा के विषय में कुछ मत कहना। हे मित्र ! यह मान लेना (चाहिए) कि दुःख से जीवन बिता लेना मित्र की शरण ग्रहण कर लेने से अच्छा होता है। उनके सामने इस तरह दैन्य प्रकट करने से आदर में कमी आती है॥ १०३॥ अर्थान्तरन्यास अलंकार।

भ्रातः ! शङ्करभट्टपार्श्वमुररीकुर्वाणमात्मस्थितिं
तत्र त्वं शिवरामनामकवरं [विप्रं] पुरा पश्यसि।
आवेद्याथ मया शिव (स्य चरणां) भोजप्रसादागतं।
पश्चान्मातुलभागिनेयपुरतः पद्यद्वयं मे पठेः॥ १०४॥

अर्थ—हे भाई ! शङ्करभट्ट के पास मेरी स्थिति को अपने हृदय में ही रखते हुए तुम वहाँ शिवराम नामक श्रेष्ठ ब्राह्मण को देखोगे। मेरे द्वारा भगवान् शिव के चरणकमलों की कृपा से प्राप्त उन मामा-भानजे के सामने मेरे (रचे) ये दो पद्य पढ़ना॥ १०४॥

रोगा यात समानयध्वमपि किं दृश्यध्वमस्तोऽथ मां
हा धिङ्मे सविधं विधाय शनकैः किं राजयक्ष्मा गतः।
इत्थं खेदिनि चित्रगुप्त इति तं केऽप्यब्रुवन्नामया-
श्चैते मृत्युमिवात्र शंकरकृपाजाते ततः प्रेषय॥ १०५

अर्थ—हे रोगो ! जाओ (मृत प्राणियों को) लाओ, क्या मुझे अस्त (निष्प्रभ) हुआ समझते हो ? हा मुझे धिक्कार है कि मेरे पास छोड कर राजयक्ष्मा शीघ्र ही चला गया ? इस प्रकार चित्रगुप्त के खेद करने पर कुछ ने कहा, शंकर (शिव, वैद्य) की कृपा हो जाने से ये अनामय (रोग रहित) हैं अतः इनको वहीं भेज दीजिये। मृत्यु की तरह रोग यहीं रहे॥ १०५॥

त्वां नामान्तरितं वदन्ति कतिचिद् धन्वन्तरिं सुश्रुतं
केऽप्यन्ये चरकं तथाऽत्रिमितरे किं चाग्निवेश्यं परे।
श्रोतव्यं शिवरामनामकमतं तेषामिहोद्भावनं
प्रत्यक्षश्चरितैः कृते तव यशश्चन्द्रे कलङ्कार्पणम्॥ १०६॥

अर्थ—कुछ लोग तुम्हारे दूसरे नाम धन्वन्तरि, सुश्रुत तथा अन्य चरक, अत्रि या अग्निवेश्य बोलकर पुनः कहते हैं कि शिवराम नामक श्रेष्ठ (वैद्य के) मत को भी सुनना चाहिए, वे उनके प्रत्यक्ष चरित्रों में से तुम्हारे यश रूपी चन्द्रमा के लिए (गुणों को) ग्रहण करके कलङ्क मात्र उस (चन्द्रमा) को अर्पण कर देते हैं॥ १०६॥

ताभ्यामस्मदपेक्षया तत उपादिष्टे गृहे रोचये—
र्वासं प्रातरथ प्रबुध्य विहितस्नानोऽम्बिकेशं नमेः।
यं नत्वा न नमत्ययं नरपतीनेतैः पुनर्नम्यतेऽ-
र्चित्वा यं त्रिदशान्न चार्चति परानेषोऽर्च्यते तैः पुनः॥ १०७॥

अर्थ—मेरी अपेक्षा से उन दोनों के द्वारा बताये हुए घर में ठहर कर प्रातःकाल जागकर और स्नान करके श्री अम्बिकेश्वर (महादेव) को नमस्कार करना। जो उनको नमस्कार करता है वह राजाओं को नमस्कार नहीं करता अपितु वही उन (राजाओं) के द्वारा नमस्कृत होता है; इन (अम्बिकेश्वर) की अर्चना करने वाले को अन्य देवताओं की अर्चना नहीं करनी पड़ती अपितु वह ही उनसे अर्चित होता है॥ १०७॥

भूयः शङ्करभट्टमेत्य कथयेर्युष्मद् प्रभोः संसदं
नेयोऽहं स च नेष्यतेऽत्र च गतस्तेन त्वामाचोदितः।
भ्रातः श्रीजयसिंहभूपपुरतो ब्रूया ममाशीर्वचः
पश्चात् पद्ययुगं पठेरवसरं विज्ञाय विज्ञोत्तम!॥ १०८॥

अर्थ—शङ्कर भट्ट के घर पुनः जाकर उस से कहना कि 'तुम्हारे स्वामी (राजा) की सभा में मुझे ले चलो'। इस तरह कहने पर वह तुमको वहाँ ले जायेगा। हे भाई ! श्रीजयसिंह राजा के सामने मेरा आशीर्वचन कहना और अवसर देखकर, हे विज्ञोत्तम ! ये दो पद्य पढ़ना॥ १०८॥

त्वत्प्रोद्दामतमप्रतापहुतभुग् ज्वालाभिरुत्तापना-
दुत्केनेन तदाऽशु दुग्धनिधिना संप्लावितं स्याज्जगत्।
वीरश्रीजयसिंह भूपतिलक ! त्वद्वैरिवामभ्रुवां
वाष्पौघैर्न समेति सन्ततमसौ चेत्सांत्वनां सर्वतः॥ १०९॥

अर्थ—हे राजाओं के तिलक, वीर श्री जयसिंह ! आपकी अत्यन्त प्रचण्ड प्रतापाग्नि की ज्वालाओं से उत्तप्त होकर उफनते हुए क्षीर-समुद्र से समस्त संसार आप्लावित हो रहा है। यह आपके शत्रुओं की सुन्दर स्त्रियों के निरन्तर बहते आँसुओं से भी पूरी तरह शान्त नहीं होता॥ १०९॥

अतिशयोक्ति; विशेषोक्ति।

ना विष्णुः पृथिवीपतिः स्मृतिरिति ब्रूते न तन्मे मतं
वीर श्रीजयसिंह ! येन युवयोर्भेदो महान् दृश्यते।
भिक्षुभ्यो निरपेक्षमेव तृणवद्येषा त्वयोत्सृज्यते
तामेनां रहयत्यहो न हृदयाल्लक्ष्मीं मनागप्यसौ॥ ११०॥

अर्थ—हे वीर श्री जयसिंह ! विष्णु पृथ्वीपति नहीं हैं, ऐसा शास्त्र ठीक ही कहते हैं, यह मेरा मत नहीं है (मैं नहीं कहता हूं) आप दोनों का महान् अन्तर तो स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जिस लक्ष्मी को आप निरपेक्ष भाव से तृणवत् भिक्षुकों के लिए त्याग देते हो उसी को विष्णु अपने हृदय से थोड़ी देर के लिए भी दूर नहीं होने देते॥ ११०॥

तत्र प्रात्याह्निकप्रणामविधिनाऽनीतं नृपस्यान्तिकेऽ-
वस्थानं विदधानमानतदृशं श्रीरामसिंहं सखे !
आलोक्यात्र तु न प्रयोजनमिदं किञ्चित्प्रकाश्यं त्वया
शोभां स्वामपि संसदं समयतां तावत्प्रतीक्षां कुरु॥ १११॥

अर्थ—वहाँ नित्य की प्रणाम- विधि को सम्पन्न करने आकर राजा के समीप ही नीची आँखें किये बैठे हुए श्री रामसिंह को देखकर हे मित्र !अपना कोई प्रयोजन वहाँ प्रकट मत करना। उनकी अपनी सभा की शोभा और सजावट देखने के अवसर की प्रतीक्षा करना॥ १११॥

श्रीवीरेश्वरमिश्रमात्मसदने विद्वत्सभायामथाऽ-
लोकेयाः स परोपकाररसिकस्त्वां सत्वरं नेष्यति।

कौमारीमथ संसदं सहृदयैरध्यासितां सर्वतो
यामासादयता मनोरथकृते नासाद्यतेऽन्या सभा ॥ ११२ ॥

अर्थ—इसके अनन्तर श्रीवीरेश्वर मिश्र को उनके घर जाकर विद्वत्सभा में बैठे देखना। वे परोपकाररसिक तुमको शीघ्र ही राजकुमार की सभा में ले जावेंगे जिसमें सब जगह से आये हुए सहृदयों के मध्य पहुँचकर किसी अन्य सभा में जाने का मन ही नहीं होता ॥ ११२ ॥

वाणीविभ्रमवर्णसंकरतयाऽनर्घ्यत्वमेवोचितं
यस्यामास्तरणेषु किञ्च घटते तेषामधोऽवस्थितिः ।
आश्चर्यं पुनरेतदेव विदुषामप्यक्षियुग्मं परा-
मासक्तिं समुपैति तेष्वपि चमत्कुर्वन्ति चित्तान्यपि ॥ ११३ ॥

अर्थ—वाणी के विभ्रम के कारण वर्णों (अक्षरों) के आश्लिष्ट (घिल मिल) हो जाने से (काव्य) दोष आ ही जाता है (निम्नस्थिति देखी जाती है, नीचा देखना पडता है) यह ठीक है, परन्तु आश्चर्य है कि यहाँ तो (जटित) बिछायत में उन वर्णों- (रंगो) की मिश्रितता में भी विद्वानों की दोनों आँखें अटक कर रह जाती हैं और उनके चित्त भी चमत्कृत हो जाते हैं ॥ ११३ ॥

नानावर्णयुतं वितानमभितो यस्यामुपर्य्यां ततं
भ्रातः कौतुकमातनोति नितरां नेत्रातिथीकुर्वताम् ।
धत्ते यद्विबुधाधिपायुधरुचिं पानीयवद्वर्षति
(नित्यं) यान् बकचातकानभि सदा श्रीरामसिंहे घने ॥ ११४ ॥

अर्थ—उस सभा-मण्डप में आसपास और ऊपर तने हुए अनेक रंगों वाला वितान (सायवान) देखने वालों के लिए कौतुक उत्पन्न करता हैं जो (वितान) इन्द्रधनुष की सी कान्ति को धारण करता है। वहाँ श्री रामसिंह रूपी मेघ बकों और चातकों (श्रेष्ठ और अवर कवियों) के लिए नित्य ही पानी की तरह धन की वर्षा करता है ॥ ११४ ॥ उपमा, रूपक अलंकार।

तैस्तैः सभ्यजनैः श्रिया विलसितैस्तैः [या] सुधर्मोचितां
यामेतां विदधाति यः सुपठितैः सूक्तैः सुधापयिनीम् ।

यश्च त्वामपि तादृशेषु पठनेष्वोत्सुक्यमानेष्यति
भ्रातर्लोचनगोचरी कुरु कविं तं प्राणनाथाभिधम्॥ ११५॥

अर्थ—हे भाई ! बड़े-बड़े सभ्यों (सभासदों) की शोभा से विलसित (इन्द्र की) सुधर्मा के समान उस सभा को सुपठित सूक्तों द्वारा अमृतप्रवाहिनी बना देने वाले और तुम्हारे मन में भी वैसी ही उत्सुकता जगा देने वाले प्राणनाथ[१] (श्रोत्रिय) नामक कवि तुमको दिखाई पड़ेंगे॥ ११५॥

मा नैषीर्गणनाविधावतितरां निष्णातबुद्धिर्ममा-
गण्यानप्यनुवासरं गणनया पारं गुणानित्यहो।
आशंक्यैव यतः प्रतिक्षणमसावीशोगुणानपि स्वाम्-
आधिक्यं हरिजीवनः स इह ते दृग्गोचरं यास्यति॥ ११६॥

अर्थ—तुम वहाँ गुणों की गणना करने में अधिक बुद्धि मत लगाना क्योंकि मेरे गिने हुए गुणों की गणना को भी पीछे छोड़ते हुए अपने गुणों को जो प्रतिक्षण बढ़ा देते हैं ऐसे हरिजीवन[२] (मिश्र) तुमको वहाँ दिखाई पड़ेंगे॥ ११६॥

दारिद्र्यादभयं कुतो न कुरुते या रामसिक्तान्विता
केषां न द्विजराजराजिरुचिरा प्रस्तौति नेत्रोत्सवम्।
अन्तःकर्णपुटान्तरं प्रविशता पीयूषपानोत्सवं
केषामातनुते न गायकगणोद्गीतेन गीतेव या॥ ११७॥

अर्थ—राम (सिंह) के द्वारा सिक्त (सौहृदार्द्रीकृत) वह सभा किसको कहाँ दरिद्रता से अभय प्रदान नहीं करती ? द्विजराजों (श्रेष्ठ ब्राह्मणों) की पंक्ति से मण्डित वह सभा किसके नेत्रों को प्रसन्न नहीं करती ? कर्णपुटों द्वारा अन्तः (करण) में प्रवेश करते हुए गायकगणों द्वारा गाये हुए गीतों की तरह वहाँ किसको अमृतपान का सुख नहीं देते ? आक्षेप अलंकार।

नानावर्णमणिप्रभाभिरभितो विस्तारिणीभिः सखे !
यस्यामास्तरणश्रियं द्विगुणयत् सिंहासनं शोभते।
तेजोराशिमपि त्वदक्षियुगले शैत्यं दधानं भवान्-
एष द्रक्ष्यति कूर्मवंशतिलकं तस्मिन् कृतावस्थितिम्॥ ११८॥

1-2 इनकी अनेक कृतियाँ पोथीखाना, जयपुर में सुरक्षित हैं।

अर्थ—हे मित्र ! चारों ओर नाना रंगों की किरणों को फैलाते हुए आस्तरण (गद्दे) की शोभा को दुगुनी करने वाला सिंहासन वहां शोभित है। उस तेजः पुञ्ज से भी तुम्हारे दोनों नेत्रों को शीतल करते हुये वहाँ बैठे कूर्मवंश-तिलक (रामसिंह) को तुम देखोगे ॥ ११८ ॥

नात्युच्चः कमलेक्षणः कनकजिद्वर्णोत्सवो मांसलो
दोर्भ्यामर्गलगर्वहृत् प्रतिनिधिर्वारांनिधेश्चेतसि।
वक्षःपीठ उरीकृतादररुचिर्भाले विशाले सखे !
शौर्यं श्रीकरणेन शोभयति यः श्रीरामसिंहो युवा॥ ११९ ॥

अर्थ—वह युवा श्रीरामसिंह अधिक लम्बे नहीं हैं, कमल के समान नेत्रों वाले वे मांसल (पुष्ट) शरीर वाले हैं तथा उनका वर्ण सुवर्ण को भी जीतने वाला है; अपनी दोनों भुजाओं से वे अर्गला का भी गर्व हरण करते हैं; उनका विशाल वक्षस्थल, सुहावना तथा कान्तिमान है और उनके बड़े ललाट पर श्री (तिलक) (उनके) शौर्य को प्रकट करती हुई सुशोभित होती है ॥११९ ॥ व्यतिरेक अलंकार।

न्यग्भाग्योऽपि यतो रवेरिव सखे तेजस्विनामुन्नति-
र्यत्र स्कन्द इव प्रकामविपुलो वीरध्वनिः शोभते।
कामस्येव नितान्तसुन्दरतनुर्यस्योपमां विन्दते
यस्यौदार्यमुदीक्ष्य भोजनृपतेः प्रत्येति दानं नृणाम्॥ १२० ॥

अर्थ—हे मित्र ! तेजस्वियों की उन्नति भी उनके सामने इस तरह न्यूनता को प्राप्त होती है जैसे सूर्य के सामने अन्य वस्तुएं फीकी पड़ जाती हैं, उनकी अत्यन्त गम्भीर वीर ध्वनि स्कन्द (स्वामिकार्तिक) की ध्वनि जैसी लगती है, उनके नितान्त सुन्दर शरीर से कामदेव उपमा प्राप्त करता है और उनकी उदारता को देखकर राजा भोज की दानशीलता पर लोगों को विश्वास होता है॥ १२० ॥

कन्दर्पे नकुले नले च निपुणैर्निर्णीतमासीत्पुरा
सौन्दर्यं न ततोऽधिकं श्रुतिपथं प्राप्तस्त्रिलोक्यामपि।

नत्वङ्गाहितरामणीयकगुणं रूपश्रियं तादृशीं
बिभ्राणो यमहो दृशोरपि पथं प्राप्स्यत्यवश्यं तव॥ १२१

अर्थ—पुराने जानकार लोगों ने कामदेव, नकुल और नल में ही सौन्दर्य (की सीमा) का निर्णय किया था कि उनसे अधिक सुन्दरता त्रिलोकी में कहीं भी नहीं सुनी गई। अंगों की रामणीयकता में ही नहीं, रूप और कान्ति के भी तुमको वैसे ही (विशिष्ट) गुण उन (रामसिंह) में अवश्य ही दृष्टिगोचर होंगे॥ १२१ ॥ व्यतिरेक अलंकार।

आयुष्मन् युवराज देहि पुरतो दृष्टिं कृपोल्लासिनीं
त्वामाशीभिरुपास्त एष सुकवेर्दूतायितः सद्गुणः।
इत्युक्ते विदुषामुना त्वयि दृशावेशोऽर्पयिष्यत्यथो
आशीर्वादमुदीरये तदनुमतः पश्चादिदं व्याहरेः॥ १२२॥

अर्थ—जब तुम यह कहोगे कि 'हे आयुष्मान् युवराज ! अपनी कृपा से उल्लसित करने वाली दृष्टि से जरा सामने भी देखिये, यह सुकवि का सद्गुण दूत के रूप में आपके लिए आशीर्वाद लेकर उपस्थित हुआ है तब वह विद्वान् (राजकुमार) तुम्हारी ओर देखेंगे, फिर उनकी अनुमति प्राप्त होने पर तुम यह आशीर्वाद पढना॥ १२२॥

यत्काव्यानि समर्पयन्ति वसुधापीठे सुधामोचिता
प्रज्ञा यस्य वृहस्पतेरपि मतेरुत्कर्षमाकर्षति।
सोऽयं ब्रध्नपुरेऽनभिज्ञनिचिते दारिद्र्यदुर्वासितः।
कृत्वा सम्मुखमन्तरेति वदति त्वां नीलकण्ठः कविः॥ १२३॥

अर्थ—जिसके काव्यों का पृथ्वी तल पर आदर होता है और जिस की स्वर्गोचित प्रज्ञा (प्रतिभा, बुद्धि) वृहस्पति की मति से भी बढ़कर है वही अनभिज्ञों से भरे ब्रध्नपुर (में रहने) वाला कवि नीलकण्ठ दरिद्रता से दुखी होकर अपने अन्तर (हृदय) को आपके सामने खोलकर निवेदन करता है ॥१२३॥
व्यतिरेक अलंकार

कान्ते ! कान्त ! कथं नु दुःखितमनाः संलक्ष्यते साम्प्रतं
न ज्ञातं भवता ? समर्थयति मां यद्रामसिंहो भुवि।

किं सद्भ्यः स ददाति ? हन्त कुरुते तानेष युष्मादृशान्
श्रुत्वा स्मेरमुखः करोतु सततं श्रेयांसि वः श्रीपतिः ॥ १२४ ॥

अर्थ—हे प्रिये !, हाँ प्रिय !, आजकल दुःखी मनवाली सी कैसे दिखाई देती हो ?, क्या आप नहीं जानते कि आजकल पृथ्वी पर रामसिंह मुझे समर्थन दे रहा है ?, क्या वह सज्जनों को (दान में) देकर ?, हाय, वह तो उनको आपके समान नही बना रहा है ?, यह सुनकर मुस्कुराते हुये मुखवाले श्रीपति (विष्णु) आपका कल्याण करें ॥ १२४ ॥

कैलासः कुमुदोत्करोऽभ्रकरटी कर्पूरकूट : कला-
नाथः कुण्डलिनायकः करिरदः कामारिकोपस्तथा ।
त्वत्कीर्तः कलयन्ति कच्छपकुलालङ्कार ! कान्तिं विनाऽ-
कूपाराद्‌दुदकं कुमार कलये कादम्बिनी यत्पुनः ॥ १२५ ॥

अर्थ—कैलास पर्वत, श्वेत कमलों का समूह, ऐरावत, कपूर का ढेर, चन्द्रमा, शेषनाग, हाथीदाँत, कामारि (शिवजी) का कोप (अनल) इन सब कान्ति-हीनों की, हे कच्छपकुलभूषण कुमार ! आपकी कीर्ति के समान कल्पना की जाती है। परन्तु उतनी कान्ति न होने से ही, मैं समझता हूँ कि कादम्बिनी (बदलियाँ) भी समुद्र से बार-बार पानी भरती हैं ॥ १२५ ॥ प्रतीप अलंकार ।

त्वत्कीर्तेस्तुलनाकलङ्ककलना स्थातुं न चन्द्रे दिश-
त्युन्निद्रेष्वपि कैरवेषु मधुपासङ्गेन सा वार्यते ।
कर्पूरे सहते नतो तरलता गङ्गातरङ्गेऽधिकं
कौटिल्यं तव रामसिंह ! रिपुवन्नैति स्थितिं क्वाप्यसौ ॥ १२६ ॥

अर्थ—आपकी कीर्ति की तुलना में कलंक के कारण चन्द्रमा नहीं ठहरता; खिले हुये श्वेत कमलों में भौरों के समूह के कारण वह तुलना निरस्त हो जाती है; कपूर नीचा होने के कारण उपयुक्त नहीं है; गंगा की लहरों में तरलता अधिक है। हे रामसिंह ! आपके शत्रुओं की तरह कौटिल्य (कुटिलता) को कहीं भी टिकाव नहीं मिलता है ॥ १२६ ॥
व्यतिरेक अलंकार ।

कीर्तिन्ते कलयन्ति केऽपि कवयश्चन्द्रेण तुल्यां पुन-
र्नैतत्प्रत्ययमातनोति मनसि श्रीरामसिंह प्रभो !

अस्याग्रे कैरवकुलान्यप्युत्फुल्लभावं [भजन्ते] ततस्-
तान्यस्याः पुरतो यतश्च नियतं गच्छन्ति विच्छायताम्॥ १२७॥

अर्थ—हे श्री रामसिंह प्रभो ! कितने ही कवि आपकी कर्ति की चन्द्रमा के समान कल्पना करते हैं परन्तु (हमारे) मन में इसका विश्वास नहीं होता क्योंकि उस चन्द्रमा के आगे तो श्वेत कमलों के समूह खिल जाते हैं परन्तु इस (कीर्ति) के आगे वे अवश्य ही फीके पड़ जाते हैं॥ १२७॥

इस पद्य में व्यतिरेक अलंकार है।

यो दानावसरेऽर्कमेव तिरयत्यस्मात्तडित्कामुका-
दुत्कर्षः कतरस्तवार्कतनयं कर्णं तिरस्कुर्वतः।
प्रातः प्रावृषि वर्षतः पुनरितो ब्रूमोऽपकर्षं कथं
भूमीभूषण रामसिंह ! भवतः स्वर्णं सदा वर्षतः॥ १२८॥

अर्थ—जब आप दान करते हो तो उस समय बादल कर्ण के पिता सूर्य को ढक लेता है। इस प्रकार बिजली का प्रेमी बादल सूर्य के पुत्र का तिरस्कार करने वाले आपसे उत्कृष्ट कैसे हो सकता हैं ? कर्ण तो केवल प्रातःकाल दान देता था और बादल वर्षा ऋतु में ही बरसता है। हे भूमिभूषण रामसिंह ! आपको इनसे कम कैसे कहें ? क्योंकि आप तो निरंन्तर ही स्वर्ण की वर्षा करते रहते हो अर्थात् आप बादल और सूर्यपुत्र कर्ण दोनों ही से बढकर हैं॥१२८॥ इस पद्य में व्यतिरेक अलंकार है।

अस्मानेष तिरस्करोति तृणवत् ततोऽपि दाने पुन-
र्विख्यातान्यपि सर्वतः क्षितितले वृत्तावदातत्वदोः।
मत्वेदं निशि रामसिंह ! कतिचिन्मुक्ताफलानि ध्रुवं
तारोपाधितिरोहितानि नभसि भ्राम्यन्त्यवज्ञाभयात्॥ १२९॥

अर्थ—हमारे गुण और चमक सर्वत्र विख्यात हैं फिर भी यह राजा यहाँ पृथ्वी पर दान में देकर हमारा तृणवत् तिरस्कार करता है (सम्भवतः) यही सोचकर हे रामसिंह ! निश्चय ही अपमान के भय से ये कुछ मुक्ताफल (मोती) रात को तारों के नाम से आकाश में चढ कर घूम रहे हैं॥ १२९॥
उत्प्रेक्षा अलंकार।

भिक्षुभ्यो निरपेक्षमेव तृणवददतेऽतिमत्तानिभान्
भास्वद्भूधरसन्निभान् दलितमद्दम्भानयं भूतले।
ध्यायन् दानमिति त्वदीयमनिशं मानान्वयेन्दो ! निजां
मानग्लानिमवेत्य पाण्डुरभवत् मन्ये महेन्द्रद्विपः ॥ १३० ॥

अर्थ—मेरे मद के गर्व को दलित करने वाले पर्वताकार अतिमत्तगजों को यह पृथ्वी पर निरपेक्ष भाव से दान में दे डालता है, यों तुम्हारे दान के विषय मे निरन्तर चिन्तन करता हुआ, हे मानकुलचन्द्र ! मैं मानता हूँ कि अपने मान की ग्लानि की आशंका से इन्द्रगज (ऐरावत) सफेद हो (पड़) गया है ॥ १३० ॥ उत्प्रेक्षा अलंकार ॥

वीरोत्तंस ! तव प्रातापदहनः कोऽप्यद्भूतो भासते
सद्यः शाम्यति यस्तृणैर्विनिहितैर्वक्त्रेषु विद्वेषिणाम्।
किन्त्वेतेषु जलैरतिप्रसृमरैर्यः प्रज्वलत्युच्चकै-
र्ज्वालाजालकरालितत्रिभुवनप्रादुर्भवद्वैभवः ॥ १३१ ॥

अर्थ—हे वीरश्रेष्ठ ! आपकी प्रतापाग्नि भी अद्भुत है जो शत्रुओं द्वारा मुँह में तिनके ले लेने पर तो तुरन्त शान्त हो जाती है परन्तु उन्हीं के मुखों से खूब जल बहने पर वह अग्नि प्रचण्ड रूप से जलने लगती है और उसकी ऊंची-ऊंची लपटों से त्रिभुवन में आपका वैभव प्रदीप्त हो उठता है ॥ १३१ ॥ उत्प्रेक्षा अलंकार।

त्रैलोक्ये भवतः प्रतापमहसा रात्रिं दिवं द्योतिते
शीतांशोः क्व कथा तथा रविरहो जातो दिवायं यथा।
न स्यादेव भिदा तदा दिवानिशोर्वीरेन्द्र ! दीप्तिद्रवौ
न स्यातां यदि भास्वदिन्दुसमयस्वाभाविकावश्मसु ॥ १३२ ॥

अर्थ—आपके प्रताप के तेज से त्रैलोक्य रात-दिन प्रकाशित रहता है, पर चन्द्रमा की तो क्या कथा, सूर्य भी दिन में वैसा ही (मन्द) पड़ गया। हे वीरेन्द्र ! यदि सूर्य और चन्द्रमा के प्रकाश से पत्थरों में स्वाभाविक प्रभाव न हो तो इनका भेद ही ज्ञात न हो पावे। उन्मीलित अलंकार।

खड्गक्षुण्णकरीन्द्रदन्तदलयुक् शुण्डाग्रशृंगोल्लसत्
काश्मीरीयरसोपमास्रविसरैरन्योन्यसेकोत्सुकाः।

रक्तप्लावितकृत्तिरक्तवसनाः संमद्वसन्तोत्सवे
त्वत्कीर्तिं जयसिंहनन्दन ! मुहुर्गायन्ति रक्तंधयाः ॥ १३३ ॥

अर्थ—हे जयसिंह के पुत्र ! तलवारों के घाव खाये हुये दो-दो दाँतों वाले, सूँडें ऊंची करके काश्मीर रस (केसर) के रंग की तरह रक्त छिड़क कर एक दूसरे को रंग देने के लिए उत्सुक लाल वस्त्रों जैसे चर्म वाले, दोनों दलों के हाथी वसन्तोत्सव में मतवालों की तरह बार-बार तुम्हारी कीर्ति का गान करते हैं॥ १३३ ॥ उत्प्रेक्षा, उपमा अलंकार।

दास्यत्येव ततो भविष्यति ममाप्यौन्नत्यकृद्वैभवं
ध्यानादेवमहर्दिवं ध्रुवमभूच्चित्ते तु काप्युन्नतिः।
एतद्येन नियोक्तुमुद्यतमिमं दूतं त्वदीयेऽन्तिके
वक्त्राद्यत्र न साध्वसेन वचनं निर्याति राज्ञामभि॥ १३४॥

अर्थ—यह राजकुमार मुझे (धन) देंगे और उससे उन्नति होकर मेरा भी वैभव बढ़ेगा, रात-दिन ऐसा ध्यान करने से ही मेरे चित्त को निश्चय ही बढ़ावा मिला है, इसीलिये आपके पास इस (गुण) दूत को भेजने का उद्यम किया है क्योंकि राजाओं के सामने संभ्रम के कारण मुँह से वचन नहीं निकलते ॥ १३४ ॥ अर्थान्तरन्यास अलंकार

दारिद्र्येण पराभवः क्षितितले मय्येव विस्तार्यते
त्वं दारिद्र्यविदारणैकनिरतः सर्वत्र च श्रूयसे।
राजन्योऽसि वदान्यवर्य भक्तां पाल्योऽस्मि च ब्राह्मणो
मत्वेदं युवराज ! चेतसि निजे यद्युज्यते तत्कुरु॥ १३५॥

अर्थ—दारिद्र्य के कारण पृथ्वी पर मुझ में ही दुर्दशा का विस्तार हो रहा है; सब जगह यही सुना जाता है कि आप दरिद्रता को दूर करने में लगे हुए हैं, आप राजन्य (क्षत्रिय) हो अतः हे दानीश्रेष्ठ ! मैं ब्राह्मण आपके द्वारा पालन करने योग्य हूँ, यह समझ कर हे युवराज ! जैसा उचित समझें वैसा करें॥ १३५ ॥

किञ्चैतत्कुरु येन तावकयशः स्तोत्रं न [चेल्]लज्जते
नायं राजसभासु दुर्गतिवशाद्विच्छायवस्त्रो जनः।

विज्ञानां च यथा यथार्थकवितास्वादादमन्दादरे
चित्ते चारुचमत्कृतिप्रणयिनि प्रीतिः समुन्मीलति॥ १३६॥

अर्थ—किन्तु ऐसा करो कि जिससे (मेरे द्वारा) आपका यह यशः-स्तोत्र लज्जित न हो; दुर्गति के कारण यह जन (मैं) तो राजसभा में मलिन वस्त्र पहन कर उपस्थित होने योग्य भी नहीं हूँ। यथार्थ कविता का आस्वादन करके पूर्ण आदर करने वाले विद्वानों के चित्त में सुन्दर चमत्कार के प्रति प्रीति जागृत होती है॥ १३६॥ अर्थान्तरन्यास अलंकार।

दाता कोऽपि न सम्प्रति क्षितितले ज्ञाता गुणानां न च
प्रायो रिक्तमिवाभवत् क्षितितलं धिग्भाग्यमस्मादृशाम्।
एवं वाद्यहमित्यवाद्यपि महापात्रेण[1] मित्रेण मे
किंस्वित्कर्णपथे तवागतवती कीर्तिः कुमारस्य ते॥ १३७॥

अर्थ—'आज कल पृथ्वी पर न कोई दाता रहा न गुणों का पारखी, हमारे दुर्भाग्य से यह पृथ्वी ऐसे लोगों से सूून्य सी हो गई है।' जब यह बात मैंने अपने मित्र (एक) महापात्र (मंत्री) को कही तब उससे आपकी कीर्ति मेरे कर्णगोचर हुई॥ १३७॥

योऽसौ सम्प्रति साहसाङ्कसमयं प्रत्यक्षयन् लक्ष्यते
ख्यातस्तादृशविक्रमे वितरणे सूक्तावबोधेऽपि च।
तस्माद्वर्णय रामसिंहमयि ! ते चेद्वर्णनेच्छा मन-
स्येतत्क्ष्मातरणेऽत्र काव्यकरणेप्यासीद्वचो हेतुताम्॥१३८॥

अर्थ—यदि वर्णन करने की ही मन में इच्छा है तो वर्तमान में साहसाङ्क (विक्रमादित्य) के समय को प्रत्यक्ष दिखाने वाला और वैसा ही पराक्रमी, दानी तथा सूक्तियों को समझने वाला जो एकमात्र विख्यात है उस रामसिंह का ही वर्णन करो। इसलिए हे पृथ्वी के सूर्य ! उसका यही वचन इस काव्य के रचने और संदेश भेजने का हेतु है॥ १३८॥

रामादेश्चरितं पुरा कविवरैराकर्णितं वर्णितं
प्रत्यक्षं चरितं प्रदर्शितमिदं वर्ण्यं न किञ्चिन् मया।

1. A king's Minister; Apte ; p. 431

लोभे हेतुरिह त्वदीयहृदये चेन्मामको भासते
हानिः काद्भुतवस्तुवर्णनविधौ लुब्धा भवामो वयम्॥ १३९॥

अर्थ—प्राचीन कविवरों ने तो राम आदि का वर्णन सुनकर ही किया है, फिर, जो चरित मैंने अच्छो तरह प्रत्यक्ष देखा है वह मेरे द्वारा वर्णन करने योग्य क्यों नहीं है ? यदि आपको मेरे मन में किसी प्रकार का लोभ दिखाई देता हो तो भी किसी अद्‌भुत वस्तु का वर्णन करने के लिये लुब्ध होने में क्या हानि है ? ॥१३९॥

अत्युक्तौ यदसत्यता वचसि नो जल्पन्ति केचिज्जना-
स्तान् प्रत्येतदहं वदामि यदि ते श्रृण्वन्ति विद्वद्वचः।
किं सत्यं वदत स्वकीयमनसा संभाविते़ऽस्मिन् भवेत्
सत्यं चेत्कविमानसेन किमहो ! युष्माकमागस्कृतम्॥ १४०॥

अर्थ—कुछ लोगों की कल्पना है कि हमारी अत्युक्ति में असत्यता है तो मैं उनसे यह कहता हूँ कि यदि आप विद्वानों की वाणी सुनते हो तो सच सच कहो कि आपके मन की कल्पना से कही बात क्या सत्य ही होती है ? कवि के मानस से (चिन्तन से) कोई बात सत्य के रूप में कही गई है तो उसने आपका क्या अपराध किया ? ॥ १४०॥

यद् ब्रूमो वयमायता रचयितुं युष्माकमेव प्रियं
श्राव्यं दानदयापरैरवहितैर्युष्माभिरेतद् वचः।
(तद् वदता) ऽस्मान् कवीन् किं यदहो देयं भवद्भिः धनं
कल्पान्तावधि वो यशः स्थिरयितुं शक्तानि सूक्तानि वः॥ १४१॥

अर्थ—यदि हम कहें कि जो आपको प्रिय लगे वही रचना करने को हम तैयार हैं तो दान और दया भाव से युक्त होकर आप ध्यान से यह बात सुनें कि, कल्पान्त तक आपके यश को स्थिर करने वाले सूक्त रचने के लिए आप हम कवियों को कितना धन देंगे ? ॥ १४१॥

इति विविधवचोभिश्चेन्मनो यौवराजं
यदि मयि सदयं स्यान्न दयेर्मामिहैत्य।

प्रियसख परिहार्यो नोद्यमो मित्रकार्ये
यदपि भवति सिद्धिः शङ्करस्येच्छयैव॥ १४२॥

अर्थ—इस प्रकार विविध वचन सुनकर भी युवराज का मन मुझ पर सदय न हो तो हे प्रियमित्र ! यहाँ आकर मुझ पर दया मत दिखाना, अपने मित्र के कार्य में उद्यम को नहीं छोड़ना चाहिए यद्यपि सिद्धि तो भगवान् शङ्कर की इच्छा से ही होती है॥ १४२॥

इसमें मलिनी वृत्त है।

इत्येवं नीलकण्ठो निजगुणमनयद् दूततामेव दूत्यं
कृत्वाज्ञां प्राप्य कूर्मान्वयतिलकमणेस्तं सभामानिनाय।
सोऽप्यत्रागत्य प्रार्थ्य स्वगुणमथ कृतार्थो यथासीत्तथान्यान्
कुर्वाणोऽयं कृतार्थान् बुद्धिमत्सु सुचिरं जीवतात् रामसिंहः॥ १४३॥

अर्थ—इस प्रकार नीलकण्ठ ने अपने (कवित्व) गुणको दूत बनाया और आज्ञा देकर कूर्मवंशतिलकमणि (रामसिंह) की सभा में पहुँचाया। वह भी यहाँ आकर और अपने गुणों का बखान करके कृतार्थ हुआ और (आशीर्वाद दिया कि) दूसरों को भी कृतार्थ करता हुआ यह रामसिंह बुद्धिमानों में बहुत समय तक चिरजीवी रहे॥ ४३॥

इस पद्य में स्रग्धरा वृत्त है।

त्रिदिवमपि विजेतुं प्रस्थितात्साहसाङ्काद्-
गतवति विशिखेन्दुक्ष्माधरक्ष्मामितेऽब्दे
नभसि विशदपक्षे पक्षतौ नीलकण्ठोऽ-
गमयत गुणदूतं नाम काव्यं समाप्तिम्॥ १४४॥

कविनीलकण्ठकल्पितं गुणदूताभिधानं काव्यं शिवार्पणमस्तु॥

अर्थ—साहसाङ्क (विक्रमादिव्य) के त्रिलोकी को जीतने के लिए प्रस्थान करने के समय से विशिख (५) इन्दु (१) क्ष्माधर (पर्वत ७) क्ष्मा (पृथ्वी १) अर्थात् १७१५ वर्ष बीतने पर नभसि (भाद्रपद) विशदपक्ष (शुक्ला) पक्षतौ (प्रतिप्रत्तिथि) के दिन नीलकण्ठ ने गुणदूत नामक काव्य को समाप्त किया॥ १४४॥ इस पद्य में मालिनी वृत्त है।

नीलकण्ठकविकल्पित गुणदूतनामक काव्य शिव को अर्पित है।

पद्यानामनुक्रमणिका

अ

अत्यर्थं पृथुलोत्पतन्त्यतितरां यस्याः सकाशात् पयो- १९
अत्युक्तौ यदसत्यता वचसि नो जल्पन्ति केचिज्जना १४०
अब्धौ नद्य इवानवद्यचरिते विद्याः समस्ता इमा १०१
अस्माद्राजपुरात्त्वया प्रचलता मत्कार्यसिद्ध्यै सखे ! ९
अस्मानेष तिरस्करोति तृणवत् तत्रापि दाने पुनः १२९
अस्मिन् रंगकृतां कुरंगनयना रागस्य पूर्तिं परां ८५
अस्मिन् सौचिकसुन्दरी युवजनस्वान्तं पटान्तं तथा ५३

आ

आयुष्मन् युवराज ! देहि पुरतो दृष्टिं कृपोल्लसिनीं १२२
आस्ते यद्यपि पाणिनीयचणता काव्येषु सर्वंकषा २

इ

इति विविधवचोभिश्चेन्मनो यौवराजं १४२
इत्यादीनि वचांसि यत्र नियतं सूक्तावतंस ! त्वया २४
इत्युक्त्वा शितिकण्ठ ! ते नम इति प्रह्वेण वाच्यं त्वया १३
इत्युत्कायतनप्रदक्षिणविधौ प्रक्रम्यमाणे दृशो ४४
इत्येवं नीलकण्ठो निजगुणमनयद् दूततामेव दूत्यं १४३

ई

ईशास्यालयतोऽम्बिकालयमभि प्रस्थातुकामस्त्यजे १५

उ

उत्थाय स्मरणं विधाय शिवयोर्जाते प्रभाते सति ५२
उद्यद्दुग्धसमुद्रफेनधवलं त्वामभ्युपेत्योज्झृतं ३४

ए

एतस्मिन् मधुलुण्ठनोत्सवरसः पुष्पोत्करैः पूर्यते ८९

एतस्मिन्नगरे तव प्रियसखे कौतूहलालोकनं ८४
एषा यद्यपि पादयो: प्रणमतां नि:संशयं पूरय- ४८

क

कन्दर्पे नकुले नले च निपुणैर्निर्णीतमासीत्पुरा १२१
कान्ते ! कान्त ! कथं नु दु:खितमना संलक्ष्यसे साम्प्रतं १२४
किञ्चैतत्कुरु येन तावकयश: स्तोत्रं न चेल्लज्जते १३६
कीर्तिं ते कलयन्ति केऽपि कवयश्चन्द्रेण तुल्यां पुन: १२७
कैलास: कुमुदोत्करोऽभ्रकरटी कर्पूरकूट: कला- १२५
क्रान्त्वा तत्पुरमागमिष्यति भवान् वेशं यदीया गृहा: २९

ख

खड्गक्षुण्णकरीन्द्रदन्तदलयुक् शुण्डाग्रश्रृंङ्गोल्लसत् १३३

ग

गच्छेस्त्वं हसनाभिधानयवनोद्यानेऽथ यत्सौहृदं ३५
गत्वा शङ्करभट्टसदनं तदनु त्वं पृच्छ्यमानोऽपि मे १०३
ग्रामं पिप्पलनामकं प्रियसखे ! प्रात: परेद्यु: पुन: ६९

च

चेत् कैलाशगतातिकौतुकवशान्यालोकितुं ते मन: ६७

छ

छन्नं मन्यमृगीदृशां प्रवहणैरम्बाध्वसंबाधतां ३६

ज

जानाम्येष यथा तथा न विदितं त्वेतत् त्वयाप्यस्ति भो: ५५
जृम्भारम्भणतर्जनीनियमनादास्येऽङ्गुलीवादना- ३०

त

तं नत्वा पुरतस्ततो द्विजवरानानम्य मद्दूततां १०२
तं लक्ष्मीपतिमालक्ष्य नतिभिस्तस्य प्रसादं पुन: १७
तं वीक्ष्य जगत्पतिं विरचयेर्दण्डप्रणमान् बहून् ११

तत्तीरे विहिताह्निकोऽथ रजनीं ग्रामेऽप्यतीत्योषसि ५८
तत्र त्वं न मनागपि प्रकटयेर्माधुर्यमन्तर्गतं ४९
तत्र प्रत्याह्निकप्रणामविधिनाऽनीतं नृपस्यान्तिके १११
तद्भ्रूचापगलद्दृगन्तविशिखैश्चेत् ताडयेन्मन्मथ: ३३
तत्पार्श्वे विचरन् खुमानकुलभूराणाभिधानांकित- ७७
तस्य प्रार्थनया न यद्यपि भवेद् दारिद्र्यदुर्वेदना १४
तापीव स्मरणेन पातकचयोच्छेदं यदङ्गीकरो- ६३
ताभ्यामस्मदपेक्षया तत उपादिष्टे गृहे रोचये १०७
ताश्चेत् त्वां प्रसमीक्ष्य कंचन परीहासं विदध्युस्तदा ३७
तेन ब्रध्नपुरादित: प्रियसखे ! शीघ्रं त्वया गम्यताम् ७
तैस्तै: सभ्यजनै: श्रिया विलसितैस्तैर्या सुधर्मोचितां ११५
त्रिदिवमपि विजेतुं प्रस्थितात् साहसांकात् १४४
त्रैलोक्ये भवत: प्रतापमहसा रात्रिं दिवं द्योतिते १३२
त्वं देपालपुरं तथा गमयितुं मार्गश्रमं रोचये: ६०
त्वत्कण्ठोद्गतकालकूटकिरणैर्गाढान्धकारच्छटा १२
त्वत्प्रोद्दामप्रतापहुतभुग् ज्वालाभिरुत्तापना- १०९
त्वां नामान्तरितं वदन्ति कतिचिद् धन्वन्तरिं सुश्रुतं १०६
त्वादृग्भ्यो ददतमतीव कुतुकं भ्रतस्त्वमालोकये- ८८

द

दवाग्नि यवना: कपाटपिहिते द्वारे तदीये पुन: २७
दाता कोऽपि न क्षितितले ज्ञाता गुणानां न च १३७
दारिद्र्यादभयं कुतो न कुरुते या रामसिक्तान्विता ११७
दारिद्र्येण पराभव: क्षितितले मय्येव विस्तार्यते १३५
दास्यत्येष ततो भविष्यति ममाप्यौन्नत्यकृद्वैभवं १३४
दृष्ट्वाधो पुरकौतुकानि कुतुकात् प्राप्तोऽपि शिप्रापयो- ६६
द्रष्टव्यं जयसिंहनन्दनसदस्तस्मादवश्यं त्वया ५
देव्या: शारदवारिदप्रतिभटं प्रासादमभ्रंलिहं ४०
दैन्यं यत्पुरत: करोति पुरजित् पद्मप्रिय: पद्मभू: ४२

न

नत्वा ते चरणारविन्दयुगलं ध्यात्वात्वदीयं महः ४३
नानावर्णप्रभाभिरभितो विस्तारिणीभिः सखे ! ११८
नानावर्णयुतं वितानमभितो यस्यामुपर्य्यां ततम् ११४
नात्युच्चः कमलेक्षणः कनकजिद्वर्णोत्सवो मांसलः ११९
ना विष्णुः पृथ्वीपतिः स्मृतिरिति ब्रूते न तन्मे मतं ११०
निद्रालस्यमुदस्यताथ गमनव्यापारमभ्यस्यता ५४
निर्यान्तः प्रतिसौधशृंगखचिताद्रत्नोत्करान्मण्डली ९५
नीत्वा तत्र निशीथिनीमथ पुनः प्रातः प्रयाते पथे ७५
नीत्वाऽस्मिन्नगरे निरामयपथं प्राप्य त्वमासादयन् ८६
नेतुं रात्रिमथापरामधिवसेस्तन्मन्दसोरं पुरं ७१
नेतुं यामवतीं ततो लषमढीग्रामं समासादयन् ७४
न्यग्भावोऽपि यतो रवेरिव सखे तेजस्विनामुन्नति- १२०

प

पत्तिर्भूमिपतिस्तुरंगमसमारूढैः परैरेकोऽप्य- २८
पश्चान्मार्गमुपागतस्य रसनासौभाग्यसंपत्प्रद- ७६
पश्चान्मालपुरं प्रयाहि विपणौ क्रीणंति विक्रीणते ८२
पश्यन्तो निखिलाभिलाषकलनामुच्चार्य पञ्चाक्षरीं ५७
प्रातः स्नानविधिं विधाय सरणिं यातेन याते ततो ५१
प्रातः शंकरभट्टपार्श्वमुररीकुर्वाणमात्मस्थितिं १०४

फ

फागोईविहितस्थितिर्नय निशामेकां प्रयातस्ततः ८३

ब

बन्धो ! काव्य ! वसुंधरापतयो यो यो त्वया वीक्षिता ४

भ

भिक्षुभ्यो निरपेक्षमेव तृणवद्ददतेऽतिमत्तानिमान् १३०
भूयः शंकरभट्टमेत्य कथयेर्युष्मद् प्रभोः संसदं १०८

भ्रातर्यत्र पिशाचमोचनमिति ख्यातिं गतः सर्वतः ६२
भ्रातः सूक्त ! ततः पुरः प्रचलितः पश्येः प्रसूनोत्करान् २०
भ्रातस्त्वां कथयामि किञ्चन मनाक् चित्तेऽवधेहि प्रति ५०
भ्रातः प्रातरितः पुनः प्रचलितः प्राग्जन्मपुण्योच्चये ६१
भ्रातर्भूवलये मयेव भवता भूपप्रसंगोद्यमे ३

म

मा नैषीर्गणनाविधावतितरां निष्णातबुद्धेर्ममा- ११६
मीमांसापरिशीलनैककुशलैर्वेदान्तविज्ञैस्त्रयी- ९९
मूले श्यामलतां दधत्यरुणतामन्यत्र तत्र त्वया ८७

य

यत्काव्यानि समर्पयन्ति वसुधापीठे सुधामोचितां १२३
यत्कीर्तेस्तुलनाकलंक कलना स्थातुं न चन्द्रे दिश १२६
यत्रत्योपवनादुपेत्य पवनः सेविष्यते त्वां पथि ४७
यत्र ब्रध्नपुरात् पुनः प्रचलिताः प्रस्थापनायागतैः ४६
यत्संदर्शनसत्वरैः सुकृतिभिः संबाधतां प्रापिते १०
यद्ब्रूमोवयमायतौ रचयितुं युष्माकमेव प्रियं १४१
यन्निर्बन्धवता त्वया विरचिता कस्याश्चिदोष्टस्तुति ३२
यस्मिन् काचन तैलिकस्य तरुणी स्नेहं निजं दर्शय ७३
यस्मिन् कार्मणकर्मसु प्रतिगृहंवृथा कुर्वते ७९
यस्मिन् मज्जति मानवे सुमनसामीशस्य मन्ये मनः ६४
यस्यां सूक्तमणे ! दिनेश्वररथः सौधाग्रपार्श्वे व्रजन् ९२
यस्यामापणपंक्तिषु प्रविततान् रत्नोत्करान् पश्यतो ९४
यस्या लोचनमम्बुजं विजयते कुन्दानि दन्तावलि- ३१
यानोद्घातसुजातसंभ्रमवशात् सीत्कारि बिम्बाधरं ३८
यो दानावसरेऽर्कमेव तिरयत्यस्मात् तडित्कामुका- १२८
योऽसावुन्नतभित्तिविभ्रमवशादस्यां श्रियो वेश्मनां ९६

योऽसौ सम्प्रति साहसांकसमयं प्रत्यक्षयन् संलक्ष्यते १३८
यः स्पष्टाक्षरमालपत्यतितरां यः पाणिनीये पटुः ८

र

रात्रिं तां तदुपत्यकामधिवसन् नीत्वाऽथ बूढाभिधं ७८
रामादेश्चरितं पुरा कविवरैराकर्णितं वर्णितं १३९
रेखां ब्रध्नपुरावधेरिव नदीं क्रान्त्वा ततोऽल्पीयसीं ४५
रोगा ! यात समानयध्वमपि किं दृश्यध्वमस्तोऽथ मां १०५

व

वाणीविभ्रम ! रामसिंहसदसि प्राप्तप्रतिष्ठस्य ते ६
वाणीविभ्रम ! वर्णसंकरतयाऽनर्घ्यत्वमेवोचितं ११३
विश्वव्यापकमाकलय्य यमहो वेश्मादिकं वर्ण्यते ९०
विष्णोर्वक्रविहारिणोऽथ भवनं गच्छेर्यदीयेऽङ्गणे १६
वीरोत्तंस ! तव प्रतापदहनः कोऽप्यद्भुतो भासते १३१

श

श्रीकण्ठांघ्रिसरोरुहस्मृतिमिव श्रीरामसिंहप्रभो- ९३
श्रीविश्वेशपदारविन्दयुगलध्याने कवित्वाशय- १
श्रीवीरेश्वरमिश्रमात्मसदने विद्वत्सभायमथा- ११२
श्रुत्वा ऽथो बहिरुच्चकैः कलकलं स्वीयादुदन्तं पुनः २६
श्यामोद्यानमथावलोकयितुमुत्कण्ठते चेन्मानसं ९७

स

सत्यं ब्रूहि ननूक्तमेव वपुषि स्यात् ते कशाताडनं २२
सुप्तस्त्वं प्रतिबोधितोऽथ चटकारावैर्भवेदध्वनि ५९
सूक्तोत्तंस ! ततोऽम्बिकानयनयोः सौभाग्यमुद्भावयन् ४१
सूक्तोत्तंस ! ततश्चतुष्पथगतामालोकयेर्दीर्घिकाम् १८
सूक्तोत्तंस ! ततः प्रविश्य नगरीमालोकयेः कौतुकान् ९१
सूक्तोत्तंस ! दृशावकब्बरपुरुदाकृष्य तस्यान्तिके ५६
सेदाह्वैर्यवनैर्गृहं गिरिधरस्यासीदकस्मात् धृतं २५

सौन्दर्यस्य तथाविधं विलसितं तादृक् कलाकौशलम् ९८
स्थानं नागरकस्य पश्य तदनु न्यायादपेतो जनः २१
स्नात्वा तत्र ततस्त्वमर्च्य महाकालं स्थितं सर्वतो ६५
स्मारं स्मारमथापरत्र दिवसे शम्भोः पदाम्भोरुहं ८१
स्वाचारेण कनिष्ठात् त्रिजगतां ज्येष्ठं वसिष्ठं मुनिं १००

ह

हस्ताग्रेण पटावगुण्ठनवता स्पर्शोल्लसत् तत्क्षणं ३९
हा मातः कठिनाः कक्षाः 'हरि हरि' व्याप्तोऽस्मि दुःखैरहं २३
हिंगोरे गुणभाञ्जिमण्डनमणे ! ग्राम्यंगनानामना- ७०